राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात:किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran







10 महाराष्ट्र सरकार को ईंधन पर...

वॉशिंगटन सुंदर भारतीय क्रिकेट... 11



वर्ष : 13 | अंक : 07 | नई दिल्ली, मंगलवार, 24 मई, 2022 | वैशाख शुक्ल, नवमी, विक्रम संवत 2079 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**

अधिकतम तापमान 34.0°C
न्यूनतम तापमान 24.0°C

मौसम विभाग के अनुसार आसमान में बादल छाए रहेंगे, तेज हवा के साथ बारिश के आसार

**पोल**

क्या चीन की विस्तारवादी नीती पर अंकुश लगाना उचित है?

| | |
|---|---|
| हां | 60% |
| नहीं | 30% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

सोना 52,945

चांदी 62,100

सेंसेक्स 54,288

निफ्टी 16,214

# मैं मक्खन पर नहीं, पत्थर पर लकीर खींचता हूं : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

तोक्यो/नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को प्रवासी भारतीयों से कहा कि भारत और जापान नैसर्गिक सहयोगी हैं तथा भारत की विकास यात्रा एवं क्षमता निर्माण में जापान की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही है। तोक्यो में प्रवासी भारतीयों को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा, 'जापान से हमारा रिश्ता सामर्थ्य, सम्मान और विश्व के



लिए साझे संकल्प का है। जापान से हमारा रिश्ता बुद्ध, बोध, ज्ञान, ध्यान का है।' उन्होंने कहा, 'भारत और जापान नैसर्गिक सहयोगी हैं। भारत की विकास यात्रा में जापान की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही है। जापान से हमारा रिश्ता आत्मीयता का है, आध्यात्म का है, सहयोग का है, अपनेपन का है।

**मोदी ने कहा-**

- भारत और जापान स्वाभाविक साझेदार
- पीएम ने कोरोना काल में भारत की भूमिका की तारीफ की
- जलवायु परिवर्तन से तत्परता से निपट रहा है भारत

**जापान को एक अहम भागीदार**

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, भारत के क्षमता निर्माण में जापान को एक अहम भागीदार बताया। उन्होंने कहा कि मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल हो, दिल्ली-मुंबई औद्योगिक गलियारा हो, समर्पित माल गलियारा हो, ये भारत-जापान के सहयोग के बहुत बड़े उदाहरण हैं। भारत ने हमेशा समस्या का समाधान निकाला है, चाहे समस्या कितनी बड़ी क्यों न रही हो। उन्होंने कोरोना महामारी का जिक्र करते हुए कहा कि उस समय अनिश्चितता का महौल था लेकिन उस समय भी भारत ने दुनिया के 100 से अधिक देशों को भी भेजीं।

**मक्खन पर लकीर खींचने में मजा नहीं आता**

पीएम मोदी ने चुनौतियों का जिक्र करते हुए कहा कि मुझे मक्खन पर लकीर खींचने में मजा नहीं आता, मैं पत्थर पर लकीर खींचता हूं। पीएम ने कहा कि इस दशक के अंत तक भारत अपनी कुल पावर क्षमता का 50 प्रतिशत नॉन फॉसिल फ्यूल से पूरा करने का संकल्प लिया है। पीएम ने कहा कि समस्याओं के समाधन को लेकर जो भारतीयों का आत्मविश्वास है जो हर क्षेत्र, हर दिशा, हर कदम पर दिखाई देता है।

# ज्ञानवापी पर सुनवाई पूरी, फैसला आज

## कोर्ट में 45 मिनट तक दलीलें, दोनों पक्ष के वकील व याचिकाकर्ता मौजूद रहे

वाराणसी, प्रात: किरण संवाददाता

उत्तर प्रदेश में ज्ञानवापी मस्जिद का मुद्दा इस समय काफी गरमाया हुआ है। ज्ञानवापी मस्जिद में हुए सर्वे की रिपोर्ट सामने आने के बाद सोमवार को इस मामले की वाराणसी की जिला जज की अदालत में सुनवाई पूरी हो गई है। करीब 45 मिनट तक दोनों पक्षों ने अपनी बातों को रखा और अदालत ने उनकी सुनवाई की। इस दौरान दोनों पक्षों के 19 वकीलों और चार याचिकाकर्ता ही कोर्ट रूम में मौजूद रहे हैं। कोर्ट कमिश्नर रहे अजय मिश्रा को कोर्ट रूम जाने से रोक दिया गया। मंगलवार को फैसला आएगा। सुप्रीम कोर्ट ने पिछले शुक्रवार को मामले की सुनवाई जिला जज को सौंपी थी। इस आदेश की कॉपी शनिवार को जिला जज अजय कुमार विश्वेश की अदालत में पहुंच गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले की सुनवाई जिला जज को 8 सप्ताह में पूरा करने को कहा है।

**ज्ञानवापी में कोई शिवलिंग नहीं : नोमानी**

दूसरी तरफ, अंजुमन इंतजामिया मस्जिद कमिटी के सचिव और मुफ्ती ए बनारस अब्दुल बातिन नोमानी का कहना है कि ज्ञानवापी में सिर्फ और सिर्फ फव्वारा है। मैंने तो कोई शिवलिंग नहीं देखा। उत्तर प्रदेश की पुरानी शाही मस्जिदों में फव्वारा देखने को मिल जाएंगे। बनारस की ही कुल तीन शाही मस्जिदों में फव्वारा लगा हुआ है। हिंदू पक्ष की ओर से दायर मुकदमा उपासना स्थल अधिनियम 1991 के खिलाफ है।



**कोर्ट में इन मुद्दों पर हुई बहस**

वादी पक्ष के विष्णु जैन ने बताया कि प्लेसेज ऑफ वरशिप एक्ट के सेक्शन 3 और 4 पर बहस हुई। आज उसी पर आगे की कार्यवाही होगी। जिला जज ने सभी पक्षों के आवेदन के बारे में जानकारी ली। मुस्लिम पक्ष के सिविल प्रक्रिया संहिता के ऑर्डर 7 रूल 11 (मेंटेनेबिलिटी यानी पोषणीयता) के तहत दाखिल प्रार्थना पत्र के बारे में भी सुना। कमीशन की रिपोर्ट के बारे में भी पता किया।

**पूर्व महंत ने भी दाखिल की याचिका**

काशी विश्वनाथ मंदिर के पूर्व महंत डॉ. कुलपति तिवारी सोमवार को जिला जज की अदालत में याचिका दाखिल करने पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि ज्ञानवापी परिसर में मिले शिवलिंग के स्नान, भोग-राग, शृंगार और पूजापाठ का अधिकार उन्हें दिया जाए। उन्होंने कहा कि हम न्यायिक तरीके से अपने भगवान विश्वेश्वर की पूजा का अधिकार मांगने आए हैं।

## तीन पाकिस्तानी आतंकी गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने बारामूला जिले में एक सरपंच की हत्या में शामिल पाकिस्तान स्थित लश्कर-ए-तैयबा के तीन आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सोमवार को कहा कि गिरफ्तार किये गये आतंकवादी बारामूला जिले में पिछले महीने एक सरपंच की हत्या की साजिश तथा हत्या में कथित रूप से शामिल थे। पुलिस ने कहा कि उन्होंने हत्या के मामले को सुलझा लिया है और तीन 'हाइब्रिड' आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने तीनों की पहचान नूर मोहम्मद यातू, मोहम्मद रफीक पर्रे और आशिक हुसैन पर्रे के रूप में की है जो पाटन के घोषबाग निवासी हैं। बारामूला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रईस मोहम्मद भट ने कहा कि आतंकवादियों से पूछताछ से पता चला है कि उनकी योजना लश्कर के कमांडर यूसुफ कांटू और हिलाल शेख द्वारा तैयार की गई थी, ये दोनों 21 एवं 22 मई को मालवाह मुठभेड़ में मारे गए थे।

# विनय कुमार सक्सेना बने दिल्ली के नए उपराज्यपाल

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

देश की राजधानी दिल्ली को नया राज्यपाल मिल गया। विनय कुमार सक्सेना को केंद्र सरकार ने नया उपराज्यपाल बनाया है। राष्ट्रीय खादी विकास एवं ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष विनय कुमार को यह जिम्मेदारी दी गई है। इससे पहले अनिल बैजल यहां के उपराज्यपाल थे।

भारत सरकार ने अनिल बैजल के इस्तीफे को स्वीकार कर लिया है। इसके बाद अपने आदेश में यह कहा कि अब यहां के अगले उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना होंगे। सोमवार को राष्ट्रपति भवन द्वारा जारी किए गए नोटिस के मुताबिक विनय कुमार सक्सेना उस दिन से दिल्ली के उप-राज्यपाल होंगे जिस दिन से वो पदभार संभालेंगे। गौरतलब है कि 18 मई



को दिल्ली के उप-राज्यपाल अनिल बैजल ने अचानक ही अपने पद से इस्तीफे का ऐलान कर दिया था।

दिल्ली के उप-राज्यपाल पद से इस्तीफा देते हुए उन्होंने कहा था कि वो निजी कारणों से अपने पद से इस्तीफा दे रहे हैं। 1969 बैच के आईएएस अधिकारी रहे अनिल बैजल को साल 2016 में नजीब जंग की जगह दिल्ली के 21वें उपराज्यपाल के तौर पर नियुक्ति मिली थी।

## डब्ल्यूएचओ ने भारत की 10 लाख बहनों को किया सम्मानित

**जिनेवा।** भारत के ग्रामीण क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने और कोरोना काल में महामारी पर लगाम लगाने के अथक प्रयासों के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने रविवार को भारत की 10 लाख महिला आशा कार्यकताओं को सम्मानित किया। ये आशा कार्यकर्ता भारत सरकार से मान्यता प्राप्त हैं और ग्रामीण भारत में स्वास्थ्य सेवा पहुंचाने की प्रथम इकाई हैं। इनमें से अधिकांश ने भारत में महामारी के चरम पर होने के दौरान घर-घर जाकर कोरोना पीड़ितों का पता लगाया। डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक डॉ टेड्रोस अधनोम घेब्रेयेसिस ने वैश्विक स्वास्थ्य सेवाओं में उल्लेखनीय योगदान, क्षेत्रीय स्वास्थ्य मुद्दों के लिए प्रतिबद्धता और शानदार नेतृत्व करने के लिए रविवार को छह पुरस्कारों की घोषणा की। डॉ. टेड्रोस ने ग्लोबल हेल्थ लीडर्स अवाड्र्स के लिए पुरस्कार विजेताओं का फैसला किया।


विस्तृत खबर पृष्ठ 12 पेज पर


## संक्षिप्त खबर

### तीन भाई यमुना में डूबे

आगरा। आगरा की बाह तहसील अंतर्गत तीर्थराज बटेश्वर के दर्शन करने आए चार युवकों में से तीन भाई घाट पर स्नान के दौरान गहरे पानी मे डूब गए। स्थानीय लोगों ने गोताखोरों की मदद से तीनों को बाहर निकाला पर तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। एक युवक पहले ही नहाकर निकल आने के कारण बच गया। घटना की जानकारी पर मौके पर आई पुलिस ने तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर परिजनों को सूचना दे दी गई।

### गंगा में पलटी नाव, छह डूबे, तीन शव बरामद

वाराणसी। वाराणसी में सोमवार को एक बार फिर बड़ा हादसा हो गया। बीच गंगा में नाव पलटने से छह लोग डूब गए। दो लोगों को किसी तरह बचा लिया गया। एनडीआरएफ की मदद से तीन लोगों की लाश बरामद हो गई है। एक की तलाश की जा रही है। प्रभु घाट के ठीक सामने हुए हादसे में नाविक की भी मौत हो गई है। बताया जाता है कि नाविक सहित छह लोग सवार थे। पांच दोस्त फिरोजाबाद के टुंडला से वाराणसी घूमने आए थे। सभी नाविक शनि की नाव पर सवार हुए थे। अचानक नाव डगमगाने लगी और पलट गई। आसपास की नावों पर सवार लोगों ने दो लोगों को बचा लिया।

### सातवीं मंजिल से कूदकर वैज्ञानिक ने दी जान

नई दिल्ली। सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय में कार्यरत एक वैज्ञानिक ने कथित तौर पर सोमवार को मध्य दिल्ली में शास्त्री भवन की सातवीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। इस घटना से वहां हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने लहूलुहान हालत में वैज्ञानिक को अस्पताल पहुंचाया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

# हरियाणा में निकाय चुनावों का बजा डंका

चंडीगढ़, प्रात: किरण संवाददाता

हरियाणा में निकाय चुनाव का बिगुल बज गया है। आठ नगरपालिका और 18 नगर परिषद के लिए 19 जून को मतदान होगा। शहरी निकाय चुनाव की तारीख घोषित होते ही राज्य में चुनाव आचार संहिता लग गई है। 19 जून को सुबह 7 से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। 22 जून को मतगणना होगी। जरूरत हुई तो 21 को पुनर्मतदान होगा। नामांकन 30 मई से 5 जून तक दाखिल किए जाएंगे। नगर निगम फरीदाबाद, नगरपालिका बाढड़ा, सीवन और एक अन्य में अभी चुनाव नहीं होंगे। चुनावों की तिथि की घोषणा सोमवार को राज्य चुनाव आयुक्त धनपत सिंह ने की। चुनाव में महिलाओं के लिए एक तिहाई आरक्षण लागू किया गया है। महिला और एससी

**मतगणना**

- राज्य के 46 शहरों में 'चौधर' की जंग 19 जून को, मतगणना 22 को

के लिए 8वीं शैक्षणिक योग्यता और अन्य उम्मीदवारों के लिए 10वीं पास होना जरूरी है। उम्मीदवारों के लिए खर्च सीमा बढ़ाई गई है। मुख्य सचिव व अन्य अधिकारियों के साथ चुनाव आयुक्त ने बैठक कर आचार संहिता का पालन कराने के निर्देश दिए। प्रदेश में 18 नगर परिषदों में चुनाव होंगे। इनमें गोहाना, होडल, पलवल, सोहना, मंडी डबवाली, चरखी दादरी, झज्जर, जींद, कैथल, हांसी, बहादुरगढ़, नरवाना, टोहाना, नूंह, कालका, नारनौल, फतेहाबाद और भिवानी शामिल हैं।


विस्तृत खबर पृष्ठ 9 पेज पर


## बिहार में सड़क हादसा 8 मजदूरों की मौत

**पूर्णिया।** बिहार में पूर्णिया जिले के जलालगढ़ थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय उच्च पथ (एनएच) संख्या 57 पर पाइप से लदे एक ट्रक के पलटने से दबकर आठ लोगों की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि सोमवार की सुबह एनएच 57 पर जलालगढ़ में काली मंदिर के पास ट्रक पलटने से उसपर लदे लोहे के पाइप के नीचे दबने से आठ मजदूरों की मौत हो गई। सभी मजदूर लोहे के पाइप के ऊपर सोए हुए थे तभी अचानक यह हादसा हुआ। पुलिस के अनुसार, ट्रक अगरतला से जम्मू कश्मीर जा रहा था और उस पर बोरवेल का सामान लगा था। ट्रक की गति काफी तेज थी और संभवतः चालक को झपकी आ गई जिसके कारण वाहन पलट गया। ट्रक पर सवार सभी मजदूर राजस्थान के बताए जाते हैं।

**धमकी** अमेरिकी राष्ट्रपति की चीन को खुली चेतावनी


# ताइवान पर हमला किया तो देंगे जवाब : बाइडन

तोक्यो, एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने सोमवार को कहा कि अगर चीन ताइवान पर हमला करता है तो उनका देश सैन्य हस्तक्षेप करेगा। यह पिछले कुछ दशकों में ताइवान के समर्थन में दिए गए प्रत्यक्ष एवं जोरदार बयानों में से एक है। बाइडन ने कहा कि यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद स्वशासित द्वीप की रक्षा करने का दबाव और भी बढ़ गया है।

उन्होंने कहा कि ताइवान के खिलाफ बल प्रयोग करने का चीन का कदम न केवल अनुचित होगा, बल्कि यह पूरे क्षेत्र को विस्थापित कर देगा और यूक्रेन में की गई कार्रवाई के समान होगा। 'एक चीन' नीति के तहत अमेरिका बीजिंग को चीन सरकार के रूप में मान्यता देता है और उसके ताइवान के साथ कूटनीतिक संबंध





नहीं हैं। बहरहाल, उसका ताइवान से अनौपचारिक संपर्क है। अमेरिका द्वीप की रक्षा के लिए सैन्य उपकरणों की आपूर्ति भी करता है। व्हाइट हाउस का मानना है कि नया हिंद-प्रशांत व्यापार समझौता आपूर्ति शृंखला, डिजिटल व्यापार, स्वच्छ ऊर्जा, कर्मचारी सुरक्षा और भ्रष्टाचार निरोधी प्रयासों सहित विभिन्न मुद्दों पर अमेरिका और एशियाई अर्थव्यवस्थाओं की अधिक निकटता से काम करने में मदद करेगा। एशिया प्रशांत देशों के बीच मजबूत आर्थिक समझौते की बात पहले भी होती रही है। इस पहल के जरिए अमेरिका स्वच्छ ऊर्जा, आधारभूत ढांचागत विकास जैसे साझा हित के मुद्दों पर एशिया के देशों के साथ समझौता करेगा।

**व्यापार समझौते में भारत शामिल, चीन बाहर**

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने चीन के बढ़ते दबदबे पर अंकुश के लिए एशिया पर केंद्रित हिंद प्रशांत व्यापार समझौते का ऐलान किया है। भारत जहां इस समझौते में शामिल शुरूआती 13 देशों में एक है, वहीं चीन को इससे दूर रखा गया है। जापान में क्वाड्रिलेटरल सेक्योरिटी डॉयलाग (क्वॉड) की बैठक में भाग लेने गए बाइडेन ने कहा कि भारत सहित 13 देश इसका हिस्सा होंगे।

इस समझौते का हिस्सा बने देशों में अमेरिका, भारत, जापान, ऑस्ट्रेलिया, ब्रुनेई, इंडोनेशिया, दक्षिण कोरिया, मलेशिया, न्यूजीलैंड, फिलीपींस, सिंगापुर, थाइलैंड और वियतनाम शामिल हैं। बाइडेन ने कहा कि यह समझौता क्षेत्र में हमारे करीबी दोस्तों और भागीदारों के साथ काम करने और आर्थिक प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित करने के लिए सबसे महत्वपूर्ण चुनौतियों के साथ काम करने की प्रतिबद्धता साबित होगा।




राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
नई दिल्ली, मंगलवार, 24 मई 2022

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



## संक्षिप्त खबरें

### बेटे की हत्या के आरोप में मां गिरफ्तार

मखदुमपुर। टेहटा ओपी की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बेटे की हत्या के आरोप में फरार चल रही मां को गिरफ्तार किया है। जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष धीरज कुमार ने बताया कि सन 2017 में टेहटा ओपी क्षेत्र के मलिया बगइचा स्थित प्रमिला देवी के बच्चे की हत्या कर घर के पीछे कुएं में शव फेंक दी गई थी। मामले में टेक्निकल अनुसंधान के बाद बच्चे की हत्या के पीछे मां का ही सरयंत्र सामने आया था, जिसके बाद से लगातार प्रमिला देवी पुलिस से बच बचाकर फरार चल रही थी। वही गुप्त सूचना के आधार पर रविवार की रात प्रमिला देवी की गिरफ्तारी नारायणपुर गांव से पुलिस ने की। गिरफ्तार महिला से पूछताछ के बाद उसे जेल भेज दिया गया।

### राष्ट्रीय तलवारबाजी प्रतियोगिता के लिए तीन प्रतिभागी हुए चयनित

जहानाबाद। राज्य स्तरीय तलवारबाजी प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के बाद मोतिहारी से वापस लौटने पर सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया गया। प्रतियोगिता में कुणाल सिंह आर्य ने रजत पदक, अमित कुमार ने कांस्य पदक और आशीष कुमार ने भी कांस्य पदक पर कब्जा जमाते हुए अपने आप को राष्ट्रीय तलवारबाजी प्रतियोगिता के लिए चयनित किया है। राष्ट्रीय तलवारबाजी प्रतियोगिता जुलाई के तीसरे सप्ताह में दिल्ली में संपन्न होगी, जिसमें जिले के यह तीन बच्चे पूरे बिहार का प्रतिनिधि करेंगे। तलवारबाजी संघ के सचिव अनु शक्ति सिंह ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि जहानाबाद जिले के लिए यह बहुत गौरव की बात है जो तीन प्रतिभागी राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए भाग ले रहे हैं।

### चोरी की मोटरसाइकिल के साथ तीन युवक गिरफ्तार

जहानाबाद। मखदुमपुर थाने की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर मुस्सी गांव में छापेमारी कर चोरी की अपाची गाड़ी के साथ नशे की हालत में तीन युवक को गिरफ्तार किया है। जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष रवि भूषण ने बताया के गुप्त सूचना के आधार पर मस्सी गांव में रवि कुमार के घर पुलिस ने छापेमारी किया, जहां से चोरी की काली रंग की अपाची मोटरसाइकिल के साथ तीनो युवक को गिरफ्तार किया जिसमें दो युवक विवेक कुमार और नीरज कुमार जो गया जिला के बाराचट्टी थाना का रहने वाला है। उन्होंने बताया बताया के पूछताछ के बाद तीनों युवक को जेल भेजा गया।

# ओला कैब से बुक किए गए कार लूटकांड का पुलिस ने किया उद्भेदन

## 24 घंटे के अंदर तीन लूटेरों को किया गिरफ्तारए लूट की कार भी हुई बरामद

जहानाबाद, प्रात : किरण संवाददाता



ओला कैब से बुक किए गए कार लूटकांड का 24 घंटे में उद्भेदन कर लूटे हुए कार के साथ अपराधियों को हथियार के साथ गिरफ्तार करने में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पूरे मामले का उद्भेदन करते हुए पुलिस अधीक्षक दीपक रंजन ने बताया कि दो व्यक्ति पटना के हनुमान मंदिर से एक कार जिसका नंबर बीआरवनपीजे1576 को रिजर्व करते हुए हुलासगंज के लिए चला था।

लेकिन जैसे ही सुकियावां पुल के समीप वे लोग पहुंचे कार पर दो और व्यक्ति सवार हो गए। वे सभी लोग घोसी के कोकरसा गांव के समीप पहुंचे। उन लोगों ने ड्राइवर को मारपीट कर जख्मी कर दिया। साथ ही साथ गाड़ी और उसका मोबाइल लेकर वे लोग भाग खड़े हुए। इधर भागने के क्रम में रघुनाथपुर गांव के समीप कार नहर में पलट गई। सभी अपराधी कार छोड़कर फरार हो गए।

इस घटना की सूचना हुलासगंज थाने की पुलिस को दी गई। मौके पर पुलिस पहुंच कर कार को जप्त कर लिया, लेकिन गाडी के पास किसी व्यक्ति के मौजूद नहीं रहने से पुलिस की शंका बढ़ने लगी। पुलिस ने जब कार की जांच पड़ताल किया तो उसमें कुछ कागजात मिले। जिसके आधार पर पुलिस हुलासंगज से मुरारी कुमार को हिरासत में लेकर सघन पूछताछ शुरू कर दी।

पुलिस के सख्ती के कारण वह अपना गुनाह स्वीकार कर लिया। मुरारी के बयान के आधार पर दरियापुर गांव से केशव कुमार को भी गिरफ्तार किया गया। जिसके पास से हथियार और मोबाइल की बरामदगी हुई।

**गिरफ्तारी**

- आरोपी के पास से देसी कट्टा, रिवाल्वर एवं 315 बोर का जिंदा कारतूस मोटरसाइकिल एवं मोबाइल बरामद

एक अन्य नाबालिग को भी गिरफ्तार किया गया। केशव के पास से एक देसी कट्टा, रिवाल्वर एवं 315 बोर का जिंदा कारतूस मोटरसाइकिल एवं मोबाइल बरामद किया गया। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार लोगों का अपराधिक इतिहास में रहा है। फल्गु नदी से बालू निकासी मामले में हुई मारपीट में भी इन लोगों की संलिप्तता रही है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि लूटी गई कार पटना जिला के नरैना निवासी अखिलेश कुमार है। पटना से ही अखिलेश विभिन्न इलाके के लिए भाड़े पर गाड़ी चलाने का कार्य करता है।

# सांसद ने गिनाई अपनी तीन साल की उपलब्धियां

जहानाबाद, प्रात : किरण संवाददाता

- लोकतंत्र में जनता मालिक, जनप्रतिनिधि सेवक: चंद्रेश्वर

स्थानीय परिसदन में सांसद चंद्रेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी ने प्रेस वार्ता का आयोजन किया। मौका था संसदीय समय का 3 साल पूरा होने का। सांसद ने सबसे पहले 3 साल पूरा होने पर अपने मालिक जनता का शुक्रिया अदा किया। जहानाबाद की समस्त जनता का मौका देने के लिए आभार व्यक्त किया। साथ ही कहा कि लोकतंत्र में जनता ही असली मालिक है। उसके बाद बारी आई कामों की। सांसद चंद्रवंशी ने जब कामों की गिनती कराई तो किए गए कामों की झड़ी लग गई। सबसे पहले सांसद ने 9 करोड़ 6लाख 98 हजार 5 सौ रुपए की लागत से बनने वाली शवदाह गृह निर्माण योजना के संबंध में जानकारी दी। उसके बाद सांसद ने बताया कि उनके प्रयासों से जहानाबाद में लगभग 350 सड़कों का डीपीआर तैयार किया गया है, जिसमें 316 सड़कों पर काम चल रहा है। 30 पुल एवं पुलिया की अनुशंसा की गई जिसमें 17 पुलों का निर्माण कार्य चल रहा है। इसमें दरधा नदी पर बने उस पुल का भी जिक्र किया जिसकी मांग शहर के लोग वर्षों से करते आ रहे थे। सांसद ने बाबू जगजीवन राम छात्रावास के लिए डीएम से बात की है और यह प्रोजेक्ट भी पाइप लाइन में है। सांसद के प्रयास से जहानाबाद स्टेशन पर प्लेटफार्म नंबर 1 से 3 तक जाने के लिए अतिरिक्त ओवरब्रिज का निर्माण कार्य चल रहा है। सांसद ने किसानों को लेकर भी अपनी प्रतिबद्धता दोहराई और बताया एक जिला एक उत्पाद कार्यक्रम के तहत जिले में मशरूम उत्पादन के लिए किसानों को भरपूर मदद दिया गया। पर्यटन की बात करें तो जहानाबाद के बराबर पहाड़ी पर रोप वे निर्माण, 8 लाख से ज्यादा की लागत से धर्मशाला का निर्माण, बराबर पहाड़ पर परिसर को विकसित करना, टेहटा में कैफेटेरिया, बीवी कमाल दरगाह का सौंदर्यीकरण समेत तमाम कामों की चर्चा सांसद ने की जो जो उन्होंने 3 साल में कराए हैं या जिनके लिए प्रयास किया है।

# सरपंच से लगाई न्याय की गुहार

**अरवल ।** कलेर प्रखंड अंतर्गत बेलसार पंचायत के राजपुरा ग्राम निवासी नीना राय पति सच्चिदानंद राय ने अपने पुस्तैनी संपति में हक एवं अपने मकान में खिड़की और दरवाजा न खोलने देने एवं अपने घर के सामने रास्ते से सटे सरकारी आम गैरमजरुआ जमीन में अपने परिवार के चार देवरों के खिलाफ अवैध रूप से बना रहे गैरेज एवं मकान इत्यादि मामलों को लेकर पंचायत कचहरी के सरपंच से न्याय की गुहार लगाई है। ज्ञात हो की इनकी लिखित आवेदन पर जब स्थानीय सरपंच संजीत पासवान उक्त गांव में बैठक करने पहुंचे और प्रतिवादियों को सुलह और समझौता के लिए बुलाया तो प्रतिवादी अनिल राय,रंजित राय ने बैठक को मानने से इंकार कर दिया और मामला दोनो पक्ष में हाथा पाई तक पहुंच कर स्थानीय थाना कलेर पहुंच गई जहां दोनो पक्ष से आवेदन लेकर जांच की बात बोलकर दोनो पक्ष को वापस भेज दिया गया। इस पूरे प्रकरण में रोचक तथ्य ये है की भूमि सुधार विभाग बिहार सरकार के लगातार फरमान जारी करने के बाद भी आमजन का सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा जारी है यानी जिसकी लाठी उसकी भैंस। वादी नीना राय ने उक्त सभी तथ्यों की लिखित जानकारी कलेर प्रखंड के अंचलाधिकारी को भी देकर न्याय की गुहार लगाई है।

# डीएम व एसपी ने संयुक्त रूप से चलाया नशा मुक्ति अभियान



औरंगाबाद, प्रात :किरण संवाददाता

जिला पदाधिकारी औरंगाबाद एवं पुलिस अधीक्षक औरंगाबाद के द्वारा संयुक्त रूप से रिसिअप पोखरा पर रविदास टोला थाना रिसिअप में मदध निषेध हेतु जागरूकता अभियान चलाया गया जिसमें जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा रविदास टोला के लोगों को शराब नहीं पिने, शराब से होने वाले नुकसान की जानकारी दी गई तथा उक्त टोले के बच्चौ के बिच प्रोत्साहन स्वरूप पदाधिकारी दवय के चाकलेट/बिस्किट वगैरह भी वितरित किया गया। तथा बच्चों को समझाया कि वे भी अपने अभिभावकों को नशा से दूर रखने को प्रोत्साहित करें तथा उन्हें समय-समय पर उससे होने वाले नुकसान के बारे में बताएं क्योंकि नशा एक ऐसी कौन है जो हमारे समाज के बीच गहरी पैठ बना चुकी है तथा समय-समय पर वह अपना विकराल रूप लेती रहती है जैसे अभी कुछ दिन पहले हुई घटना जो कि मदनपुर की है जिसमें 3 लोगों की मौत यह दशार्ने को काफी है कि बिहार में शराबबंदी के बावजूद भी कुछ लोगों के द्वारा शराब का बेचा जाना और कुछ लोगों द्वारा उनका दिया जाना उनके लिए खतरनाक हो सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि जान है तो जहान है।

# लोक सेवाओं का अधिकार आवेदन लेने और निष्पादन में बगहा दो सबसे आगे

बगहा, प्रात :किरण संवाददाता



पश्चिमी चंपारण जिला में लोक सेवा का अधिकार के तहत जाति, निवास, आय आदि के आवेदन लेने और निष्पादन में 18 प्रखंडों में बगहा दो प्रखंड सह अंचल का आरटीपीएस हुआ सबसे आगे। बगहा दो के अंचलाधिकारी राजीव रंजन कुमार श्रीवास्तव और राजस्व अधिकारी दीपक कुमार ने बताया कि जिला में लोक सेवा का अधिकार के तहत बगहा दो आरटीपीएस के द्वारा 151398 आवेदन विगत 2021-22 में लिए गए।

जिसमें समय सीमा के अंदर कोई भी आवेदन लंबित नहीं है। पदाधिकारियों ने इसके लिए आरटीपीएस कर्मियों जिनमें आईटी सहायक पवन कुमार, डाटा ऑपरेटर रवि रंजन चौधरी, रंजीत कुमार सहनी, राकेश कुमार कर्मियों की भूमिका अहम रही। राजस्व अधिकारी दीपक कुमार ने बताया कि बगहा दो प्रखंड सह अंचल में सबसे अधिक आवेदन आने और सरवर की लगातार धीमी रफ्तार के बावजूद भी अंचल कार्यालय द्वारा लगातार लोक सेवा का अधिकार के तहत जाति, निवास ,आय आदि के आवेदनों का निष्पादन किया गया।

वही बगहा अनुमंडल में भी अंचल कार्यालय बगहा दो प्रखंड सबसे आगे है। इसके बाद सबसे अधिक आवेदन बगहा अनुमंडल में प्रखंड दो अंचल कार्यालय द्वारा लिया गया। अंचलाधिकारी बगहा एक के अभिषेक आनंद ने बताया कि 103844 आवेदन लिए गए, जिनमें मात्र 862 आवेदन ही लंबित है। जिसे जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा। वही रामनगर प्रखंड अंचल कार्यालय के आरटीपीएस द्वारा 86989 आवेदन लिए गए जिनमें 947 मामले लंबित है। इसी प्रकार ठकरहा, मधुबनी, पिपरासी, भीतहा आदि आरटीपीएस के द्वारा जाति, निवास, आय आदियों के आवेदन लिए गए।

इन सभी प्रखंड सह अंचल कार्यालय द्वारा लोक सेवा के अधिकार के तहत आवेदनों लिए गए और लोगों को प्रमाण पत्र भी दिया जा रहा है पहले आरटीपीएस काउंटर पर भीड़ लगती थी जो अब पहले से काफी कम हो गई है जिसका कारण ऑनलाइन बताया जा रहा है लोगों के द्वारा ऑनलाइन आवेदन के बाद दिए गए तिथि के अनुसार कार्यालय द्वारा प्रमाण पत्र निर्गत किया जा रहा है। जिसमें बगहा दो प्रखंड सह अंचल कार्यालय जिला भर में सबसे आगे आवेदन लेने और निष्पादन में सबसे आगे है।

# डीएम ने की शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों के साथ बैठक



जहानाबाद, प्रात : किरण संवाददाता

- पठन-पाठन में किसी तरह की भी कोताही नहीं बरतें: रिची पाण्डेय
- कहा, विद्यालय निरीक्षण के दौरान बच्चों से विषयवार करें संवाद

समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में सोमवार को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की पदाधिकारी एवं कर्मचारियों के साथ बैठक किया। बैठक में जिलाधिकारी ने शिक्षा विभाग को कई निर्देश देते हुए कहा कि सभी पदाधिकारी नियमित रूप से विद्यालय का निरीक्षण करें। साथ ही साथ मध्याह्न भोजन सुचारू रूप से सभी विद्यालय में चलाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जो भी पदाधिकारी विद्यालय के निरीक्षण के लिए विद्यालय जाएंगे और बच्चों से विषय वार संवाद करेंगे और जांच करेंगे कि शिक्षक द्वारा सही ढंग से विद्यालय में पठन-पाठन कराया जा रहा है या नहीं। जो लोग भी इसमें लापरवाही बरते हैं उनपर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। विद्यालय में शिक्षक एवं छात्रों की उपस्थिति हर हाल में होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं भी विद्यालय का निरीक्षण करूंगा। इसलिए सभी लोग को निर्देश दिया जा रहा है कि अपने क्रियाकलापों में सुधार लाएं और पठन-पाठन में किसी तरह की भी कोताही नहीं बरती जाए।

# बालिका सशक्तिकरण अभियान कार्यशाला 2022 का उद्घाटन

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

भारत की सबसे बड़ी विद्युत उत्पादन कंपनी एनटीपीसी बालिकाओं के उत्थान में अग्रणी रही है और हमेशा से उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए सहायता प्रदान करती रही है। इसी दिशा में एक कदम आगे बढ़ाते हुए एनटीपीसी कहलगांव ने 23 मई 2022 को आस-पास के क्षेत्रों की बालिकाओं को सशक्त बनाने के लिए बालिका सशक्तिकरण अभियान प्रारंम्भ किया है। चार सप्ताह तक चलने वाली इस आवासीय कार्यशाला में परियोजना प्रभावित विभिन्न प्राथमिक विद्यालय के 10-12 आयुवर्ग के 120 बालिकाएं हिस्सा ले रही हैं। इस अभियान का मुख्य उदेश्य एनटीपीसी परियोजनाओं के आस-पास के रहने वाली सुविधा विहिन बालिकाओं को हर संभव तरीके से शिक्षित और सशक्त बनाना है। एनटीपीसी कहलगाँव के आवासीय परिसर के अंग भवन में आयोजित कार्यक्रम में एनटीपीसी के दिल्ली स्थित मुख्यालय के राकेश प्रसाद, कार्यकारी निदेशक (सीएसआर/आर एंड आर) एवं शुभा प्रसाद ने अरिंदम सिन्हा, मुख्य महाप्रबंधक (कहलगांव) एवं रूपाली सिन्हा , अध्यक्षा, सृष्टि समाज के साथ - साथ सभी विभागाध्यक्ष, यूनियन एवं एसोशियेशन, एनटीपीसी कर्मी एवं बड़ी संख्या में बालिका सशक्तिकरण अभियान में चयनित बालिकाओं तथा उनके अभिभावकों की उपस्थिति में दीप प्रज्ज्वलित कर बालिका सशक्तिकरण अभियान 2022 का शुभारंभ किया । बालिका सशक्तिकरण अभियान 28 दिन का एक आवासीय प्रशिक्षण कार्यशाला है जिसमें बालिकाओं के व्यक्तित्व एवं प्रतिभा को निखारने हेतु विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

# चखनी रजवटिया पंचायत के आधा दर्जन केंद्रों का सीडीपीओ ने किया निरीक्षण

बगहा, प्रात : किरण संवाददाता



बाल विकास परियोजना पदाधिकारी अरुणा कुमारी ने सोमवार को प्रखण्ड बगहा एक के चखनी रजवटिया पंचायत के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों औचक निरीक्षण की। निरीक्षण के दौरान आईसीडीएस बगहा एक के बीसी शिवशांत कुमार मौजूद रहे। सीपीडीओ के औचक निरीक्षण से आस पास के आंगनबाड़ी केंद्रों पर हड़कंप मचा रहा। चखनी रजवटिया पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र संख्या संख्या 199,202,203 तथा 332 का औचक निरीक्षण की। जहां पोषाहार वितरण पंजी सहित अन्य कागजातों का जांच की। निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी सेविका लाभुकों में पोषहार नियमाकुल वितरण कर रही थी उन्होने आंगनबाड़ी केंद्रों पर पोषाहार का सही से वितरण हो रहा है या नहीं। जिसको लेकर लाभुकों से जानकारी भी प्राप्त की साथ ही उन्हें सख्त चेतावनी दी कि लाभुकों में मानक अनुरूप पोषहार का वितरण करना सुनिश्चित करें अन्यथा शिकायत मिलने या लापरवाही बरतने वाले सेविका को चिन्हित करते हुए कारवाई करने की अनुशंसा की जाएगी। निरीक्षण के दौरान चखनी रजवटिया पंचायत के वार्ड नंबर 9 में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र 332 में आपसी विवाद के चलते पोषाहार का वितरण नहीं हुआ। जहां सीडीपीओ ने पहुंचकर आपसी विवाद को निपटारा करते हुए आंगनबाड़ी सेविका को रुखसाना खातून को निर्देशित की आंगनबाड़ी के नामित लाभुकों में जल्द से जल्द पोषहार का वितरण कराना सुनिश्चित करें। दूसरी तरफ बाल विकास परियोजना पदाधिकारी बगहा दो अरुणा कुमारी बगहा नगर परिषद के नरईपुर आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 311 में पहुंची रही। जहां आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 311 के लाभुकों में सेविका द्वारा मानक अनुरूप पोषहार वितरण नहीं किया गया जहां सीडीपीओ ने सेविका सरिता कुमारी को फटकार लगाते हुए स्पष्टीकरण की मांग की। उन्होनें बताई की सेविका द्वारा संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर उन पर कारवाई करने की अनुशंसा की जाएगी ।

# शराब कारोबारी पर कसा अनन्य उत्पाद न्यायालय का शिकंजा

जहानाबाद, प्रात : किरण संवाददाता

अनन्य उत्पाद न्यायालय में शराब कारोबारियों के लंबित मामलों में दिन प्रतिदिन हो रही सुनवाई के कारण शराब के अवैध धंधे में शामिल लोगों पर उत्पाद न्यायालय का शिकंजा कस्ता चला जा रहा है। सोमवार को शराब की खेप पहुंचाने के मामले में सुनवाई पूरा करने के उपरांत अनन्य उत्पाद न्यायालय दो के न्यायाधीश धीरेंद्र मिश्र की अदालत ने टेंपो मालिक पिंटू कुमार को उत्पाद अधिनियम की धारा 30 के तहत दोषी करार देते हुए पांच साल का कठोर कारावास एवं एक लाख अर्थदंड भुगतान करने का फैसला सुनाया। अर्थदंड की राशि का भुगतान नहीं करने पर टेंपो मालिक को एक साल का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। उपरोक्त आशय की जानकारी विशेष लोक अभियोजक उत्पाद प्रमोद कुमार ने दिया है। उन्होंने बताया कि इस मामले में नगर थाना में पदस्थापित पुलिस अवर निरीक्षक शमशेर बहादुर ने बीआर 25ए 6197 टेंपू के मालिक को नामजद कर प्राथमिकी दर्ज कराया था। दर्ज प्राथमिकी में सूचक ने आरोप लगाया था कि उसे गुप्त सूचना मिली की इरकी की ओर से एक टेंपो पर शराब लादकर जहानाबाद की ओर ले जाया जा रहा है। इस सूचना पर छापामारी दल के साथ जब मैं बतीस भंवरिया के पास पहुंचा तो देखा कि एक टेंपू पुलिस बल को देखकर भागने लगा। जिसे पीछा कर टेंपू को पकड़ लिया गया। जबकि चालक भागने में सफल रहा। इस टेंपू से प्लास्टिक के थैले में 60 लीटर देसी महुआ का शराब बरामद किया गया था। साथ हीं शराब लेकर जा रहे टेंपो संख्या बीआर 25ए 6197 को भी जब्त किया गया था। इस मामले में अभियोजन के तरफ से 6 गवाह एवं बचाव पक्ष की ओर से एक गवाह प्रस्तुत किए गए थे।

# मुंगेर के एके-47 बरामदगी मामले में दो को दस-दस साल की सजा

**पटना।** बिहार के मुंगेर जिले की एक अदालत ने 22 एके-47 राइफल बरामदगी के मामले में सोमवार को दो दोषियों को दस-दस साल का कारावास और दो-दो हजार रुपये का अर्थदंड से दंडित किया। ये फैसला चार साल बाद आया है। बीते 18 मई को कोतवाली थाना में दर्ज कांड संख्या 555/18 में अदालत में चल रहे सत्र वाद संख्या 172/21 में 12 आरोपितों की सजा सुनवाई हुई थी। इसमें से दो आरोपितों को दोषी करार दिया गया जबकि 10 आरोपितों को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया गया। रिहा किए गए आरोपितों को फिलहाल जेल में ही रहने का आदेश दिया गया था क्योंकि एके-47 बरामदगी मामले में दर्ज कुल आठ मामलों में से सात में इन सभी आरोपितों के नाम शामिल हैं। एडीजी-7 विपिन बिहारी राय की अदालत ने कोतवाली कांड संख्या 555/18 में 12 आरोपितों के खिलाफ अंतिम सुनवाई करते हुए आरोपित कमेला रोड दिलावरपुर निवासी मोहम्मद इरशाद अहमद और सफदलपुर बेगूसराय निवासी सत्यम कुमार यादव को दोषी करार दिया है।

# एसएससी भर्ती: क्या ममता के आंचल तक पहुंचेगी घोटाले की आंच!

शंकर जालान, कोलकाता



जब शिक्षक की नौकरी पाने के लिए उम्मीदवार गलत तरीके का इस्तेमाल करते हो तो वह छात्र-छात्राओं को सही और सटीक शिक्षा कैसे दे सकते हैं ? यह सवाल इनदिनों पश्चिम बंगाल में खूब उछल रहा है। स्कूल सर्विस कमीशन (एसएससी) के भारी-भरकम घोटाले की जांच में जुटी सीबीआई न केवल राज्य के मौजूदा शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी और शिक्षा राज्य मंत्री पारेश अधिकारी से मैराथन पूछताछ कर रही है, बल्कि सूबे के पूर्व शिक्षा मंत्री ब्रात्य बसु व राज्य के शिक्षा सचिव मनीष जैन की विदेश यात्रा पर रोक लगा दी है।

सीबीआई जिस तत्परता से इस घोटाले की जांच कर रही है उसे देखते हुए राजनीतिक गलियारों में इस बात को लेकर चचाओं का बाजार गर्म है कि क्या इस घोटाले की आंच तृणमूल कांग्रेस प्रमुख व राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के आंचल तक पहुंचेगी ? अब तक की जांच में गैर कानूनी तरीके से नौकरी हथियाने वाली राज्य शिक्षा मंत्री पारेश अधिकारी के बेटी अंकिता अधिकारी को बर्खास्त किया गया और लिया गया 41 महीने का वेतन लौटाने का आदेश भी दिया गया।

पहले सीबीआई के समक्ष पेश होने से बहानाबाजी कर रहे राज्य शिक्षा मंत्री से लगातार तीसरे दिन केंद्रीय जांच एजंसी के अधिकारियों ने पूछताछ की। यह क्रम आगे भी जारी रहेगा। इस बीच सीबीआई के समक्ष पेश होने के बाद सूबे के मौजूदा शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी अदालत की शरण में गए थे, लेकिन उन्हें बैरंग लौटना पड़ा। जानकारों के मुताबिक इस महाघोटाले के जांच की आंच मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पहुंच सकती है। कहना गलत नहीं होगा एसएससी के तहत शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया में धांधली का मामला उजागर होने के बाद राज्य की राजनीति में भूचाल आ गया है। यह मामला अब काफी गरमा गया है। कलकत्ता उच्च न्यायालय के निर्देश के बाद इस मामले की जांच सीबीआई कर रही है। सीबीआई की नजर राज्य के शिक्षा मंत्री व अन्य लोगों के आने के बाद राज्य में राजनीतिक पारा चढ़ गया है।

इस बीच, जगह-जगह रैली, धरना व प्रदर्शन हो रहे हैं। एसएससी भ्रष्टाचार मामले में दोषी नेताओं को गिरफ्तार करने के साथ ही उन्हें पद से हटाने की मांग भी हो रही है। इस क्रम में माकपा व भाजपा की ओर से रैली निकाली गई व विरोध प्रदर्शन किया गया। राज्य के पूर्व मंत्री व सिलीगुड़ी के पूर्व मेयर अशोक भट्टाचार्य ने एसएससी भर्ती घोटाला मामले में राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी समेत पूरे मंत्रिमंडल से इस्तीफा देने की मांग की। उन्होंने कहा कि यह संविधान का अपमान है।

संविधान की शपथ लेने वाले तृणमूल कांग्रेस के मंत्री स्वजन पोषण में लग गए हैं। राज्य के युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया गया है। उन्होंने कहा कि बंगाल की हालत श्रीलंका की तरह हो गई है। राज्य सरकार दिवालिया हो गई है। यहां तमाम पद रिक्त पड़े हैं। उन पदों को भरने के नाम पर अस्थायी तौर पर लोगों को नियुक्ति की जा रही है। राज्य के मंत्री पैसे लेकर अपने लोगों को नौकरी दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस मामले की जांच सीबीआई कर रही है, ऐसे में जिन नेताओं पर आरोप लगे हैं, उन्हें अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए तभी मामले में सही से जांच हो पाएगी।

# भारत तेजी से एक पसंदीदा निवेश गंतव्य के रूप में उभर रहा : भाजपा

**पटना।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अरविंद कुमार सिंह ने कहा है कि भारत ने वित्त वर्ष 2021-22 में 83.57 अरब अमेरिकी डॉलर का एफडीआई हासिल किया जो अब तक किसी भी वित्त वर्ष में सबसे अधिक है। वित्त वर्ष 2003-04 की तुलना में भारत के एफडीआई में 20 गुना वृद्धि हुई है, जब एफडीआई केवल 4.3 अरब अमेरिकी डॉलर था। भारत विनिर्माण क्षेत्र में विदेशी निवेश के लिए एक पसंदीदा देश के रूप में तेजी से उभर रहा है। श्री अरविन्द ने कहा है कि पिछले आठ वर्षों के दौरान मोदी सरकार द्वारा उठाए गए कदमों के अच्छे परिणाम मिले हैं, जो देश में प्राप्त एफडीआई प्रवाह की लगातार बढ़ती मात्रा से स्पष्ट है, जिसने नए रिकॉर्ड स्थापित किए हैं। मोदी सरकार एफडीआई नीति की लगातार समीक्षा करती है और महत्वपूर्ण बदलाव करती है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि भारत एक आकर्षक और निवेशकों के लिए उपयोगी स्थान है। मोदी सरकार ने एफडीआई के लिए एक उदार और पारदर्शी नीति बनाई है, जिसमें अधिकांश क्षेत्र स्वचालित मार्ग के तहत एफडीआई के लिए खुले हैं।

# आरटीपीएस आवेदनों का निष्पादन निर्धारित समयावधि में करायें सुनिश्चित: जिलाधिकारी

बेतिया, प्रात : किरण संवाददाता



जिलाधिकारी, कुंदन कुमार ने कहा कि लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का निष्पादन निर्धारित समयावधि में कराना सुनिश्चित किया जाय। आवेदनों को लंबित रखने और निष्पादन में देरी होने पर संबंधित अधिकारी एवं कर्मी के विरूद्ध नियमानुकूल कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि आरटीपीएस की उच्चस्तर पर लगातार समीक्षा की जा रही है।

आरटीपीएस काउंटर का संचालन नियमित रूप से हर हाल में होना चाहिए। आमजन के हितों का ख्याल रखते हुए आरटीपीएस काउंटर पर प्राप्त आवेदनों का ससमय निष्पादन कराना संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी है। इस कार्य में लापरवाही, शिथिलता एवं कोताही कतई बर्दाश्त नहीं की जायेगी। समीक्षा के क्रम में बताया गया कि डिस्ट्रिक्ट लेवल पर

**निर्देश**

- आरटीपीएस में कम प्रगति वाले अंचलाधिकारियों को शोकॉज करने का निर्देश

अबतक 5252 प्राप्त आवेदन को डिस्पोजल करा दिया गया है। इसके साथ ही अनुमंडल स्तर पर 24628 प्राप्त आवेदनों को डिस्पोजल करा दिया गया है। साथ ही लंबित आवेदनों का निष्पादन तुरंत करा दिया जायेगा। जिलाधिकारी ने निदेश दिया कि यह अत्यंत ही महत्वपूर्ण है। लंबित मामलों का निष्पादन त्वरित गति से कराना सुनिश्चित किया जाय। साथ ही आरटीपीएस के तहत मामलों के निष्पादन में लापरवाही बरतने वाले संबंधित अधिकारियों को शोकॉज करने का निदेश जिलाधिकारी द्वारा दिया गया है।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक, बेतिया, उपेन्द्र नाथ वर्मा, पुलिस अधीक्षक, बगहा, किरण कुमार गोरख जाधव, अपर समाहर्ता, अनिल राय, प्रबंधक, बेतिया राज, विनोद कुमार सिंह सहित सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचलाधिकारी, सभी थानाध्यक्ष एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### एनएचआरसी ने मुस्तफाबाद आग मामले में दिल्ली सरकार और पुलिस को जारी किया नोटिस

नई दिल्ली। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने यहां हाल में मुस्तफाबाद इलाके में बड़े स्तर पर लगी आग के सिलसिले में शहर के पुलिस आयुक्त और दिल्ली सरकार को नोटिस जारी किया है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने पहले बताया था कि दयालपुर पुलिस थानांतर्गत न्यू मुस्तफाबाद क्षेत्र में सड़क संख्या 23 पर स्थित एक फैक्टरी में आग लग गयी थी जिससे एक व्यक्ति की मौत हो गई थी और छह अन्य झुलस गए थे। आयोग की ओर से जारी एक बयान में कहा गया, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने मीडिया में आई उन खबरों का स्वतः संज्ञान लिया है जिसके अनुसार 19 मई 2022 को राष्ट्रीय राजधानी में आग लगने की एक बड़ी घटना में 42 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई और एक महिला समेत छह अन्य लोग झुलस गए।

### दिल्ली में कोरोना वायरस संक्रमण के 268 नये मामले सामने आये

नई दिल्ली। दिल्ली में सोमवार को कोरोना वायरस संक्रमण के 268 नये मामले सामने आये, जबकि संक्रमण दर 2.69 प्रतिशत रही। शहर के स्वास्थ्य विभाग द्वारा साझा किये गये आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। विभाग ने एक बुलेटिन में बताया कि राष्ट्रीय राजधानी में संक्रमितों की कुल संख्या बढ़कर 19,03,822 हो गई, जबकि मृतकों की संख्या 26,201 पर बनी हुई है। बुलेटिन के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी में पिछले दिन कोविड-19 के लिए कुल 9,976 नमूनों की जांच की गई थी। दिल्ली में रविवार को संक्रमण के 365 नये मामले दर्ज किये गये थे और महामारी से एक व्यक्ति की मौत हुई थी, जबकि संक्रमण दर 1.97 प्रतिशत थी। बुलेटिन के अनुसार, दिल्ली में उपचाराधीन मरीजों की संख्या 1,819 है, जबकि सोमवार को यह संख्या 1,912 थी।

### शास्त्री भवन की सातवीं मंजिल से कूदने से वैज्ञानिक की मौत

नई दिल्ली। इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय में कार्यरत 55 वर्षीय एक वैज्ञानिक की सोमवार को मध्य दिल्ली स्थित शास्त्री भवन की सातवीं मंजिल से कथित तौर पर कूदने के बाद मौत हो गई। यह जानकारी पुलिस ने दी। पुलिस ने बताया कि वैज्ञानिक की पहचान पश्चिमी दिल्ली के पीरागढ़ी निवासी राकेश मलिक के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि शव शास्त्री भवन के गेट नंबर दो के सामने मिला, जिसमें केंद्र सरकार के कई मंत्रालय हैं। पुलिस उपायुक्त (नई दिल्ली) अमृता गुगुलोथ ने कहा, शास्त्री भवन से एक व्यक्ति के कूदने के बारे में सूचना मिली थी। जब स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची, तो उस व्यक्ति की पहचान राकेश मलिक के रूप में हुई। डीसीपी ने कहा, संसद मार्ग थाने के अधिकारियों की एक टीम और एम्बुलेंस के साथ अपराध शाखा की एक टीम मौके पर पहुंची। आगे की जांच जारी है और कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### इंजीनियर एटीएम की बिजली काट कर बैंक से करता था ठगी

नई दिल्ली। मध्य जिला एटीएस ने एटीएम की बिजली काट कर बैंक से ठगी करने वाले मैकेनिकल इंजीनियर वसीम को गिरफ्तार किया है। पुलिस का दावा है कि आरोपी अब तक दो हजार वारदातें कर चुका है। आरोपी के पास बिना सिक्योरिटी गार्ड वाले 680 एटीएम की सूची भी मिली है। डीसीपी श्वेता चौहान ने बताया कि 11 मई को रैगरपुरा स्थित एक्सिस बैंक के एटीएम को क्षतिग्रस्त करने की सूचना मिली थी। हालांकि, बैंक की तरफ से चोरी की गई रकम की जानकारी नहीं मिली, लेकिन एसीपी योगेश मल्होत्रा की देखरेख में एटीएस प्रभारी संदीप गोदारा और एसआई विक्रम सिंह की टीम ने टेक्निकल सर्विलांस से जांच शुरू की। टीम ने 21 मई को मेवात से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

### प्रतिभाओं को मंच उपलब्ध कराएगी युवा कांग्रेस

नई दिल्ली। भारतीय युवा कांग्रेस द्वारा हुनरबाज युवाओं के लिए ह्याइंडिया राइजिंग टैलेंट मंच की शुरूआत की गई है। इसके जरिए युवाओं की प्रतिभा को मंच उपलब्ध कराया जाएगा। युवा कांग्रेस के अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी ने बताया कि विभाजनकारी ताकतों से देश को बचाने के लिए भारत जोड़ो अभियान की शुरूआत की गई है। इसी क्रम में इंडिया राइजिंग टैलेंट मंच की भी शुरुआत की जा रही है। यह एक रचनात्मक मंच है जहां पर युवा अपने नृत्य, गायन, रैपिंग, स्टैंड अप कॉमेडी, मिमिक्री, नवीन सामाजिक विचार, प्रौद्योगिकी आदि के माध्यम से अपने राजनीतिक विचार व्यक्त कर सकेंगे।

# 'ग्रीन पार्क - ग्रीन दिल्ली' थीम पर होगा दिल्ली के पार्कों का विकास

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली सचिवालय में आज पर्यावरण मंत्री गोपाल राय की अध्यक्षता में दिल्ली के विधायकों और डीपीजीएस के अधिकारियों एवं प्रतिनिधियों के साथ संयुक्त बैठक की गई। इस बैठक के बाद पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बताया कि मुख्यमंत्री पार्क सौन्दर्यीकरण योजना के तहत 'ग्रीन पार्क ग्रीन दिल्ली' की थीम पर दिल्ली के पार्कों का सौन्दर्यीकरण करने का निर्णय लिया गया। दिल्ली के पार्कों के विकास के लिए हर विधानसभा में एक इंचार्ज , हर दो विधानसभा पर एक पर्यवेक्षक (आब्जर्वर) और राज्य स्तर पर दो कोर्डिनेटर की ट्रेनिंग के लिए नियुक्ति की जा रही हैं। साथ ही आरडब्लूए को योजना में शामिल करने की ऑनलाइन प्रक्रिया एवं दस्तावेजों के सम्बन्ध में जानकारी साझा की गई। और विधायक को उनके एरिया में मौजूद पार्कों के बारें में विस्तृत जानकारी भी दी गई हैं। बैठक के बाद दिल्ली सचिवालय में आयोजित महत्वपूर्ण प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बताया कि दिल्ली को आधुनिक, न्यायसंगत और टिकाऊ शहर बनाने के लिए, दिल्ली के पार्कों को आधुनिक, विश्व स्तरीय बनाने लिए सामुदायिक पार्क पहल की शुरूआत की गई है। इसके तहत दिल्ली के सभी पार्कों का ह्यग्रीन पार्क ग्रीन दिल्ली थीमह्न पर विकास किया जाएगा। जिसके पहले चरण में डीपीजीएस की 70 टीमों द्वारा दिल्ली में मौजूद 16 हजार 828 पार्कों में से लगभग 11 हजार 500 पार्कों का सर्वेक्षण पूरा किया जा चुका हैं जिनमे लगभग 6 हजार 345 पार्क मैंटेन नहीं हैं। उन्होंने बताया कि पार्कों के विकास और सौन्दर्यीकरण के लिए प्रत्येक आरडब्लूए को डीपीजीएस द्वारा प्रति एकड़ 2 लाख 55 हजार की वित्तीय सहायता दी जाएगी। साथ ही नए पार्कों के विकास के लिए प्रति एकड़ 1 लाख की अतिरिक्त धनराशि भी देने का निर्णय लिया गया हैं। इसके

**बैठक**

- पर्यावरण मंत्री गोपाल राय की अध्यक्षता में सभी विधायकों के साथ दिल्ली के पार्कों के विकास को लेकर संयुक्त बैठक की गई

साथ ही पार्कों में पानी की समस्या को ध्यान में रखते हुए एसटीपी की इंस्टालेशन के लिए प्रति एकड़ 3 लाख 50 हजार की सहायता देने का निर्णय भी लिया गया हैं।

पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बताया कि आरडब्लूए को इस योजना में एक अप्लीकेशन के द्वारा आवेदन कर सकती हैं। जिसके अनुसार सबसे पहले उन्हें अपने आसपास के किसी पार्क का चुनाव करना हैं। इसके बाद पार्क अपनाने के लिए पंजीकृत आरडब्लूए होना अनिवार्य है। यदि कोई पंजीकृत आरडब्लूए मौजूद ना हो तो नई आरडब्लूए बनाए और पंजीकृत करायें। इसके बाद आरडब्लूए अपनी पात्रता की जांच करें। पात्रता/ योग्यता की जांच के बाद उन्हें दिल्ली सरकार के ई- जिला पोर्टल पर रजिस्टर किया जाएगा, और साथ ही सभी उल्लेखित दस्तावेजों को अपलोड करना भी अनिवार्य हैं।

उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत दिल्ली के पार्कों के विकास और ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया में आम जनता की मदद के लिए हर विधानसभा में एक इंचार्ज , हर दो विधानसभा पर एक पर्यवेक्षक (आब्जर्वर) और राज्य स्तर पर दो कोर्डिनेटर की ट्रेनिंग के लिए नियुक्ति भी की जा रही हैं। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बताया कि यह योजना लोगों के विभिन्न समूहों के साथ परामर्श करके और उन्हें इस प्रक्रिया में शामिल करके पार्कों को सभी के लिए एक बेहतर स्थान बनाने पर ध्यान केंद्रीत करेगी। वर्तमान में पार्कों के प्रबंधन में स्थानीय समुदायों की न्यूनतम भागीदारी है। इन हरित स्थानों के डिजाइन और रखरखाव में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है।

# इस्लाम का शैक्षिक वीजन विश्व निर्माण का वीजन: सैयद हुसैनी




नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

- शैक्षिक संस्थाओं से ऐसे व्यक्तित्व पैदा हों जो दुनिया का नेतृत्व कर सकें: सैयद हुसैनी

इस्लाम में शिक्षा को केंद्रीय हैसियत हासिल है। इस दृष्टिकोण से हमारे शिक्षण संस्थानों का वीजन व्यापक होना चाहिए। इस्लाम का शैक्षिक वीजन विश्व निर्माण का वीजन है। और यही शिक्षा अपेक्षित है। हिन्दुस्तान में शिक्षा के लिए जो संसाधन हैं उसमें और विस्तार होना चाहिए। अभी भी कई ऐसे गांव हैं जहां के लोगों का शिक्षा तक पहुंच नहीं है। हमारी शिक्षा व्यवस्था स्मार्ट हो और अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचे।

हमारे जो शिक्षण संस्थान हैं वे शिक्षा को स्तरीय और उसके विस्तार की दिशा में काम कोशिश कर रहे हैं मगर घ्यान इस पर भी देने की आवश्यकता है कि हमारी संस्थाएं स्तरीय हों। ये बातें जमाअत इस्लामी हिन्द के अमीर सैयद सआदतुल्लाह हुसैनी ने फेडरेशन ऑफ मुस्लिम एजूकेशनल इंसटीट्युशंस द्वारा नई दिल्ली में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय कान्फ्रेंस में कही। उन्होंने कहा कि हमारे शैक्षिक संस्थानों सबसे स्तरीय और दूरदर्शी होना चाहिए और उनका उद्देश्य- आलोचनात्मक सोच, रचनात्मक क्षमता, संचार और चरित्र हों। हमें अपने शैक्षिक संस्थाओं में ये प्रयोग करने होंगे। ये प्रयोग कोई नया नहीं है। दुनिया के बहुत से शैक्षिक संस्थाओं में हो रहे हैं। फेडरेशन के महासचिव और जमाअत के मर्कजी तालीमी बोर्ड के चेयर मैन मुजतबा फारूक ने फेडरेशन के गठन और उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 12 साल पहले इस फेडरेशन का गठन हुआ और अब इसका काम पूरे देश में फैल गया है। फेडरेशन का उद्देश्य देश में शैक्षिक संस्थाओं की समस्याओं का समाधान खोजना है और उन्हें कानून एवं अन्य आवश्यक सहायता प्रदान करना है। हमारे पारस जितने संसाधन उपलब्ध हैं उनका इस्तेमाल शिक्षा के लिए किया जाना चाहिए। इस कान्फ्रेंस में विभिन्न राज्यों के शैक्षिक संस्थाओं के अधिकारियों ने अपने विचार और समस्याएं रखे।

# ओखला एसटीपी में पानी की गुणवत्ता में 82 फीसदी सुधार

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

केजरीवाल सरकार 2025 तक यमुना नदी की सफाई पूरी करने को लेकर गंभीरता से काम कर रही है। इसी कड़ी में केजरीवाल सरकार ने ओखला में 16 एमजीडी सीवर ट्रीटमेंट प्लांट में केमिकल के जरिए पानी को ट्रीट करने की पहल की है। इस अनोखी तकनीक की मदद से ओखला एसटीपी में सीवर के पानी का बेहतर तरीके से ट्रीटमेंट किया जा रहा है। यही वजह है कि ओखला एसटीपी में पानी की गुणवत्ता में 82 फीसदी सुधार हुआ है।

जल मंत्री सत्येंद्र जैन ने बताया कि ओखला एसटीपी में पानी को शोधित करने की पुरानी तकनीक में बदलाव किया गया है, ताकि एसटीपी से तय मानक के अनुसार पानी को शोधित किया जा सके। पहले एसटीपी को अपग्रेड करने के लिए ज्यादा जगह की आवश्यकता होती थी, ऐसे में पेड़ों की कटाई से लेकर बड़ी मशीनरी सहित पूरी प्रक्रिया से गुजरना पड़ता था। लेकिन अब केमिकल (पॉलीएल्यूमिनियम क्लोराइड) के जरिए सीवेज वॉटर को ट्रीट करके सरकार सिविल कार्य और भारी मशीनरी खरीदने के लिए उपयोग की जाने वाली लागत को कम करने में सक्षम है। पहले दिल्ली सरकार को एसटीपी को अपग्रेड करने के लिए 30झ40 करोड़ रुपए खर्च करने पड़ते थे। अब समय की बचत के साथ-साथ सीवेज के पानी को ट्रीट करने की लागत 1 रुपये प्रति किलोलीटर से भी कम हो गई है। इसी के साथ ही केमिकल के इस्तेमाल से सीवर पानी बेहतर तरीके से शोधित किया जा रहा है।

दिल्ली जल बोर्ड और थर्ड पार्टी की ऑडिट रिपोर्ट में ओखला के 16 एमजीडी एसटीपी में उपचारित अपशिष्ट पानी को लेकर सकारात्मक परिणाम देखने को मिले है। रिपोर्ट के मुताबिक आउटलेट यानी शोधित पानी में बायोलॉजिकल ऑक्सीडेशन डिमांड (बीओडी) जहां पहले 23 मिला है। वहीं, अब घटकर 4 तक पहुंच गया है। इसके अलावा सीओडी 70 से 20 पहुंच गया है। टीएएस पहले 38 था, जो कि अब 7 तक पहुंच चुका है। ऑयल एंड गैस व पीएच जैसे अन्य मानक भी रिपोर्ट में सही मिले हैं। इस रिपोर्ट से साफ है कि लगातार सीवर के पानी की क्वालिटी में सुधार देखा गया है।

# कांग्रेस प्रदेश कार्यालय में नव संकल्प शिविर में घोषणा के क्रियान्वन पर चर्चा

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




कांग्रेस पार्टी के उदयपुर में 3 दिवसीय नव संकल्प शिविर के बाद दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौ0 अनिल कुमार की अध्यक्षता में आज प्रदेश कार्यालय राजीव भवन में नव संकल्प शिविर में घोषणा के क्रियान्वन पर चर्चा, आजादी के 75वें वर्ष में राज्य स्तरीय विशाल कार्यक्रम आयोजित करने और राज्य स्तर पर राजनीतिक मामलों पर रुपरेखा तैयार करने के लिए जिला अध्यक्षों, जिला कॉआर्डिनेटर, प्रदेश उपाध्यक्षों, अग्रिम संगठनों के अध्यक्ष एवं सेल एवं विभागों के अध्यक्षों की महत्वपूर्ण बैठक हुई।

बैठक में प्रदेश अध्यक्ष चौ0 अनिल कुमार के साथ पूर्व सांसद रमेश कुमार, पूर्व मंत्री डा0 नरेन्द्र नाथ, कम्युनिकेशन विभाग के चैयरमेन व पूर्व विधायक अनिल भारद्वाज, प्रदेश उपाध्यक्ष मुदित अग्रवाल, पूर्व विधायक विजय लोचव, कोषाध्यक्ष संदीप गोस्वामी, प्रदेश महिला अध्यक्ष अमृता धवन, राजेश गर्ग और सभी जिला अध्यक्ष, जिला कॉआर्डिनेटर, अग्रिम संगठनों व सेल एवं विभाग के चैयरमेन भी मौजूद थे। चौ0 अनिल कुमार ने कहा कि भारत की स्वतंत्रता के 75वें वर्ष के समापन से पूर्व 27 मई, 2022 को पं0 जवाहर लाल नेहरू जी की पुण्यतिथि पर एक विशाल सेमिनार का आयोजन किया जाऐगा, जिसमें समस्त दिल्ली के हजारां कांग्रेस कार्यकर्ता हिस्सा लेंगे।

सेमिनार में उदयपुर में हुए नव संकल्प शिविर में हुई चर्चा और आगामी कार्यक्रमों पर विचारधारा सहित संगठन को मजबूत बनाने के लिए रुपरेखा तैयार की जाएगी। चौ0 अनिल कुमार ने कहा कि कांग्रेस पार्टी द्वारा निर्देशित आजादी गौरव यात्रा दिल्ली में 3 दिन तक रहेगी जिसका स्वागत दिल्ली के महिपाल पुर क्षेत्र में किया गया जाएगा। आजादी गौरव यात्रा दिल्ली के अनेको क्षेत्रों से होती हुई 31 मई को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के समाधि स्थल राजघाट पर पहुचेगी जहां यात्रा का समापन होगा। चौ0 अनिल कुमार ने कहा कि उदयपुर नव संकल्प शिविर में हुई चर्चा और भविष्य की योजनाओं के लिए दो दिवसीय राज्य स्तर पर कार्यशाला का दिल्ली कांग्रेस द्वारा आयोजन किया जाऐगा। दिल्ली में संगठन को ब्लाक/बूथ स्तर पर मजबूत बनाने के लिए भी कार्यक्रम बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली में कांग्रेस पार्टी की भारत जोड़ो यात्रा पर भी रुपरेखा तैयार की जाएगी।


## उत्तर रेलवे

**इलेक्ट्रॉनिक निविदा**

**ई प्रणाली के अंतर्गत मदो की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य सामग्री प्रबंधक उत्तर रेलवे नई दिल्ली – ११०००१ द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिए ई – निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| क्र. स. | निविदा स. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 82222914 | ओपन और लैप सर्जरी के लिए हार्मोनिक के साथ मिश्रित हाथ के टुकड़ों के बराबर हार्मोनिक ऐस 36 सेमी (7 मिमी वेसल सीलिंग) | 60 Nos | 17.06.2022 |

**निविदा शर्तें** – १ विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। २ मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी।

**टेंडर नोटिस स. 82222914 दिनांक 23.05.2022** **1233/2022**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे

**ई–खुली निविदा सूचना**

मंडल अभियंता सम्पदा, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्यों के लिए खुली निविदा दिनांक 14.06.2022 को 15.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन तत्काल खोली जाएगी।

| | |
|---|---|
| **कार्य का नाम** | सहायक मंडल अभियंता सम्पदा–I के अंतर्गत वरिष्ठ खंड अभियंता / पहाड़गंज के कार्य क्षेत्र में पी.के. रोड कॉलोनी में टाइप IV, IV विशेष और टाइप V अधिकारियों के फ्लैट के लिए फर्श दरवाजे, खिड़कियां, शौचालय, बाथरूम और रसोई आदि की मरम्मत और निर्माण सामग्री उपलब्ध कराना, मैनहोल कवर, जी.आई. पाइप और जी.आई. फिटिंग, सेनेटरी फिटिंग, ड्रेनेज आइटम, सी.पी. फिटिंग, कमर्शियल बोर्ड हेतु। |
| **अनुमानित लागत** | 15499963.97 |
| **धरोहर राशि** | 227500.00 |
| **समापन अवधि** | 06 महीने |

1. निविदा दिनांकः 14.06.2022 को 15:00 बजे तक जमा की जा सकती है एवं तत्काल खोली जाएगी। **संख्याः 128–डब्लयू/269/निविदा सूचना/22–23/डब्लयू–ई/टेंडर नं. 07 दिनांकः 20.05.2022** **1224/22**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# आइडियल आईपीआर प्रोटेक्शन ने की पुलिस के साथ छापेमारी, काफी नकली माल बरामद

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



बाजार में नामी कंपनियों के नाम पर नकली माल का कारोबार करने वालों के खिलाफ आइडियल आईपीआर प्रोटेक्शन प्राइवेट लिमिटेड ने एक और कार्रवाई की है। उत्तरी जिले के वजीराबाद थाना क्षेत्र में दिल्ली पुलिस के साथ आइडियल आईपीआर प्रोटेक्शन प्राइवेट लिमिटेड की टीम ने छापेमारी की कार्रवाई की और काफी मात्रा में नकली माल की बारामदगी की है। इस कार्रवाई में ग्रेट व्हाइट ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के नाम पर बाजार में बेचे जा रहे हजारों नकली उत्पाद को बरामद किया गया है। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर लिया है और विस्तृत जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्रेट व्हाइट ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड की ओर से आइडियल आईपीआर प्रोटेक्शन प्राइवेट लिमिटेड को सूचना मिली कि कुछ लोग नकली माल बाजार में बेच रहे हैं। एजेंसी ने इसकी सूचना एकत्र की। उसके बाद पुलिस उपायुक्त कार्यालय को गोपनीय सूचना दी गई। उपायुक्त कार्यालय के निर्देश पर एसीपी तिमारपुर, सीनियर इंसपेक्टर प्रदीप कुमार सिंह के साथ एजेंसी के लोगों ने वजीराबाद थाना क्षेत्र के जगतपुर गांव में छापेमारी की। इस छापेमारी के दौरान वजीराबाद पुलिस थाना क्षेत्र के जगतपुर गांव से मोनू कुमार जो कि स्टॉक का काम करता था और राजू गुप्ता जो कि एसेंबल का काम करता था, को हिरासत में लिया गया। ग्रेट व्हाइट ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड के कई उत्पाद हजारों की संख्या में बरामद की गई है।

### दिल्ली में कार की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत

**नई दिल्ली।** यहां राम मनोहर लोहिया अस्पताल के पास कथित तौर पर एक कार से टकराने के बाद, दोपहिया वाहन पर सवार 29 वर्षीय एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मृतक की पहचान कन्हैया कुमार यादव के रूप में की गई है जो दक्षिण गणेश नगर का निवासी था। पुलिस ने कहा कि मृतक बंगला साहिब गुरुद्वारे के पास पेट्रोल पंप पर टैंकर चालक का काम करता था। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना शनिवार को मदर टेरेसा क्रिसेंट रोड पर हुई जब यादव एक व्यक्ति के साथ स्कूटी पर जा रहा था और किसी अज्ञात कार ने उसे टक्कर मार दी। पुलिस उपायुक्त (नई दिल्ली) अमृता गुगुलोथ ने कहा कि यादव को अस्पताल ले जाया गया जहां उसे मृत अवस्था में लाया घोषित कर दिया गया। इस संबंध में नॉर्थ एवेन्यू पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया है और जांच जारी है।

# एकीकरण के बाद भी एमसीडी कर्मचारियों को तनख्वाह नहीं दे रही भाजपा की केंद्र सरकार

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



- अध्यापकों को पिछले 5-6 महीनों से तो सफाई कर्मचारियों को 2-3 महीनों से नहीं मिली तनख्वाह

आम आदमी पार्टी के एमसीडी प्रभारी दुर्गेश पाठक ने कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार एमसीडी के एकीकरण के बाद भी कर्मचारियों को तनख्वाह नहीं दे रही है। अध्यापकों को पिछले 5-6 महीनों से तो सफाई कर्मचारियों को 2-3 महीनों से तनख्वाह नहीं मिली है। जेई, ऐई समेत सैंकड़ों कर्मचारियों को पिछले 5-6 महीनों से तनख्वाह नहीं मिली है।

दुर्गेश पाठक ने भाजपा से जवाब मांगा है कि केंद्र सरकार के आधीन होने के बावजूद एमसीडी कर्मचारियों की तनख्वाह में इतना विलंभ क्यों हो रहा है? साथ ही उन्होंने कहा कि भाजपा शासित एमसीडी से आग्रह है कि अपने वादे के अनुसार सभी कर्मचारियों की तनख्वाह जल्द से जल्द जारी करे। खुद भाजपा का दावा था कि एकीकरण के बाद एमसीडी की सभी समस्याएं खत्म हो जाएंगी, कर्मचारियों को तनख्वाह भी समय से मिलेगी। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं एमसीडी प्रभारी दुर्गेश पाठक ने सोमवार को पार्टी मुख्यालय में एक महत्तवपूर्ण प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले 17 सालों के कार्यकाल में बीजेपी ने एमसीडी में इतना भ्रष्टाचार किया है कि आज एमसीडी के पास अपने कर्मचारियों को तनख्वाह देने तक के पैसे नहीं हैं। दिल्ली की जनता इस उम्मीद में थी कि चुनाव के बाद नई सरकार सभी समस्याओं पर विराम लगाएगी। लेकिन इसी दौरान भारतीय जनता पार्टी ने तीनों निगमों के एकीकरण की घोषणा कर दी और कहा कि इसके बाद सभी कर्मचारियों को समय से तनख्वाह मिलेगी। उन्होंने कहा कि अब एमसीडी की समस्याएं खत्म हो जाएंगी, सभी प्रॉजेक्ट समय से पूरे होंगे और एमसीडी में किसी भी प्रकार का भ्रष्टाचार नहीं होगा क्योंकि खुद मोदी जी ने इसकी जिम्मेदारी ली है।

दुर्गेश पाठक ने कहा कि इसके बाद हमने भी सोचा कि कुछ वक्त रुककर भाजपा के इन दावों को भी देख लिया जाए। लेकिन अबतो पानी सिर के ऊपर चला गया है। जनता के लिए यह जानना बेहद जरूर हो गया है कि एमसीडी के सभी कर्मचारी किन हालातों में जी रहे हैं। ईस्ट एमसीडी के स्कूलों के सभी अध्यापकों को पिछले 6 महीनों से तनख्वाह नहीं मिली है। सफाई कर्मचारियों को 2-3 महीनों से तनख्वाह नहीं मिली है। डॉक्टरों, नर्सों, माली, बेलदार, ऑफिस कर्मचारियों आदि को पिछले 5-6 महीनों से तनख्वाह नहीं मिली है। यही हाल नॉर्थ एमसीडी का है। वहां के स्कूलों के अध्यापकों को भी 3-4 महीनों से तनख्वाह नहीं मिली है। सफाई कर्मचारियों को 2-3 महीनों से तनख्वाह नहीं मिली है। जेई, ऐई, सभी समूहों के कर्मचारियों का बुरा हाल है।


## क्विंट डिजिटल मीडिया लिमिटेड

(पूर्व में गौरव मर्केंटाइल्स लिमिटेड के रूप में जाना जाता था)

सीआईएन : **L74110DL1985PLC373314**

**पंजीकृत कार्यालय:** 403 प्रभात किरण, राजेंद्र प्लेस, दिल्ली- 110008 | दूरभाष: 011- 45142374

**कॉर्पोरेट कार्यालय :** कार्नौस्टीज बिल्डिंग, प्लॉट नंबर 1, 9वीं मंजिल, सेक्टर 16 ए, फिल्म सिटी, नोएडा - 201301 | दूरभाष नंबर: 0120 4751818

वेबसाइट: www.quintdigitalmedia.com | ईमेल: cs@thequint.com

### सूचना

सदस्यों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 110 और अन्य लागू प्रावधानों, यदि कोई हो, के अनुसार कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 22 के साथ पठित सामान्य परिपत्र संख्या 14/2020 के अनुसार। दिनांक 8 अप्रैल, 2020, सामान्य परिपत्र संख्या 17/2020 दिनांक 13 अप्रैल, 2020, सामान्य परिपत्र संख्या 22/2020 दिनांक 15 जून, 2020, सामान्य परिपत्र संख्या 33/2020 दिनांक 28 सितंबर, 2020, सामान्य परिपत्र संख्या 39 / 2020 दिनांक 31 दिसंबर, 2020, सामान्य परिपत्र संख्या 10/2021 दिनांक 23 जून, 2021, सामान्य परिपत्र संख्या 20/2021 दिनांक 8 दिसंबर, 2021 और सामान्य परिपत्र संख्या 3/2022 दिनांक 5 मई, 2022 मंत्रालय द्वारा जारी किया गया COVID-19 ("**MCA परिपत्र**") के मद्देनजर कॉर्पोरेट मामलों के, भारत सरकार ("**MCA**"), कंपनी पोस्टल बैलेट ("**पोस्टल बैलट**") के माध्यम से नीचे दिए गए प्रस्तावित प्रस्ताव के लिए अपने शेयरधारकों की सहमति इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों ("**ई–वोटिंग**") से मतदान के माध्यम से मांग रही है।

कंपनी ने 23 मई, 2022 को उन सभी सदस्यों को, जिनका नाम 20 मई, 2022 तक सदस्यों के रजिस्टर/लाभार्थी स्वामियों की सूची में दर्ज है, व्याख्यात्मक विवरण ("**पोस्टल बैलेट नोटिस**") के साथ पोस्टल बैलेट के लिए नोटिस भेजने का कार्य पूरा कर लिया है ("**कट–ऑफ तिथि** ")।

पोस्टल बैलेट नोटिस उन सभी शेयरधारकों को इलेक्ट्रॉनिक मेल के माध्यम से भेजा गया है जिनके ईमेल पते डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के रिकॉर्ड में पंजीकृत हैं। एमसीए परिपत्रों की आवश्यकताओं के अनुपालन के संदर्भ में, पोस्टल बैलेट नोटिस की भौतिक प्रति और प्रीपेड व्यवसाय इस पोस्टल बैलेट के लिए सदस्यों को लिफाफा नहीं भेजा जाएगा और सदस्यों को केवल ई–वोटिंग सिस्टम के माध्यम से अपनी सहमति या असहमति की सूचना देनी होगी।

सदस्यों को भेजे गए उक्त पोस्टल बैलेट नोटिस के तहत केवल ई–वोटिंग के माध्यम से निम्नलिखित मामलों को अनुमोदन के लिए रखा जा रहा है।

| मद संख्या | संकल्पों का विवरण |
|---|---|
| 1. | सामग्री सहायक कंपनी क्विंटिलियन मीडिया लिमिटेड की संपत्ति की बिक्री को मंजूरी देने के लिए विशेष संकल्प |
| 2. | संबंधित पार्टी लेनदेन को मंजूरी देने के लिए साधारण संकल्प |

कंपनी ने ई–वोटिंग सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज लिमिटेड ("**सीडीएसएल**") की सेवाएं ली हैं और सदस्यों से केवल एमसीए परिपत्रों के अनुसार इलेक्ट्रॉनिक रूप से वोट डालने का अनुरोध किया जाता है।

एमसीए परिपत्रों के आलोक में, जिन सदस्यों ने अपना ईमेल पता पंजीकृत नहीं किया है और परिणामस्वरूप पोस्टल बैलेट नोटिस प्राप्त नहीं कर सके, वे पोस्टल बैलेट नोटिस के तहत प्रदान की गई पंजीकरण प्रक्रिया का पालन करके अपना ईमेल पंजीकृत करवा सकते हैं। ईमेल पते के सफलतापूर्वक पंजीकरण या अद्यतन करने पर, सदस्य को इस पोस्टल बैलेट के लिए ई–वोटिंग को सक्षम करने के लिए यूजर आईडी और पासवर्ड के साथ नोटिस की सॉफ्ट कॉपी और ई–वोटिंग की प्रक्रिया प्राप्त होगी।

ई–वोटिंग की अवधि **मंगलवार, 24 मई, 2022 (सुबह 9:00 बजे)** से शुरू होगी और **बुधवार, 22 जून, 2022 (शाम 5 बजे)** को समाप्त होगी। इस अवधि के दौरान, कंपनी के सदस्य कट–ऑफ तिथि के अनुसार भौतिक रूप में या डीमैट रूप में शेयर धारण करते हैं, इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपना वोट डाल सकते हैं। इसके बाद मतदान के लिए सीडीएसएल द्वारा ई–वोटिंग मॉड्यूल को निष्क्रिय कर दिया जाएगा।

निदेशक मंडल ने श्री देवेश कुमार वशिष्ठ, प्रैक्टिसिंग कंपनी सचिव और मैसर्स संजय ग्रोवर एंड एसोसिएट्स के पार्टनर, जिनके पास सीपी नंबर 13700 है, को डाक मतपत्र प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संवीक्षक जांच पूरी होने के बाद अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा और पोस्टल बैलेट के परिणाम कंपनी की वेबसाइट www.quintdigitalmedia.com पर पोस्ट किए जाएंगे, इसके अलावा स्टॉक एक्सचेंजों को सूचित किया जाएगा जहां कंपनी के इक्विटी शेयर **24 जून 2022 को या उससे पहले** सूचीबद्ध हैं।

जिन सदस्यों का नाम 20 मई, 2022 को सदस्यों के रजिस्टर/लाभार्थी स्वामी की सूची में दर्ज है, उन पर मतदान के उद्देश्य से विचार किया जाएगा। एक व्यक्ति जो 20 मई, 2022 तक सदस्य नहीं है, उसे इस नोटिस को केवल सूचना के उद्देश्य से समझना चाहिए।

कोई भी सदस्य जिसे पोस्टल बैलेट नोटिस और पोस्टल बैलेट फॉर्म प्राप्त नहीं होता है, वह cs@thequint.com या subhashdhingreja@skylinerta.com पर ईमेल भेज सकता है। पोस्टल बैलेट नोटिस और पोस्टल बैलेट फॉर्म को कंपनी की वेबसाइट www.quintdigitalmedia.com से भी डाउनलोड किया जा सकता है।

पोस्टल बैलेट के परिणाम **शुक्रवार, 24 जून, 2022** को या उससे पहले अध्यक्ष द्वारा घोषित किए जाएंगे, और स्टॉक एक्सचेंजों को सूचित किया जाएगा, जिस पर कंपनी के शेयर सूचीबद्ध हैं। साथ ही, परिणाम कंपनी की वेबसाइट www.quintdigitalmedia.com पर पोस्ट किए जाएंगे।

ई–वोटिंग के संबंध में किसी भी प्रश्न या मुद्दों के मामले में, शेयरधारक www.evotingindia.com पर उपलब्ध अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों ("**एफएक्यू**") और ई–वोटिंग मैनुअल को सहायता अनुभाग के तहत देख सकते हैं या helpdesk.evoting@cdslindia.com पर एक ईमेल लिख सकते हैं। या श्री सुभाष ढींगरेजा, स्काईलाइन फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, ए–505, दत्तानी प्लाजा, अंधेरी कुर्ला रोड, सुरक्षित पूल, अंधेरी – पूर्व, मुंबई, महाराष्ट्र – 400072 से संपर्क कर सकते हैं। अपने ईमेल: subhashdhingreja@skylinerta.com या संपर्क नंबर 022 28511022/49721245 पर संपर्क कर सकते हैं।

**निदेशक मंडल के आदेश से**
**क्विंट डिजिटल मीडिया लिमिटेड के लिए**
**एसडी/–**
**तरुण बेलवाल**
**कंपनी सचिव और अनुपालन अधिकारी**
**एम. क्रमांक A39190**

**जगह:** नोएडा
**दिनांक:** 23 मई, 2022

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातः किरण

# राजधानी किरण

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
नई दिल्ली, मंगलवार, 24 मई, 2022

## संक्षिप्त खबरें

### सात साल की बच्ची ने अंगदान कर लड़के को दी नई जिंदगी

नई दिल्ली। सात वर्ष की बच्ची के अंगदान से छह साल के एक लड़के को नई जिंदगी मिली है। दिल्ली के इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल में छह वर्षीय बच्चे की सफलतापूर्वक लिवर प्रत्यारोपण की सर्जरी की गई। अस्पताल के वरिष्ठ पीडियाट्रिक गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट डॉ. अनुपम सिब्बल ने बताया कि बच्चा एलसीएच नाम की दुर्लभ बीमारी से ग्रसित था। एलसीएच एक ऐसा दुर्लभ विकार है, जो अस्थि मज्जा और लिवर के साथ एक से अधिक अंगों को प्रभावित कर सकता है। इससे फाइब्रोसिस और सिरोसिस का जोखिम बढ़ जाता है। लिवर प्रत्यारोपण करने वाले वरिष्ठ डॉक्टर ने बताया कि चिकित्सीय समस्याओं के चलते बच्चे के परिजनों के पास सही दाता नहीं था, इसलिए उन्हें एक लिवर का इंतजार था। सौभाग्य से राष्ट्रीय अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण संगठन से सात साल की बच्ची के अंगदान की सूचना मिली। दरअसल, गंभीर चोट के कारण एक बच्ची को ब्रेन डेड घोषित कर दिया गया था। बच्ची के परिवार ने अंगदान करने का फैसला लिया था। परिवार ने बच्ची का लिवर और किडनी दान किया। जिस कारण बच्चे को लिवर प्रत्यारोपण के लिए मिल सका। इसके बाद बच्चे को करीब पांच घंटे के भीतर लखनऊ से दिल्ली सड़क मार्ग के जरिए लाया गया। पुलिस अधिकारियों के साथ-साथ एनएचएआई के सहयोग से समय रहते लिवर उपलब्ध हो गया था।

### दिल्ली में 100 पर पहुंची डेंगू के मामलों की संख्या

नई दिल्ली। डेंगू के मामलों की संख्या 100 पर पहुंच गई है। निगम अधिकारियों का कहना है कि इस साल मच्छरों के प्रजनन के लिए अनुकूल मौसम होने की वजह से डेंगू के मामले जल्द सामने आ रहे हैं। डेंगू के मामलों की रोकथाम के लिए हॉट स्पॉटों को चिन्हित कर वहां मच्छरमार दवाइयों का छिड़काव किया जा रहा है। दिल्ली नगर निगम द्वारा डेंगू, चिकनगुनिया और मलेरिया के मामलों को लेकर जारी की गई रिपोर्ट में कहा गया है कि एक जनवरी से लेकर 21 मई तक राजधानी में डेंगू के मामलों ने शतक पूरा कर लिया है। इस अवधि के दौरान बीते वर्ष डेंगू के 25 मामले सामने आए थे। यानी इस साल जनवरी से लेकर मई तक डेंगू के मामलों में चार गुना अधिक मामले सामने आए हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि 21 मई तक मलेरिया के 18 मामले दर्ज किए हैं। बीते साल यह संख्या महज आठ थी। चिकनगुनिया के आठ मामले सामने आए हैं। बीते वर्ष चार मामले दर्ज किए गए थे। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि डेंगू के मामलों की रोकथाम के लिए दिल्ली नगर निगम ने राजधानी में 200 हॉट स्पॉट चिन्हित किए हैं। इन स्थानों पर डेंगू की रोकथाम के लिए जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने उक्त स्थानों पर मच्छरमार दवा का छिड़काव शुरू कर दिया है।

### दिल्लीवासियों को 150 इलेक्ट्रिक बसों का तोहफा देगी केजरीवाल सरकार

नई दिल्ली। केजरीवाल सरकार दिल्ली के लोगों को एक नया तोहफा देने जा रही है। कल यानि 24 मई को सीएम अरविंद केजरीवाल 150 इलेक्ट्रिक बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इन इलेक्ट्रिक बसों में यात्री तीन दिनों तक मुफ्त में ट्रैवल कर सकेंगे। केजरीवाल सरकार ने सोमवार को यह घोषणा करते हुए लेटर भी जारी कर दिया गया है। सीएम केजरीवाल के द्वारा हरी झंडी दिखाते ही दिल्ली की सड़कों पर 150 इलेक्ट्रॉनिक बस नजर आने लगेंगी। केजरीवाल सरकार के द्वारा सार्वजनिक परिवहन के क्षेत्र में इन 150 इलेक्ट्रॉनिक बसों को शामिल किया गया है जिससे अब दिल्ली में सफर करना और भी आसान व सुरक्षित रहेगा। साथ ही पर्यावरण के लिए भी एक यह बड़ा कदम साबित होगा। दिल्ली सरकार ने ई-वाहनों के सार्वजनिक चार्जिंग प्वाइंट बनाने की प्रक्रिया भी तेज कर दी है। अधिकारियों की माने तो जुलाई तक दिल्ली में 500 नए सार्वजनिक ई-वाहन चार्जिंग प्वाइंट चालू कर दिए जाएंगे, जिसके बाद दिल्ली में एक हजार से अधिक ई-वाहन चार्जिंग उपलब्ध होंगे। दिल्ली में अभी 597 ई-वाहन चार्जिंग प्वाइंट हैं, जिसमें मॉल और बाजार में लगाए गए प्वाइंट भी शामिल हैं। व्यक्तिगत तौर भी लोग ई-चार्जिंग प्वाइंट के लिए आवेदन कर रहे हैं। वर्तमान में दिल्ली में 1.48 लाख से अधिक ई-वाहन पंजीकृत हैं। दिल्ली सरकार सभी जिले में सस्ती दरों पर ई-वाहनों चार्जिंग प्वाइंट उपलब्ध कराने की दिशा में काम रही है।

### लंदन एजुकेशन वर्ल्ड फोरम-2022 में बजा केजरीवाल सरकार के शिक्षा मॉडल का डंका

# मनीष सिसोदिया ने 122 देशों के शिक्षा मंत्रियों और विशेषज्ञों से साझा किया दिल्ली का शिक्षा मॉडल

नई दिल्ली, प्रात : किरण

अरविंद केजरीवाल मॉडल ऑफ गवर्नेंस का डंका सोमवार को एक बार फिर वैश्विक मंच पर गूँजा। जब उपमुख्यमंत्री व शिक्षामंत्री मनीष सिसोदिया ने लंदन में आयोजित हो रहे एजुकेशन वर्ल्ड फोरम-2022 में दुनिया भर के 122 शिक्षा मंत्रियों और एक्सपर्ट्स के सामने दिल्ली की शिक्षा क्रांति के विषय में साझा किया। श्री सिसोदिया ने अपने अभिभाषण में बताया कि कैसे केजरीवाल सरकार ने शिक्षा को प्राथमिकता बनाकर लोगों का सरकारी एजुकेशन सिस्टम के प्रति भरोसा बढ़ाया।




डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया ने कहा कि जब मैं शिक्षा के भविष्य की बात करता हूँ तो मेरा मतलब केवल उस छात्र के भविष्य के बारे में नहीं है जो स्कूल में पढ़ रहा है। शिक्षा परिवारों, समाजों, राष्ट्रों के भविष्य के बारे में है। आज शिक्षा का मतलब सिर्फ लोगों को शिक्षित करना नहीं है। यह केवल उन लोगों को शिक्षित करने के बारे में नहीं है जो अशिक्षित और कम पढ़े-लिखे हैं, बल्कि यह उन लोगों को शिक्षित करने के बारे में भी है जिन्हें गलत पढ़ाया जा रहा है।

डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया ने दिल्ली में शिक्षा में आए बदलावों के बारे में साझा करते हुए कहा कि 2015 में जब आम आदमी पार्टी सरकार में आई तब दिल्ली के सरकारी स्कूलों की हालत जर्जर थी और यहां बुनियादी सुविधाओं की भारी कमी थी। तब पेरेंट्स मजबूरी में अपने बच्चों को सरकारी स्कूलों में पढ़ने भेजा करते थे लेकिन जिस किसी के पास भी थोड़े संसाधन थे वो पेरेंट्स अपने बच्चों को प्राइवेट स्कूल में ही भेजते थे। हमने इस परिदृश्य को बदलने का काम किया। आज दिल्ली सरकार के स्कूल विश्वस्तरीय हो चुके है। दिल्ली सरकार के स्कूल शानदार बिल्डिंग्स, स्मार्ट क्लासरूम, बेहतरीन खेल सुविधाओं वाले मैदानों व अन्य सुविधाओं से लैस है। दिल्ली सरकार के स्कूल प्राइवेट स्कूलों से भी शानदार हो चुके है। जिसकी बदौलत आज पेरेंट्स मजबूरी से नहीं बल्कि सम्मान के साथ अपने बच्चों को दिल्ली सरकार के स्कूलों में पढ़ने भेजते है। और 2015 की तुलना में वर्तमान में दिल्ली सरकार के स्कूलों में विद्यार्थियों की संख्या में 21 फीसदी का इजाफा हुआ है। उन्होंने बताया कि 2015 में सरकार में आते ही दिल्ली सरकार ने हर साल अपने कुल बजट का लगभग 25 फीसद शिक्षा को दिया है। अपने टीचर्स व स्कूल प्रमुखों को कैंब्रिज, सिंगापुर, फिनलैंड, आईआईएम आदि में ट्रेनिंग के लिए भेजा ताकि वहां शिक्षा में अपनाए जा रहे नवाचारों को सीख कर वे उन्हें अपने स्कूलों में अपना सके। स्कूल प्रमुखों को वित्तीय व प्रशासनिक शक्तियां बढ़ाई। इन सबकी बदौलत यहां 12वीं का रिजल्ट लगभग 100 फीसद है। हर साल सैकड़ों की संख्या में दिल्ली सरकार के स्कूलों के बच्चों को भारत के टॉप संस्थानों में एडमिशन मिल रहा है।

- अशिक्षितों के साथ- साथ जिन लोगों ने गलत ढंग से सीखा है, उन्हें भी शिक्षित करना ही शिक्षा का असल उद्देश्य है - मनीष सिसोदिया
- वर्तमान में एक-दूसरे से सीख कर एक ऐसी शिक्षा प्रणाली का निर्माण करने की जरूरत है, जो छात्रों को उनकी क्षमता का एहसास कर एक जागरूक नागरिक बनने में कर सके मदद- मनीष सिसोदिया
- शिक्षा केवल स्कूल में पढ़ रहे छात्र के भविष्य को ही नहीं, बल्कि परिवारों, समाजों और राष्ट्र के भविष्य को भी करती है प्रभावित- मनीष सिसोदिया
- सात साल पहले मजबूरी में सरकारी स्कूलों में अपने बच्चों को भेजते थे पेरेंट्स, जबकि आज सम्मान के साथ अपने बच्चों को दिल्ली सरकार के स्कूलों में पढ़ने के लिए भेज रहे पेरेंट्स- मनीष सिसोदिया

डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया ने कहा कि दिल्ली का एजुकेशन मॉडल केवल शानदार स्कूल बिल्डिंग बनाने, रिजल्ट के बेहतर होने या टीचर्स को विदेशों में ट्रेनिंग देने तक ही सीमित नहीं है। शिक्षा का असल उद्देश्य एक-दूसरे का सम्मान करना, बेहतर इंसान बनना व देश समाज के लिए कार्य करना है। इस उद्देश्य के साथ दिल्ली सरकार ने अपने स्कूलों में माइंडसेट करिकुलम की शुरूआत की।

दिल्ली सरकार ने अपने स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को मेन्टल -इमोशनल तौर पर बेहतर बनाने, उन्हें बेहतर इंसान बनाने, खुश रहना सिखाने के लिए हैप्पीनेस माइंडसेट करिकुलम की शुरूआत की और रोजाना कक्षा नर्सरी से 8वीं के 10 लाख से अधिक बच्चे स्कूल में अपने दिल की शुरूआत माइंडफुलनेस के साथ करते है। दिल्ली सरकार के स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चे नौकरी पाने की चाहत रखने के बजाय नौकरी देने वाले बने, रिस्क लेना सीख सके और उनमें ग्रोथ माइंडसेट का विकास हो सके इसके लिए एंटरप्रेन्योरशिप माइंडसेट करिकुलम की शुरूआत की गई। बच्चों में अपने देश के प्रति गर्व की भावना ही और वे बेहतर नागरिक बन सके इसके लिए देशभक्ति करिकुलम की शुरूआत की गई है।

डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया ने बताया कि डिग्नफाइड कक्षाओं, परिवेश, बेहतर प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा छात्रों के लिए शिक्षा को और अधिक रोचक बनाना, विभिन्न माइंडसेट करिकुलम शुरू करना से एक बड़ा बदलाव देखने को मिला। और ड्राप-आउट व अनुपस्थिति दर में कमी देखने को मिली। क्योंकि जब कोई छात्र स्कूल को एक दिलचस्प जगह पाता है, एक ऐसी जगह जहाँ वह रहना चाहता है, तभी हम स्कूलों में तभी हम स्कूलों में ड्राप-आउट दर को कम कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि यदि राष्ट्र एक-दूसरे से सीखते हैं, तो हम एक आदर्श शिक्षा प्रणाली का निर्माण कर सकते हैं। जो छात्रों को उनकी क्षमता का एहसास करने और जागरूक नागरिक बनने में मदद करती है, जिस पर दुनिया को वास्तव में गर्व हो सकता है।

### दिल्ली में भारी बारिश और आंधी से कई मकान ढहे, आठ लोग घायल

**नई दिल्ली।** दिल्ली के विभिन्न इलाकों में सोमवार सुबह भारी बारिश और आंधी के कारण कई मकान ढह गए, जिससे आठ लोग मामूली रूप से घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। दमकल विभाग के अधिकारियों ने बताया कि शहर के ज्वालापुरी, गोकलपुरी, शंकर रोड और मोती नगर इलाकों से मकान ढहने की सूचना मिली है। राजधानी के कुछ हिस्सों में पेड़ उखड़ गए और आईटीओ, डीएनडी और एम्स के पास विभिन्न हिस्सों में ट्रैफिक जाम की सूचना मिली। दमकल विभाग के अधिकारियों के मुताबिक पश्चिमी दिल्ली के ज्वालापुरी में एक मकान के गिरने से तीन लोगों को मामूली चोट लगी, जिनका संजय गांधी अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ज्वालापुरी में मकान ढहने की सूचना सुबह पांच बजकर 51 मिनट पर मिली, जिसके बाद दो दमकल गाड़ियां घटनास्थल के लिए रवाना की गईं। इसी से संबंधित एक अन्य घटना में उत्तर पूर्वी दिल्ली के गोकलपुरी में एक मकान ढह गया, जिसके बाद दो दमकल वाहनों को घटनास्थल के लिये रवाना किया गया। दिल्ली दमकल सेवा के निदेशक अतुल गर्ग ने बताया कि इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि इसके बाद पश्चिमी दिल्ली के मोती नगर इलाके में सुबह करीब छह बजकर 36 मिनट पर एक मकान ढहने की सूचना मिली, जहां बचाव कार्य के लिए दो वाहनों को भेजा गया। उन्होंने बताया कि मोती नगर में तीन लोगों को चोटें आईं और उन्हें आचार्य भिक्षु अस्पताल में स्थानांतरित किया गया।

### केजरीवाल सरकार कल सार्वजनिक बस बेड़े में शामिल करेगी 150 इलेक्ट्रिक बसें

# अरविंद केजरीवाल दिखाएंगे हरी झंडी

नई दिल्ली, प्रात : किरण

केजरीवाल सरकार मंगलवार को दिल्ली को बहुत बड़ा तोहफा देने जा रही है। भारत में एक साथ 150 इलेक्ट्रिक बसों को सार्वजनिक बेड़े में शामिल कर दिल्ली ने पिछले सबसे अधिक बसों को एक साथ सड़क पर उतारने के रिकार्ड की बराबरी करने जा रही है। इन इलेक्ट्रिक बसों को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल हरी झंडी दिखाकर आईपी डिपो से रवाना करेंगे। इससे पहले मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने जनवरी में 2 प्रोटोटाइप इलेक्ट्रिक बसों को हरी झंडी दिखाई थी। दिल्ली की सड़कों पर चलने वाली इलेक्ट्रिक बसों में 3 दिन दिल्ली की जनता मुफ्त में यात्रा कर सकेगी।



ये बसें जीरो स्मोक, जीरो एमिशन वाली इन अत्याधुनिक बसों में सीसीटीवी कैमरे, जीपीएस, 10 पैनिक बटन, दिव्यांगों के लिए रैंप आदि हैं। इन 150 बसों के रख रखाव के लिए मुंडेलकलां, राजघाट और रोहिणी सेक्टर-37 में तीन डिपो को पूरी तरह से इलेक्ट्रिक बस डिपो के रूप में तैयार किया गया हैं। आने वाले महीनो में और 150 बसों को शामिल किया जाएगा।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा हरी झंडी दिखाने के बाद ये बसें दिल्ली के प्रमुख रूटों- रिंग रोड पर तीवर मुद्रिका, रूट नं. 502 मोरी गेट और महरौली टर्मिनल के बीच, रूट नंबर ई-44 आईपी डिपो> कनॉट प्लेस> सफदरजंग> साउथ एक्सटेंशन> आश्रम> जंगपुरा> इंडिया गेट* रूट पर चलेंगी।

- देश में एक साथ सबसे अधिक इलेक्ट्रिक बसों को सार्वजनिक बेड़े में शामिल करने के रिकार्ड की भी मंगलवार को दिल्ली करेगी बराबरी
- आज से दिल्ली की सड़कों पर चलने वाली इलेक्ट्रिक बसों में 3 दिन दिल्ली की जनता मुफ्त में कर सकेगी यात्रा
- दिल्लीवासी इन बसों में यात्रा करें, इसके सुविधा का अनुभव लें और उसे दिल्ली सरकार से साझा करें- कैलाश गहलोत

आने वाले 3 दिनों- 24-26 मई तक कोई भी व्यक्ति इन बसों में मुफ्त में यात्रा कर सकता है। इनके अलावा दिल्ली सरकार अपनी ई-बसों को बढ़ावा देने और अधिक से अधिक लोगों को इसमें यात्रा, अनुभव, प्रचार और प्रोत्साहित करने के लिए एक प्रतियोगिता की भी घोषणा कर रही है। जिसमें मुफ्त सवारी के साथ-साथ दिल्ली सरकार नागरिकों से ई-बसों की सवारी करने के दौरान एक सेल्फी लेकर हैशटैग #क्ष्ह्रीएु४२ के साथ इसे अपने इंस्टाग्राम, ट्विटर और फेसबुक हैंडल पर पोस्ट करने का भी आग्रह किया है। इसमें शामिल टॉप तीन प्रतियोगियों के पास आईपैड जीतने का मौका होगा। परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने कहा कि यह हमारे लिए बहुत बड़ा दिन है। दिल्ली सरकार हमेशा अपने लोगों को ग्रीनर मोड पीएफ ट्रांसपोर्ट और ईवी पर स्विच करने के लिए प्रेरित कर रही है। जिसे हम दिल्लीवासियों में देखना चाहते हैं कि लोग इन बसों में यात्रा करें, इसके सुविधा का अनुभव लें और अपने अनुभव को साझा करें। मैंने व्यक्तिगत रूप से इन बसों को चलावाया और यात्रा की जो शून्य प्रदूषण, शून्य शोर, अधिकतम आराम का पर्याय हैं।

### धन शोधन मामला : थापर की जमानत याचिका पर जवाब मांगा

नई दिल्ली। बैंक ऋण धोखाधड़ी से जुड़े धनशोधन मामले में आरोपी व अवंता समूह के प्रवर्तक गौतम थापर की अंतरिम जमानत याचिका पर प्रवर्तन निदेशालय को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। पिछले सप्ताह ही विशेष अदालत ने थापर को जमानत देने से इनकार करते हुए याचिका खारिज कर दी थी। जस्टिस जसमीत सिंह ने प्रवर्तन निदेशालय को नोटिस जारी करते हुए 27 मई तक जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। बैंक ऋण के करीब 515 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी से जुड़े धन शोधन मामले में थापर जेल में बंद है। मामले की सुनवाई के दौरान जेल प्रशासन की ओर से चिकित्सा अधिकारी ने न्यायालय को बताया कि थापर को लगातार बाएं तरफ सीने में दर्द, पीठ में दर्द होने के साथ-साथ कई अन्य परेशानियों से पीड़ित हैं। हालांकि, प्रवर्तन निदेशालय की ओर से अधिवक्ता नवीन कुमार माटा ने थापर की जमानत याचिका का कड़ा विरोध किया है। उन्होंने कहा कि आरोपी जिस बीमारी का हवाला दे रहे हैं, उसके इलाज के लिए जेल में पर्याप्त प्रबंध हैं।

## क्लासिफाइड

विज्ञापन के लिए संपर्क करें
फोन न. 011- 4909 4643
8130691217

### सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा मुवक्किल श्री सुरेश प्रसाद पुत्र स्व० श्री गनौरी प्रसाद पता मकान नं० 164, गली नं0 4, सालापुर खेडा, बिजवासन, नई दिल्ली- 110061 ने अपने पुत्र अजय कुमार व पुत्रवधु श्रीमती प्रतीमा देवी को उनके नियन्त्रण में न होने और प्रतिदिन मेरे मुवक्किल से लडाई झगडा करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिये है तथा उससे अपने सारे संबंध विच्छेद कर लिये है। अब मेरे मुवक्किल से उपरोक्त पुत्र व पुत्रवधु का कोई सन्बन्ध नही रहा है, यदि भविष्य में उक्त पुत्र व पुत्रवधु के साथ कोई व्यक्ति लेन देन करते है, तो वह स्वयं जिम्मेदार होगे, इसमें मेरे मुवक्किल की कोई जिम्मेदारी नही होगी ।

**एस. के. तिवारी**
**अधिवक्ता**
**चेम्बर नं० 832,**
**जिला न्यायालय द्वारका कोर्ट, द्वारका, नई दिल्ली 110075, मो० नं० 9811947649**

### सार्वजनिक सूचना

मै साबू पुत्र अल्लानूर निवासी मकान नम्बर–573 गली नम्बर–1 किदबई नगर मक्का मस्जिद कस्बा व थाना दादरी जनपद गौतमबुद्धनगर अपने पुत्र फैंसल मलिक को दुव्र्यवहार व अपनी मर्जी से निकाह करने के कारण अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध–विच्छेद करता हूं। भविष्य में अपने किसी गैर कानूनी कृत्य व लेनदेन के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता या ताल्लुक नही होगा।

### PUBLIC NOTICE

"It is to inform to the public at large that Mr. Rajeev Srivastav S/o. Late Mr. Virendra Prakash Srivastav R/o. D-2, 002, Staff Colony BPCL Hsg. Complex, Sector-56, Noida, G. B. Nagar, U. P. (Adhar-2504-1416-8333), who is the owner of said property i.e. Flat No.287, on Third Floor, area measuring 736 sq. fts., situated in Seemant Vihar, Kaushambi Link Road, Ghaziabad, having acquired the same being one of the Legal heir of Mr. Virendra Prakash Srivastav (now deceased), also through Share Certificate dt.11.12.2021 issued by Kendriya Karamchari Evam Mitra Sehkari Awas Samiti Ltd. It is hereby declared that said Late Virendra Prakash Srivastav who was the Previous owner of said Property vide Transfer/Sale Deed dated 07.02.2011 (Doc No. 2951 on dt. 11-02-2011), expired and his wife namely Usha Srivastav also expired leaving behind their 3 Legal heirs i.e. Rajeev Srivastav, Rachna Srivastav and Mrs. Rashmi Asthana and there is no other Legal heirs of said Late Virendra Prakash Srivastav and Late Usha Srivastav, apart from the aforementioned 3 LRs. Against said Property Axis Bank Limited is giving a Housing Loan to one Mr. Rohit Yadav C/o Mr. Sahadev Singh Yadav, R/o 1137, Ground Floor, Sector-13, Vasundhra, Ghaziabad, U.P. (Adhar-7999-2655-1019), who would purchase said property from the Present owner i.e. Sh. Rajeev Srivastav (vendor) and Mrs. Rachna Srivastav and Mrs. Rashmi (as confirming vendors). It is hereby declared that title of the said Property, is absolutely valid, clear and marketable and there is no dispute / Litigation pending in any court of law, in respect of said Property. Whosoever, is having any objection to said mortgage OR any Person having any type of claim/right/title/interest over the said property may inform in writing, at the address mentioned below, about his objections, within 07 days from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien etc.

**VIPUL KR. RAHEJA**
**(D/103IA/2000)**
**Advocate**
**Chamber No. 55, Civil Side, Tis Hazari Courts, Delhi, Mob-9873150663**

### गाजियाबाद-दिल्ली में करोड़ों के नकली नोट बरामद

**नई दिल्ली/गाजियाबाद।** गाजियाबाद की प्रिंटिंग प्रेस में नकली नोट छापने वाले तीन आरोपियों को दिल्ली पुलिस ने सोमवार को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया। एक आरोपी मिठाई के डिब्बे बनाने और दो प्रिंटिंग प्रेस के काम से जुड़े हैं। मगर, खर्चे पूरे करने के लिए गलत धंधे से जुड़ गए। पिछले करीब ढाई साल से यह प्रिंटिंग प्रेस चल रही थी। कहा जा रहा है कि मार्केट में अब तक करोड़ों रुपए के नकली नोट खपाए जा चुके हैं। दिल्ली पुलिस को मौके से करीब 34 लाख के बने-अधबने नोट मिले हैं। ये लोग 5 सौ के एक असली नोट पर तीन नकली नोट देते थे। दिल्ली पुलिस के डीसीपी क्राइम अमित गोयल ने बताया, 19 और 20 मई को गाजियाबाद में एक फैक्ट्री के भीतर इस प्रिंटिंग प्रेस पर छापा मारा गया था। यह फैक्ट्री लोनी थाना क्षेत्र के ट्रोनिका सिटी इंडस्ट्रियल एरिया में है। इस मामले में कुल तीन लोगों की गिरफ्तारी हुई है। उनकी पहचान राजपाल निवासी मौजपुर दिल्ली, अजीम अहमद निवासी मौजपुर दिल्ली और आशीष जैन निवासी उस्मानपुर दिल्ली के रूप में हुई है। पुलिस ने सबसे पहले आशीष जैन को दिल्ली में नकली नोट चलाते हुए पकड़ा। उससे पांच-पांच सौ के डेढ़ लाख रुपए के नकली नोट मिले। पूछताछ में पुलिस को इस प्रिंटिंग प्रेस का पता मिला। जिसके बाद वहां जाकर कार्रवाई की गई। प्रिंटिंग प्रेस से पांच-पांच सौ के 926 तैयार नोट मिले। जबकि 30 लाख रुपए कीमत के नोट तैयार होते हुए पाए गए, जो अधूरे थे।

## स्कूलों में सैनिटरी नैपकिन संबंधी याचिका पर उच्च न्यायालय ने दिल्ली सरकार से जवाब मांगा

नई दिल्ली, प्रात : किरण

दिल्ली उच्च न्यायालय ने यहां के सभी सरकारी स्कूलों में छात्राओं के लिए सैनिटरी नैपकिन की सुविधा तत्काल बहाल करने के अनुरोध वाली जनहित याचिका पर दिल्ली सरकार से सोमवार को जवाब मांगा और कहा कि एक सामाजिक कार्य का केवल अनुबंध नहीं होने के कारण बंद होना सही नहीं है। दिल्ली सरकार के वकील संतोष कुमार त्रिपाठी ने कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी की अध्यक्षता वाली पीठ को बताया कि इस सुविधा को जनवरी 2021 से बंद कर दिया गया था और गर्मियों की छुट्टी के बाद स्कूलों के फिर से खुलने के बाद इसके शुरू होने की संभावना है क्योंकि ताजा निविदा पहले ही निकाली जा चुकी है और जल्द ही इसके अंतिम रूप दिए जाने की संभावना है। पीठ में न्यायमूर्ति सचिन दत्ता भी शामिल थे। पीठ ने सवाल किया कि अंतरिम व्यवस्था नहीं होने की स्थिति में आखिर इस तरह के कदम को क्यों रोका जाना चाहिए और कहा कि सरकार को हमेशा सरकारी ई-मार्केटप्लेस से अनुमोदित दरों पर सामान खरीदना होता है। अदालत ने कहा कि दिल्ली सरकार को ऐसी स्थितियों से निपटने के लिए एक नीति विकसित करनी चाहिए जहां मौजूदा अनुबंध समय के साथ समाप्त हो जाते हैं। अदालत ने कहा, ह्यह्यकेवल मौजदा अनुबंध की अनुपस्थिति ही इस तरह के सामाजिक कदम के बंद होने के लिए पर्याप्त नहीं होते हैं बल्कि जब मौजूदा अनुबंध समय के साथ समाप्त हो जाते हैं, तो दिल्ली सरकार को ऐसी स्थिति से निपटने के लिए एक नीति विकसित करनी चाहिए।

### एमसीडी | दिल्ली विधान सभा की लोक लेखा समिति ने कचरा प्रबंधन और बढ़ते कूड़े के पहाड़ को लेकर एमसीडी आयुक्त को किया तलब

# दिल्ली सरकार द्वारा एमसीडी को आवंटित धन के उपयोग के विस्तृत अध्ययन की आवश्यकता: आतिशी

नई दिल्ली, प्रात : किरण

दिल्ली विधानसभा की लोक लेखा समिति ने सोमवार को कचरा प्रबंधन की कमी और बढ़ते कूड़े के पहाड़ को लेकर एमसीडी की खिंचाई की है। विधायक आतिशी की अध्यक्षता में लोक लेखा समिति ने एमसीडी आयुक्त को तलब किया है। समिति ने उन्हें 30 मई 2022 तक एमसीडी के ठोस कचरे के प्रबंधन के संबंध में ऑडिट रिपोर्ट, वित्तीय अनुबंध और व्यय रिपोर्ट पेश करने के लिए कहा है।



इस मौके पर समिति की अध्यक्ष आतिशी ने कहा कि केजरीवाल सरकार द्वारा एमसीडी को जो धन आवंटित किया जाता है उसका कहां और कैसे उपयोग हो रहा है, इसके विस्तृत अध्यनन की आवश्यकता है। एमसीडी के अधिकारियों ने हमेशा बेहतर ढंग से ठोस कचरा प्रबंधन न होने के पीछे धन की कमी को जिम्मेदार ठहराया है। जबकि केजरीवाल सरकार हर साल एमसीडी को इसके लिए उचित फंड देती है। ऐसे में यह सवाल उठता है कि ये पैसे कहां इस्तेमाल हो रहे हैं। केजरीवाल सरकार से साल-दर-साल धन प्राप्त करने के बावजूद भाजपा शासित एमसीडी अपने प्राथमिक कार्य में पूरी तरह विफल रही है।

अपनी जिम्मेदारियों से दूर भागती एमसीडी की जवाबदेही और पारदर्शिता की कमी को उजागर करते हुए कमेटी की अध्यक्ष आतिशी ने कहा कि जब पूर्वी दिल्ली के एमसीडी आयुक्त को अपने अन्य अधिकारियों के साथ पर्यावरण समिति के सामने एक विस्तृत रिपोर्ट पेश करते हुए ये पूछा गया कि पूर्वी दिल्ली नगर निगम गाजीपुर लैंडफिल साइट में 140 लाख टन पुराने कचरे को साफ करने में क्यों सक्षम नहीं है?, उनके पास लैंडफिल में बार-बार आग लगने की घटनाओं से निपटने के लिए क्या तंत्र मौजूद है?, तो उनका जबाब था कि फंड की कमी के कारण पूर्वी दिल्ली नगर निगम कचरे में आग लगने के इस खतरे को हल करने में सक्षम नहीं है।

- विधायक आतिशी की अध्यक्षता में लोक लेखा समिति ने निगमायुक्त को एमसीडी के कचरे के प्रबंधन के संबंध में ऑडिट रिपोर्ट, वित्तीय अनुबंध और व्यय रिपोर्ट पेश करने का दिया आदेश
- एमसीडी अधिकारियों ने कचरे के प्रबंधन की कमी के पीछे धन की कमी को वजह बताया है, ऐसे में बड़ा सवाल है कि आखिर केजरीवाल सरकार द्वारा दिए गए फंड का इस्तेमाल कहां हुआ है?- आतिशी
- कचरा प्रबंधन के लिए केजरीवाल सरकार ने साल दर साल दिया फंड, फिर भी भाजपा शासित एमसीडी अपने प्राथमिक काम को करने में पूरी तरह रही विफल- आतिशी

विधायक आतिशी ने कहा कि यह चौंकाने वाला है कि ठोस कचरा प्रबंधन के नाम पर केजरीवाल सरकार से साल-दर-साल धन मिलने के बावजूद भाजपा शासित एमसीडी अपने प्राथमिक काम में पूरी तरह से विफल रही है। इस प्रकार पर्यावरण समिति की सिफारिशों को ध्यान में रखते हुए एमसीडी के खातों के विस्तृत अध्ययन की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि विधानसभा अध्यक्ष ने लोक लेखा समिति को इस विस्तृत अध्ययन का जिम्मा सौंपा है। कमेटी ने एमसीडी आयुक्त को पिछले 5 सालों की निगम के चीफ ऑडिटर की ऑडिट रिपोर्ट, ठोस कचरा प्रबंधन के उद्देश्य से केजरीवाल सरकार द्वारा दी गई राशि पर एक विस्तृत रिपोर्ट, इस धन के उपयोग का विस्तृत विवरण और एमसीडी व निजी पार्टियों के बीच सभी वित्तीय अनुबंधों की एक कॉपी जैसे म्यूनिसिपल सॉलिड वेस्ट का संग्रहण, परिवहन और निपटान का ब्यौरा पेश करने को कहा है।

# विधायक राज में लगी विकास कार्यों की झड़ी जरा सी बारिश में पानी में डूबा शहर

गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता





**जानकारी**

- झमाझम बारिश के बाद खुली नगर निगम के वायदों की पोल
- शहर में जगह-जगह हुआ जलभराव, वाहनों के फंसने के बाद धक्के लगाते दिखाई दिए लोग

एक ओर जहां बारिश के कारण सोमवार को मौसम सुहाना हो गया है, वहीं झमाझम बारिश के बाद शहर में जगह-जगह सडकों पर जलभराव हो गया। विधायक राज में अधिकांश कालोनियों, सैक्टर, चौक-चौराहों और बाजारों में पानी भर गया।

ऐसे में प्रशासन के पानी निकासी के सभी दावे भी फेल हो गए और लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। निगम द्वारा बार-बार किए गए हवा-हवाई दावे बिना मौसम की बारिश में बहते हुए नजर आए। सैक्टर 4, 5, कोर्ट परिसर, प्रताप नगर, जैकबपुरा, बस स्टैण्ड, सैक्टर 30, 31, राजीव चौक फ्लाईओवर, अंडरपास कोई भी क्षेत्र हल्की सी बारिश से बच नहीं पाया। शहर के प्रबुद्ध लोगों ने कहा कि नगर निगम के अधिकारियों द्वारा हर बार हर वर्ष यह दावा किया जाता है कि अबकी बार बारिश के पानी की निकासी के पुख्ता इंतजाम कर लिए गए हैं। उन्होंने कहा कि ड्रेनेज, सीवर आदि की सफाई यदि समय से पूर्व कर ली होती तो आज बिना मौसम की बारिश का यह असर न होता कि लोगों के घरों में पानी भर जाता। उन्होंने कहा कि शहर के सभी क्षेत्रों में घुटने-घुटने पानी होने के कारण दोपहिया वाहन हो या कार हो सभी पानी में डूबते नजर आ रहे थे। शहर में विकास के नाम पर कहीं पर बिजली की तार तो कहीं अन्य कार्य जो पिछले कई माह से किए जा रहे हैं, वह गड्ढे बंद न होने के कारण उनमें पानी भरने से कई दोपहिया व चौपहिया वाहन फंसते नजर आए। यह इतेफाक है कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। शहर के लोगों ने नगर निगम को कोसते हुए कहा कि जब हल्की सी बारिश में यह हाल हुआ है तो मानसून आने के बाद किस प्रकार शहर को जलभराव से बचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि नगर निगम का जो कमिश्नर आया है उन्होंने बारिश के पानी के निकासी के दावे तो बड़े-बड़े किए हैं, लेकिन धरातल पर ऐसा नहीं दिखाई दिया। नगर निगम के आयुक्त मुकेश आहूजा ने कार्यभार संभालने के बाद जब पत्रकारों द्वारा उनसे पानी निकासी के बारे में पूछा गया था तो उन्होंने कहा था कि वे काम पर ज्यादा विश्वास करते हैं तो उनके दावे भी हवा-हवाई दिखाई दिए।

सैक्टर 3, 5 व 6 आरडब्ल्यूए के प्रधान दिनेश वशिष्ठ ने कहा कि हल्की सी बारिश ने निगम के दावे खोल दिए हैं। नगर निगम के मुख्य अभियंता दावा करते नहीं थकते कि ड्रेनेज व नालियों की सफाई करा दी गई है। यदि ड्रेनेज, नालियों तथा नालों की सफाई हो जाती तो शहरवासियों को जलभराव की समस्या का सामना ही नहीं करना पड़ता।

शहर के प्रबुद्ध लोगों ने कहा कि प्रदेश की आर्थिक राजधानी के नाम से मशहूर साईबर सिटी के सैक्टरों के अलावा बिल्डर फ्लेट में ऊंची सोसाटियों में यह सोचकर ऊंचे दामों पर प्लाट, फ्लेट आदि लिया था कि सोसायटियों में जलभराव की समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा। आज उन्हें हल्की बारिश में कार के पहियों से ऊपर पानी देखकर यह दुख हुआ कि यदि कार चलाते समय पानी में कार बंद हो गई तो उसे किस कदर लेकर अपने गंतव्य तक पहुंचेंगे।

# गोयल बंधुओं के प्रयास से फिर से फर्रूखनगर-दिल्ली ट्रैक पर बजी रेल की सीटी




गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता

**प्रयास**

- अब और भी बंद ट्रेनों के संचालन के किए जाएंगे प्रयास

कोरोना महामारी में बंद हुई ट्रेनों के संचालन को केंद्रीय रेल मंत्री, रेल राज्य मंत्री, सांसदों से मिलकर सिफारिश करने वाले रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य डीपी गोयल लंबे समय से प्रयासरत हैं। अब से पहले कई ट्रेनों का संचालन वे करवा चुके हैं।

सोमवार को फर्रूखनगर-दिल्ली (04030), दिल्ली-फर्रूखनगर (04901) के बीच ट्रेन को भी शुरू करवा दिया गया। इस मौके पर जिला परिषद गुरुग्राम उपाध्यक्ष संजीव यादव, दैनिक रेल यात्री संघ से भीम सिंह सारवान, हरभजन सिंह बाजवा, छतर सिंह पोसवाल की ओर से डा. डीपी गोयल, नवीन गोयल को क्षेत्र की तरफ से पगड़ी पहनाकर स्वागत व सम्मान किया गया।

गुरुग्राम-रेवाड़ी-जयपुर रेल मार्ग पर बंद पड़ी ट्रेनों के संचालन में अग्रणी भूमिका निभा रहे डीपी गोयल के कार्यों की सराहना करते हुए क्षेत्र के लोगों ने धन्यवाद किया है। इस अवसर पर डीपी गोयल के साथ पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल, किसान नेता राव मान सिंह ने ट्रेन को झंडी दिखाई। इससे पूर्व स्टेशन पर एकत्रित क्षेत्र के लोगों को संबोधित करते हुए डीपी गोयल ने कहा कि रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य होने के नाते उनका यह कर्तव्य है कि वे ट्रेनों संबंधित समस्याओं को मंत्रियों, सांसदों और रेल अधिकारियों तक पहुंचाएं।

डीपी गोयल ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, गुरुग्राम के सांसद एवं केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह का आभार व्यक्त किया है।

## आरपी सिंह चौहान को किया गया सम्मानित



गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता

आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर प्रजापति ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के डीएलएफ फेस 2 स्थित ओम शांति सेंटर के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम स्वर्णिम समाज से स्वर्णिम भारत की ओर में समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए मंथन जन सेवा समिति के अध्यक्ष आरपी सिंह चौहान को सेवा रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। आरपी सिंह चौहान कहा कि उनके द्वारा किए जन कल्याण/पर्यावरण संरक्षण के लिए किये कार्यों के अनेक सम्मानों से सम्मानित किया जा चुका।

उन्होंने बताया कि वे पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए संस्था के माध्यम से लगभग तीन लाख पौधे लगा चुके हैं तथा उनकी देखभाल के लिए विशेष ध्यान दिया जाता हैं, जिसका परिणाम यह है कि अब पौधे बड़े हो गये होकर छाया,फल एवं फुल से लोगों में पौधे लगाने की रूचि बढ़ा मिला हैं।

## आपसे जुड़िए अभियान- हजारों गुड़गांव वासियों ने मेंबरशिप मिस्ड कॉल की

गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता




गुड़गांव निगम चुनाव की तैयारी में आम आदमी पार्टी ने आप से जुड़िए अभियान चलाया है जिसके तहत 7026870268 पर मिस्ड कॉल करके लोग आम आदमी पार्टी से जुड़ सकते हैं।

आम आदमी पार्टी की बादशाहपुर अध्यक्ष डॉ सारिका वर्मा ने बताया कि सभी वार्ड में बहुत बढ़िया काम चल रहा है और शनिवार एतवार श्याम को मार्केट में कैनेपी लगाकर आम आदमी पार्टी कार्यकर्ता लोगों को जोड़ रहे हैं। अक्सर लोग हमें देखकर यही कहते हैं अच्छा अब गुडगांव में भी आम आदमी पार्टी आ गई है, चलो अब यहां पर भी हमारे काम होंगे। दिल्ली के लोग अपने सरकारी स्कूल की बहुत प्रशंसा करते हैं और 24 घंटे बिजली, साफ पानी के लिए आम आदमी पार्टी सरकार से बहुत संतुष्ट है। जो नए लोग पार्टी के लिए समय निकाल सकते हैं उन्हें अपनी-अपनी वार्ड के हाट्सएप ग्रुप पर भी जोड़ा जा रहा है।

गुड़गांव के निगम चुनाव की तैयारी राष्ट्रीय सचिव पंकज गुप्ता के नेतृत्व में हो रही है और हर मंगलवार सभी निगम संयोजक और वार्ड प्रभारी के साथ मीटिंग होती है। डॉ सारिका वर्मा ने बताया 15 तारीख को 2000 लोग जुड़े और इस हफ्ते 4000 से अधिक नए लोग आम आदमी पार्टी गुडगांव से जुड़े हैं। 29 मई को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल कुरुक्षेत्र में आयोजित अब बदलेगा हरियाणा रैली का संबोधन करने आ रहे हैं। हरियाणा की राजनीति में अब एक इमानदार विकल्प लोगों के सामने आ गया है और आगामी चुनावों में इसका असर जरूर दिखेगा।

## पूजा नांगिया को मिला बेस्ट एमर्जिंग क्रिएटिव पर्सनलिटी ऑफ द ईयर अवार्ड

**गुरुग्राम।** हरियाणा प्रदेश में विभिन्न क्षेत्रों में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। कमी है तो केवल इन प्रतिभाओं को समुचित मंच उपलब्ध कराने की। यदि उन्हें समुचित मंच उपलब्ध करा दिया जाए तो वे अपनी प्रतिभा का अंतर्राष्ट्रीय क्षेत्र में प्रदर्शन कर देश-प्रदेश व अपने जिले का नाम रोशन कर सकते हैं। सौंदर्य क्षेत्र में भी प्रदेश की युवतियों ने देश में ही नहीं, अपितु विश्व में भी देश व हरियाणा का नाम रोशन किया है। इसी क्रम में गुडगांव की पूजा नांगिया ने भी विभिन्न सौंदर्य प्रतियोगिताओं में गुडगांव का नाम रोशन किया है। उन्हें कई राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं द्वारा भी सौंदर्य क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर पुरुस्कृत किया जा चुका है। गत 19 मई को द हाउस ऑफ कॉमन्स लंदन में आयोजित एक समारोह में पूजा नांगिया को बेस्ट एमर्जिंग क्रिएटिव पर्सनलिटी ऑफ द ईयर के अवार्ड से सम्मानित किया है। सौंदर्य के क्षेत्र में प्रयासरत कई संस्थाओं व उनके सदस्यों ने उनकी इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं दी हैं। पूजा नांगिया का कहना है कि इस अवार्ड के मिलने से उनकी और अधिक हिम्मत बढ़ी है।

## बिजली का खंभा व पेड़ टूटने से जनता रही परेशान





गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता

रविवार रात्रि तथा सोमवार सुबह बिन मौसम की बारिश ने जहां एक ओर लोगों को गर्मी से निजात दिलाई तथा तापमान अन्य दिनों की अपेक्षा 31 डिग्री रहा। वहीं दूसरी ओर तेज हवा चलने के कारण कहीं बिजली के खंभे टूटकर गिरने के समाचार मिले तो कहीं पड़े आदि टूटकर सडक पर गिर गए। जगह-जगह पेड़ व खंभे टूटने के कारण बिजली व यातायात बाधित रहे। उन्होंने कहा कि पिछले करीब एक सप्ताह से तापमान 45 डिग्री के आस-पास होने के कारण शहर के लोगों को गर्मी व लू का सामना करना पड़ रहा था। रविवार देर रात्रि व सोमवार सुबह हुई बिन मौसम की बारिश से गर्मी से राहत तो मिली, लेकिन खंभे व पेड़ आदि टूटने के कारण वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। जिन क्षेत्रों में बिजली के खंभे टूटे वहां पर बिजली बाधित रही। सैक्टर 57 निवासी एसके मल्होत्रा ने बताया कि मकान नंबर 1804 के आस-पास आंधी के कारण बिजली का खंभा अचानक टूटकर गिर गया और बिजली की तारें लटकती रही। उन्होंने बताया किउक्त क्षेत्र में बिजली बाधित रही और लोगों को भय बना रहा कि कहीं करंट न आ जाए।

## फीस वापिसी की मांग को लेकर अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद व छात्र परिषद ने किया धरना प्रदर्शन

**गुरुग्राम।** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद व राष्ट्रीय छात्र परिषद ने दिल्ली सरकार द्वारा कोरोना काल में छात्रों से ली गई ट्यूशन फीस को वापिस करने के लिए जंतर-मंतर पर जबरदस्त धरना प्रदर्शन कर उप राज्यपाल को ज्ञापन भी सौंपा, जिसमें मांग की गई कि कक्षा एक से 12 तक के सभी छात्रों की वर्ष 2020-21 व 2021-22 में छात्रों से ली गई ट्यूशन फीस को वापिस कराया जाए। भ्रष्टाचार उन्मूलन में जुटी क्राईम रिफार्मर एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष व अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के दिल्ली प्रदेशाध्यक्ष डा. संदीप कटारिया ने बताया कि सरकार ने क्षेत्रीय व जिला शिक्षा अधिकारियों को आदेश दिए हैं कि कक्षा एक से 12 तक के अल्पसंख्यक छात्रों की ट्यूशन फीस सत्यापन कर वापिस की जाए। डा. कटारिया का कहना है कि सरकार का यह निर्णय अन्य समाजों के छात्रों को अपमानित करने वाला है। ट्यूशन फीस विशेष वर्ग की ही क्यों वापिस की जा रही है। दिल्ली सरकार दोहरा मापदंड अपना रही है, जो परिषद को किसी भी हालत में स्वीकार नहीं है।

## 2 दिवसीय मेगा वैक्सीनेशन कैंप का हुआ आयोजन

गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता



कोरोना से बचाव के लिए गुडगांव विश्वविद्यालय (जीयू) में 2 दिवसीय मेगा वैक्सीनेशन कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों व शिक्षकों ने भी कोरोनारोधी टीके लगवाए। वैक्सीनेशन कैंप का शुभारंभ जीयू के कुलपति दिनेश कुमार ने किया और उन्होंने छात्रों, शिक्षकों व कर्मचारियों से आग्रह किया कि कोरोना से बचाव के लिए वे कोरोनारोधी टीका अवश्य लगवाएं।

इस कैंप में कोरोना की दोनों डोज के साथ बूस्टर डोज भी दी गई। छात्र-छात्राओं ने बिना किसी झिझक के कोरोनारोधी टीके लगवाए और उन्होंने सेल्फी भी ली। क्षेत्र की यूपीएचसी तिगरा की मेडिकल ऑफिसर इंचार्ज डा. हरदीप कौर सलूजा ने बताया कि कोरोना टीकाकरण अभियान का उद्देश्य शिक्षकों व छात्रों के बीच कोरोना टीके की आसान पहुंच और अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करना है। कोरोना महामारी कम अवश्य हुई है, लेकिन पूरी तरह से खत्म नहीं हुई है। इसलिए सतर्कता बरतना बहुत जरुरी है। प्रो. दिनेश कुमार का कहना है कि शत-प्रतिशत टीकाकरण कोरोना के खिलाफ लड़ाई लडने में मील का पत्थर साबित होगा। इस मेगा कैंप में डा. वंदना हांडा, प्रथू गर्ग, दीपक कौशिक, मनीषा, महेंद्री, उर्मिला व सुमन आदि ने पूरा सहयोग दिया।

## संजय भसीन को मिला भारतेंदू नाट्य अवार्ड

गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता



**भूमिका**

- गौरतलब है कि संजय भसीन ने विभिन्न नाटकों में अभिनय तथा निर्देशन के कारण रंगमंच को विस्तार देने में अपनी अहम भूमिका निभाई है

गुडगांव निवासी हरियाणा कला परिषद के निदेशक संजय भसीन को हरियाणा कला परिषद और सांस्कृतिक सोसायटी फॉर आर्ट एण्ड कल्चरल डवल्पमेंट के संयुक्त सहयोग से कला कीर्ति भवन में आयोजित 5वें हरियाणा अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के समापन समारोह में भारतेंदू नाट्य अवार्ड से सम्मानित किया गया है। कला परिषद के मीडिया प्रभारी विकास शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में अतिथि के रुप में कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग के निदेशक महाबीर कौशिक व मुख्यमंत्री के सलाहकार व पूर्व सीआईडी चीफ अनिल राव, अभिनेता गोविंद नामदेव, पंकज बेरी व यशपाल शर्मा शामिल हुए। गौरतलब है कि संजय भसीन ने विभिन्न नाटकों में अभिनय तथा निर्देशन के कारण रंगमंच को विस्तार देने में अपनी अहम भूमिका निभाई है। रंगमंच क्षेत्र दिए गए योगदान के लिए विभिन्न संस्थाओं द्वारा समय-समय पर संजय भसीन को विभिन्न पुरस्कारों से सम्मानित किया जाता रहा है। संजय भसीन ने कहा कि उनका पूरा जीवन कला को समर्पित रहा है। कला और संस्कृति के विस्तार के लिए सदैव तत्पर रहते हुए हरियाणा के हुनर को अन्य प्रदेशों के मुकाबले ऊंचाईयों तक पहुंचाना ही उनका ध्येय है। निष्ठा सांस्कृतिक मंच के चेयरमैन सुभाष सिंगला, योगेश गुप्ता, रमेश कालड़ा, अर्पित भसीन, हरजीत सिंह, केके गांधी, जगभूषण गुप्ता, गोल्डी सिंगला, कमल यादव, रजनीश भनौट ने कहा कि संजय भसीन कला के क्षेत्र में बेहतर योगदान दे रहे हैं।

## जिला अदालत परिसर भी जलभराव की समस्या से रहा प्रभावित



गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता

सोमवार की प्रातः हुई बारिश ने जहां शहर के विभिन्न क्षेत्रों में शहरवासियों की आफत बढ़ाकर रख दी है, वहीं जिला अदालत परिसर भी इस बेमौसम बारिश से प्रभावित हुए बिना नहीं रहा। जिला अदालत परिसर में भी जलभराव की स्थिति पैदा हो गई। अदालत की इमारत के 3 साइड में छोड़े गए स्पेस में भारी जलभराव हो गया है। बारिश के इस पानी के निकलने की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। बताया जाता है कि जो पहले व्यवस्था की गई थी, वह ठप्प हो गई है। अधिवक्ताओं का कहना है कि पहले से ही इस खाली स्पेस में सीवर का गंदा पानी भरा हुआ था। अब बारिश के पानी ने अधिवक्ताओं व मुवक्किलों की समस्या बढ़ाकर रख दी है। इस पानी की पर्याप्त निकासी के साधन न होने के कारण विभिन्न संक्रामक बीमारियों के उत्पन्न होने का अंदेशा भी पैदा हो गया है। जिला अदालत प्रबंधन को इस दिशा में कार्यवाही करनी चाहिए, ताकि जलभराव की इस समस्या से अधिवक्ताओं व मुवक्किलों को बचाया जा सके।

# हरियाणा के खिलाडियों ने जीते चार गोल्ड व 2 सिल्वर मेडल

गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता



- भोपाल में चल रही 10वीं ड्रैगन बोट रेस चैंपियनशिप (2022-23) की विभिन्न प्रतिस्पधाओं में जीते मेडल

मध्यप्रदेश के भोपाल में खेली जा रही 10वीं ड्रैगन बोट रेस चैंपियनशिप (2022-23) की सीनियर व जूनियर (मैन, वीमेन व मिक्स) प्रतिस्पधाओं में हरियाणा की जूनियर महिला टीम ने 200 मीटर ड्रैगन बोट रेस में जीत दर्ज कर तीन स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिए। वहीं मैन एंड वूमेन मिक्स प्रतियोगिता की 200 मीटर ड्रैगन बोट रेस में संदीप ने गोल्ड व लड़कों की 200 मीटर नौकायान रेस प्रतिस्पर्धा में संदीप व नितिन ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए सिल्वर मेडल पर अपना कब्जा जमाया।कोच जयदीप ने बताया कि 10वीं ड्रैगन बोट रेस चैंपियनशिप में हरियाणा की महिला खिलाडियों की यह दूसरी स्वर्णिम उपलब्धि है। इससे पूर्व में इसी प्रतियोगिता में हरियाणा की जूनियर महिला टीम ने 500 मीटर की ड्रैगन रेस में स्वर्ण पदक जीतकर अपने प्रदेश का नाम रोशन किया है। कोच जयदीप ने 200 मीटर ड्रैगन बोट रेस की जूनियर महिला टीम में शामिल तीनों विजेता खिलाडियों की जानकारी देते हुए बताया कि टीम में गुरुग्राम के अभयपुर निवासी मोनिका पुत्री अनिल कुमार व संजना पुत्री विक्रम सहित बालूदा निवासी प्रतिभा पुत्री मुकेश ने अपनी खेल प्रतिभा से जिला व प्रदेश का नाम रोशन करने के साथ साथ अन्य खिलाडियों के लिए भी प्रेरणा का मार्ग प्रशस्त किया है। खिलाडियों को इस विशेष उपलब्धि पर क्याकिंग एंड कनोइंग एसोसिएशन हरियाणा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष ऋषि राज डांगी, दमदमा के सरपंच श्योराज खटाना, सचिन राव धुनेला, विजयपाल यादव,जतनवीर सिंह राघव, निर्मला चोपड़ा, रवि सिंगला, देवेंद्र सरपंच महेंदवाड़ा, भारत योगी, संजय राघव सरपंच भोंडसी ने खुशी जाहिर करते हुए खिलाडियों की इस खास उपलब्धि पर उन्हें अपनी शुभकामनाएं दी।

## मुंजाल शोवा व नपीनो ऑटो के श्रमिक विवादों के समाधान न होने पर

गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता

जिले के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों स्थित प्रतिष्ठानों में पिछले काफी समय से श्रमिकों के मामले प्रबंधन के पास लंबित पड़े हैं। प्रबंधन इन मामलों का निपटारा करना ही नहीं चाहती।

श्रमिक संगठन प्रबंधन पर इस तरह के आरोप लगाते रहे हैं। मुंजाल शोवा उद्योग विहार व आईएमटी मानेसर तथा नपीनो ऑटो में चल रहे विवादों का समाधान न होने पर श्रमिक संगठन एटक का प्रतिनिधिमंडल एटक के प्रदेशाध्यक्ष कामरेड बलदेव सिंह घनघस की अध्यक्षता में सोमवार को उपायुक्त से मिला। एटक के जिला महासचिव कामरेड अनिल पंवार ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल की उपायुक्त से उक्त प्रतिष्ठानों में चल रहे श्रमिक विवादों पर विस्तार से चर्चा भी हुई। उपायुक्त को बताया गया कि प्रतिष्ठान की प्रबंधन श्रम विभाग के अधिकारियों के आदेशों का भी पालन नहीं करते हैं। श्रम कानूनों का उन्हें तनिक भी भय नहीं है। उन्होंने बताया कि प्रबंधन अपनी मनमर्जी से ही बैठक बुलाती है और बैठक बुलाकर प्रबंधन बैठक में शामिल ही नहीं होती। मुंजाल शोवा के विवादों की फाइल चंडीगढ़ में श्रम विभाग में फंसी हुई है। श्रम विभाग के उच्चाधिकारी भी इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि उपायुक्त ने उक्त दोनों प्रतिष्ठानों के विवादों की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम को निर्देश दिए हैं कि वह प्रबंधन से बैठक कर समस्याओं का समाधान कराएं। उपायुक्त ने प्रदेश के श्रमायुक्त से भी बात की है। श्रमायुक्त ने आगामी 30 मई का समय बैठक के लिए दिया है। 30 मई को कामरेड बलदेव सिंह घनघस की अध्यक्षता में 25 सदस्यों का प्रतिनिधिमंडल चंडीगढ़ बैठक में जाएगा और समस्याओं का समाधान कराने का प्रयास भी करेगा।

## श्रमिकों के प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन




गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता

आईएमटी मानेसर व उद्योग विहार स्थित मुंजाल शोवा में चल रहे श्रमिक विवाद को लेकर एटक का प्रतिनिधिमंडल एटक के प्रदेशाध्यक्ष कामरेड बलदेव सिंह घनघस की अध्यक्षता में सोमवार को उपायुक्त से मिला। एटक के जिला महासचिव अनिल पंवार ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल की उपायुक्त से उक्त प्रतिष्ठानों में चल रहे श्रमिक विवादों पर विस्तार से चर्चा भी हुई। उपायुक्त को बताया गया कि प्रतिष्ठान की प्रबंधन श्रम विभाग के अधिकारियों के आदेशों का भी पालन नहीं करते हैं। श्रम कानूनों का उन्हें तनिक भी भय नहीं है। उन्होंने बताया कि प्रबंधन अपनी मनमर्जी से ही बैठक बुलाती है और बैठक बुलाकर प्रबंधन बैठक में शामिल ही नहीं होती। मुंजाल शोवा के विवादों की फाइल चंडीगढ़ में श्रम विभाग में फंसी हुई है। श्रम विभाग के उच्चाधिकारी भी इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि उपायुक्त ने उक्त दोनों प्रतिष्ठानों के विवादों की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम को निर्देश दिए हैं कि वह प्रबंधन से बैठक कर समस्याओं का समाधान कराएं। उपायुक्त ने प्रदेश के श्रमायुक्त से भी बात की है। श्रमायुक्त ने आगामी 30 मई का समय बैठक के लिए दिया है। 30 मई को कामरेड बलदेव सिंह घनघस की अध्यक्षता में 25 सदस्यों का प्रतिनिधिमंडल चंडीगढ़ बैठक में जाएगा और समस्याओं का समाधान कराने का प्रयास भी करेगा। इस अवसर पर कुलदीप सिंह श्योराण, केपी सिंह, बलवीर कंबोज, शिव कुमार, मनोज कुमार, सुरेंद्र जांगड़ा, नरेश कुमार, चंदन सिंह, विनोद, अशोक, समुंदर, नरेश, राजू चौहान, सतीश धानियां व संदीप सिंह शामिल थे।

सम्पादकीय

## चीन की चालबाजी

अब तक उम्मीद तो यही रही है कि चीन पूर्वी लद्दाख में चल रहे सीमा विवाद को जल्द सुलझाएगा। लेकिन पिछले दो साल में उसकी तरफ से एक बार भी ऐसा कोई संकेत नहीं आया जिससे जरा भी यह लगे कि वह इस मसले को सुलझाना चाहता है और भारत के साथ दोस्ताना रिश्ते बनाने का इच्छुक है। बल्कि वह आए दिन कुछ न कुछ ऐसा करता दिखता है जिससे भारत भड़के। हाल में ऐसी खबरें आई हैं कि चीन ने पैंगोंग झील इलाके में एक और पुल बनाना शुरू कर दिया है। जिस जगह यह पुल बनाया जा रहा है, उस पर वह छह दशक से अपना दावा ठोकता रहा है।

सन 1960 से उसने इस इलाके पर अवैध कब्जा कर रखा है, जिसे भारत ने कभी मान्यता नहीं दी। अगर यह इलाका उसके वैध कब्जे में होता, उसके देश का हिस्सा होता तो भारत को आपत्ति ही क्यों होती! मुद्दे की बात यह है कि जब उस क्षेत्र पर उसका अधिकार ही नहीं है तो फिर वहां किसी भी तरह का निर्माण कर उसे तनाव पैदा करने वाले काम करने ही नहीं चाहिए। जाहिर है, ऐसा करने के पीछे उसका मकसद भारत को उकसाने और धमकाने का ही रहा है। गौरतलब है कि पैंगोंग झील इलाके में चीन ने एक पुल पहले ही बना लिया था। अब इसके समांतर दूसरा पुल भी बना रहा है। उपग्रह से मिली तस्वीरों से भी यह स्पष्ट हो चुका है। इससे एक बात तो साफ है कि पूर्वी लद्दाख क्षेत्र में चीन अपनी मोर्चाबंदी मजबूत कर रहा है। वह यहां स्थायी और बड़ा सैन्य ठिकाना बनाने में जुट गया है। दूसरा पुल बनाने के पीछे उसका मकसद जल्द ही बड़ी संख्या में अपने सैनिक तैनात करना का है। जून 2020 में गलवान घाटी विवाद के बाद उसकी गतिविधियां तेजी से बढ़ी हैं। हालांकि गलवान घाटी की घटना के बाद उपजे तनाव को खत्म करने के लिए दोनों देशों के बीच वार्ताओं के दौर चल रहे हैं। सैन्य कमांडरों की अब तक पंद्रह दौर की बातचीत हो चुकी है। कूटनीतिक स्तर पर भी वार्ताएं हुई हैं। लेकिन ऐसे सारे प्रयास तब निरर्थक होने लगते हैं जब सामने वाला देश ऐसी गतिविधियों को अंजाम देने लगे जो शांति के बजाय तनाव पैदा करने वाली हों। चीन दूसरा पुल बना कर यही कर रहा है। ऐसा नहीं कि चीन पैंगोंग झील इलाके में ही अवैध निर्माण कर विवाद बढ़ा रहा है। वह भारत से सटी अपनी चार हजार किलोमीटर लंबी सीमा पर उन सभी जगहों पर ऐसे निर्माण करने में लगा है जो दोनों देशों के लिए सामरिक लिहाज से बेहद संवेदनशील हैं। अरुणाचल प्रदेश में तो वास्तविक नियंत्रण रेखा के पास उसने गांव तक बसा लिए हैं। सीमाई इलाकों में उसने सड़क और रेल मार्गों का जो जाल बिछा लिया है और वहां 5 जी नेटवर्क सेवा पहुंचा दी है, उसका मकसद ही इन इलाकों में अपना दबदबा बनाते हुए भारत को धमकाना है। चीनी सैनिक अवैध रूप से भारतीय इलाकों में घुसपैठ करते ही रहे हैं। चीन की ये गतिविधियां भारत के लिए गंभीर चिंता की बात हैं। सवाल तो यह है कि अगर विवादित क्षेत्रों पर चीन इसी तरह निर्माण करता रहा तो विवाद हल कैसे होंगे? हालांकि चीन की हरकत का उसी की भाषा में जवाब देने के लिए भारत की तैयारियां भी कम नहीं हैं। लेकिन टकराव से विवाद हल नहीं होते। विवादित क्षेत्रों में यथास्थिति बनी रहनी चाहिए। वरना विवाद सुलझाने के बजाय और गंभीर रूप लेने लगेंगे।

## जल संकट : कहीं स्वप्न बन कर ना रह जाए शुद्ध पेयजल

भगवत कौशिक

आर्थिक और सुरक्षा की दृष्टि मे एक दूसरे से आगे निकलने की छिडी जंग मे विश्व और हमारे देश भारत के सामने एक बड़ा संकट आ चुका है जिसे देखकर हर कोई या तो अंजान बन रहा है या फिर उन्हें इस संकट की विकरालता का आभास नहीं है। तमाम तरह की चेतावनी और जागरुकता अभियान के बावजूद कोई यह समझने को तैयार नहीं है कि विश्व में जल संकट एक बड़ा विकराल रूप लेता जा रहा है। वर्ल्ड रिसोर्स इंस्टिट्यूट (डब्ल्यूआरआई) द्वारा जारी नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया की आबादी का लगभग एक चौथाई हिस्सा गंभीर जल संकट का सामना कर रहा है। पानी का गंभीर संकट झेलने वाले 17 प्रमुख देश अपने क्रम के अनुसार क्रमशः कतर, इजराइल, लेबनान, ईरान, जॉर्डन, लीबिया, कुवैत, सऊदी अरब, इरिट्रिया, यूएई, सैन मैरिनो, बहरीन, भारत, पाकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान, ओमान और बोत्सवाना है। डब्ल्यूआरआई की मानें तो पानी की अत्यधिक कमी का सामना कर रहे यह 17 देश जल्द ही डे जीरो जैसी स्थिति का सामना कर सकते हैं। अगर भविष्य मे ऐसे हालात रहेंगे तो एक कहावत होगी एक प्यासा कौआ था और वह प्यासा ही मर गया। वर्ल्ड रिसोर्स इंस्टीटयूट की एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत में हर साल दो लाख लोग जल अनुपलब्धता और स्वछता संबंधी उचित व्यवहार न होने की वजह से मर जाते है। नीति आयोग द्वारा जारी रिपोर्ट में भी यह बात स्वीकार की गयी है कि भारत के कई शहरों में जल संकट गहराता जा रहा है, और आने वाले वक्त में उसके और विकराल रूप लेने के आसार हैं। रिपोर्ट के अनुसार जहां 2030 तक देश की लगभग 40 फीसदी आबादी के लिए जल उपलब्ध नहीं होगा। मौजूदा समय मे भी देश की दस करोड़ से ज्यादा आबादी गंभीर जल संकट का सामना कर रही है। जिसका सबसे बडा कारण है बेशकीमती भूजल का बेतरतीब ढंग से दोहन। पानी बेचना बना व्यवसाय- जलसंकट को देखते हुए लोगों ने अब पानी को भी व्यवसाय का साधन बना लिया है।शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों मे लोगों ने अवैध आरओ प्लांट लगाकर पानी को बेचना शुरू कर दिया।आज चाहे गांव हो या शहर पीने के पानी का डिब्बा 10 रुपए से लेकर 20 रुपए मे धडल्ले से भेजा जा रहा है।इसके साथ साथ पानी के टैंकर के लिए 600-700 रुपए लिए जा रहे है। गिरता भूजल स्तर, खेतीबाड़ी से हो रहा है पलायन - पानी के अंधाधुंध दोहन से हालत इस कदर बेकाबू होते जा रहे है कि किसानों के देश भारत मे अब किसान खेती से पलायन करने पर विवश है।बात चाहे पंजाब की हो ,या उत्तर प्रदेश की या हरियाणा की तीनो ही राज्य मे किसानों ने धान,गेहूं व गन्ने जैसी फसलें जिनमें पानी की खपत होती है उसी का रोपण किया। नतीजतन तीनों ही राज्यों मे भूमिगत जल स्तर बहुत ज्यादा नीचे चला गया। भूजल स्तर की ओर विश्व बैंक की हालिया रिपोर्ट मे तो चेतावनी दी गई है कि यदि अंधाधुंध जलदोहन व जलवायु परिवर्तन का ऐसा ही हाल रहा तो आने वाले एक दशक मे 60 फीसदी कस्बे सुखे की चपेट मे होंगे। ये पानी दोबारा नहीं मिलना-

जी हा यदि भूमिगत जल स्तर का ऐसे ही दोहन होता रहा तो निकट भविष्य मे पानी अतीत का स्वप्न बन कर रह जाएगा।देश मे जंहा पहले 2.26 करोड़ हेक्टेयर सिंचित क्षेत्र का क्षेत्रफल था,वह अब 6.8 करोड़ हेक्टेयर हो चूका है। यही कारण है कि तालाब व कुएं सूख रहे है। जहरीली धरती और जहरीला पानी- उत्तर भारत की बात करें तो भूजल के गिरते स्तर ने चिंता बढ़ा दी है। यहां का जल संकट गंभीर संकेत दे रहा है। मैदानी इलाकों के साथ ही पंजाब-हरियाणा में चिनाब, झेलम नदियों के किनारें हों या उत्तराखंड, बिहार और उत्तर प्रदेश में गंगा-यमुना नदियों के आसपास का क्षेत्र सभी जगह भूजल का स्तर तेजी से गिर रहा है। पंजाब में खेतों में कीटनाशकों और रासायनिक उर्वरकों के जहरीले तत्वों के कारण धरती बंजर हो गई और कई स्थानों पर भूजल रसातल पर जा पहुंचा है। पानी और धरती के जहरीले हो जाने के कारण वहां उगा अनाज कई बीमारियों जैसे कैंसर और त्वचा संबंधी रोगों का कारण बन रहा है। जंल संकट का सामना करने वाले राज्य – छत्तीसगढ़, राजस्थान, गोवा, केरल, उड़ीसा, बिहार, उत्तरप्रदेश, हरियाणा, झारखंड, सिक्किम, असम, नागालैंड,उत्तराखंड, मेघालय केवल 3 फीसदी मीठा जल है पीने के लिए – जल ही जीवन है हम बचपन से सुनते आ रहे हैं। यह भी पता है कि धरती की सतह 70 फीसदी पानी से पटी हुई है। लेकिन दुनिया में पीने के लिए मीठा पानी सिर्फ 3 फीसदी है। और ये इतना सुलभ नहीं है इसमें से भी विश्व की नदियों में प्रतिवर्ष बहने वाले 41,000 घन किमी जल में से 14,000 घन किमी का ही उपयोग किया जा सकता है। इस 14,000 घन किमी जल में भी 5,000 घन किमी जल ऐसे स्थानों से गुजरता है, जहां आबादी नहीं है और यदि है भी तो उपयोग करने के लिए पर्याप्त नहीं है। इस प्रकार केवल 9,000 घन किमी जल का ही उपयोग पूरे विश्व की आबादी करती है। डे जीरो के कगार पर शहर- हमारे देश के प्रमुख शहर मेरठ, दिल्ली, फरीदाबाद, गुरुग्राम, कानपुर, जयपुर, अमरावती, शिमला, धनबाद, जमशेदपुर, आसनसोल, विशाखापत्तनम, विजयवाड़ा, चेन्नई, मदुरै, कोच्चि, बंगलुरु, कोयंबटूर, हैदराबाद, सोलापुर और मुंबई शहर में डे जीरो यानी भू-जल खत्म होने के कगार पर है।

## व्यापार घाटे से आर्थिक मुश्किलें

ज्ञातव्य है कि पिछले वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान देश का व्यापार घाटा बढ़कर 192 अरब डॉलर रहा है। ऐसे बढ़े हुए व्यापार घाटे के कारण जहां देश में आर्थिक-वित्तीय मुश्किलें बढ़ गई हैं, वहीं चालू वित्त वर्ष में व्यापार घाटा और बढ़ने की नई चिंताएं भी मुंह बाए खड़ी हैं। हाल ही में प्रकाशित विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) की रिपोर्ट में यूक्रेन संकट के कारण चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 में दुनिया में व्यापार घाटा बढ़ने के मद्देनजर वैश्विक व्यापार वृद्धि पूर्व निर्धारित 4.7 फीसदी से घटकर 3 फीसदी रहने की बात कही गई है। भारत में भी व्यापार घाटा तेजी से बढ़ने की आशंका है।



डा. जयंतीलाल भंडारी
लेखक विख्यात अर्थशास्त्री है




यकीनन रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण जैसे-जैसे कच्चे तेल के वैश्विक दामों में भारी इजाफा हो रहा है, वैसे-वैसे भारत के विदेश व्यापार घाटे और महंगाई में तेजी के परिदृश्य से भारत की आर्थिक तथा वित्तीय मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। 17 मई को जारी आंकड़ों के अनुसार अप्रैल थोक महंगाई दर 15 फीसदी के पार हो गई है। यह 9 वर्ष की सर्वाधिक है। अप्रैल 2022 में पेट्रोल के थोक दाम में पिछले साल के मुकाबले 63 फीसदी की वृद्धि हुई। खुदरा महंगाई दर भी अप्रैल 2022 में 7.8 फीसदी हो गई है जो 95 महीनों का सबसे ऊंचा स्तर है। साथ ही 20 मई को डॉलर के मुकाबले रुपया अपने सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया और एक डॉलर का मूल्य 77.60 रुपए हो गया। ऐसे में रुपए की कीमत में भारी कमी से बाजार में सब कुछ महंगा होते हुए दिखाई दे रहा है और व्यापार-कारोबार में भी कमी दिखाई दे रही है। गौरतलब है कि कच्चा तेल और खाद्य तेल भारत की सबसे प्रमुख आयात मदें हैं। जहां भारत के द्वारा कच्चे तेल की कुल जरूरतों का करीब 85 फीसदी हिस्सा आयात किया जाता है, वहीं खाद्य तेल की कुल जरूरतों का करीब 65 फीसदी आयात किया जाता है। ऐसे में इन दोनों सबसे बड़ी आयात मदों और चीन से बढ़ते आयातों ने भारत के व्यापार घाटे को चुनौतीपूर्ण बना दिया है। हाल ही में वाणिज्य मंत्रालय द्वारा जारी विदेश व्यापार के आंकड़ों के अनुसार वित्तीय वर्ष 2022-23 के पहले माह अप्रैल में जहां देश का आयात 26.6 फीसदी बढ़कर 58.3 अरब डॉलर रहा, वहीं निर्यात 24.2 फीसदी बढ़कर 38.2 अरब डॉलर रहा। परिणामस्वरूप चालू वित्तीय वर्ष के पहले माह में ही व्यापार घाटा 20.1 अरब डॉलर की चिंताजनक ऊंचाई पर पहुंच गया।

ज्ञातव्य है कि पिछले वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान देश का व्यापार घाटा बढ़कर 192 अरब डॉलर रहा है। ऐसे बढ़े हुए व्यापार घाटे के कारण जहां देश में आर्थिक-वित्तीय मुश्किलें बढ़ गई हैं, वहीं चालू वित्त वर्ष में व्यापार घाटा और बढ़ने की नई चिंताएं भी मुंह बाए खड़ी हैं। हाल ही में प्रकाशित विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) की रिपोर्ट में यूक्रेन संकट के कारण चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 में दुनिया में व्यापार घाटा बढ़ने के मद्देनजर वैश्विक व्यापार वृद्धि पूर्व निर्धारित 4.7 फीसदी से घटकर 3 फीसदी रहने की बात कही गई है। भारत में भी व्यापार घाटा तेजी से बढ़ने की आशंका है। ऐसे में भारत निर्यात बढ़ाने और आयात घटाने तथा प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की अनुकूल संभावनाओं को रणनीतिक रूप से मुठ्ठियों में लेकर बढ़ते हुए व्यापार घाटे को नियंत्रित कर सकता है। यह बात भी महत्त्वपूर्ण है कि 11 मई को वाणिज्य विभाग के द्वारा आयात में हो रही लगातार वृद्धि के मद्देनजर आत्मनिर्भर भारत कार्यक्रम के तहत घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने के तरीकों के संबंध में विभिन्न उद्योगों के प्रतिनिधियों के साथ विशेष बैठक आयोजित की गई।

इस बैठक में ऐसे प्राथमिकता वाले उत्पादों की पहचान की गई है, जिनके आयात में पिछले कुछ महीनों में तेज इजाफा हुआ है। इन उत्पादों में प्रमुखतः विद्युत उपकरण, धातुएं, रसायन, पेट्रोलियम उत्पाद, कीमती और अर्ध-कीमती रत्न, बैटरी, प्लास्टिक-कृषि उत्पाद और वस्त्र शामिल हैं। ये ऐसे उत्पाद हैं जिनके उत्पादन को बढ़ावा देकर आयात में कमी की जा सकती है और निर्यात में वृद्धि की जा सकती है। कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के मुताबिक पिछले तीन वर्षों में भारत ने वैश्विक स्तर पर दुनिया के जरूरतमंद देशों की खाद्य सुरक्षा आवश्यकताओं को पूरा करने में अहम भूमिका निभाई है और दुनियाभर में कृषि उत्पादों की निर्यात मांग को पूरा करने का अवसर भी मुठ्ठियों में लेते हुए वर्ष 2021-22 में करीब 50 अरब डॉलर मूल्य के रिकॉर्ड कृषि निर्यात किए गए हैं। अब चालू वित्त वर्ष 202-23 में कृषि निर्यात में और वृद्धि करने के रणनीतिक कदम आगे बढ़ाए जाएंगे।

निश्चित रूप से व्यापार घाटे में कमी लाने के लिए चीन से व्यापार घाटा कम करना होगा। इस ओर भी ध्यान दिया जाना होगा कि देश में अभी भी कई उद्योग बहुत कुछ चीन से आयातित कच्चे माल पर आधारित हैं। चीन के कच्चे माल का विकल्प तैयार करने के लिए पिछले डेढ़ वर्ष में सरकार ने प्रोडक्शन लिंक्ड इनसेंटिव (पीएलआई) स्कीम के तहत 13 उद्योगों को करीब दो लाख करोड़ रुपए आवंटन के साथ प्रोत्साहन सुनिश्चित किए हैं, उनके पूर्ण उपयोग पर रणनीतिक रूप से आगे बढ़ना होगा। इसके साथ-साथ इस समय जब देश अमृत महोत्सव मना रहा है, तब एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता और चीनी सामान के आयात को नियंत्रित करने के लिए शुरू किया गया अभियान और अधिक उत्साहजनक रूप से आगे बढ़ाए जाने की जरूरत दिखाई दे रही है। इस ओर भी ध्यान देना होगा कि देश बढ़ते हुए व्यापार घाटे को कम करने के लिए नए चिन्हित देशों में उत्पाद निर्यात बढ़ाने के साथ-साथ सेवा निर्यात भी तेजी से बढ़ाए जाएं। यद्यपि सेवा निर्यात वर्ष 2021-22 में 250 अरब डॉलर से अधिक के स्तर को पार कर गया है, जिसमें पूर्ववर्ती साल के मुकाबले 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, लेकिन चालू वित्त वर्ष में सेवा निर्यात में रणनीतिक प्रयासों से 40 प्रतिशत तक की तेज वृद्धि की संभावनाओं को हस्तगत किया जाना होगा। इसके अलावा यूएई और ऑस्ट्रेलिया के साथ हुए मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के सफलतापूर्वक क्रियान्वयन से इन दोनों में निर्यात बढ़ाने होंगे। बिम्सटेक देशों के साथ-साथ दुनिया के विभिन्न देशों में भी निर्यात बढ़ाने की संभावनाओं को मुठ्ठियों में करना होगा। देश में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) को आकर्षित करने के भी हरसंभव प्रयास करने होंगे।

चूंकि प्रमुखतया कच्चे तेल की तेजी से बढ़ी कीमतों से महंगाई और व्यापार घाटा बढ़ रहा है, अतएव अब कच्चे तेल के देश में अधिक उत्पादन व कच्चे तेल के विकल्पों पर भी शीघ्रतापूर्वक ध्यान देना होगा। कच्चे तेल के वैश्विक दाम में तेजी के बीच तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) की एथनॉल मिश्रण कार्यक्रम में दिलचस्पी और बढ़ानी होगी। देश के पास जो विशाल तेल भंडार है, उसका पर्याप्त विदोहन किया जाना होगा। देश में इलेक्ट्रिक वाहनों के तेजी से उपयोग करने की रणनीति पर आगे बढ़ना होगा। ई-वाहनों को भविष्य का बेहतर विकल्प बनाना होगा।

इलेक्ट्रिक कार और ई-वाहनों की स्वीकार्यता बढ़ने से कच्चे तेल के आयात में कमी लाई जा सकती है। चूंकि खाद्य तेल भी देश के आयात बिल की प्रमुख मद है, अतएव केंद्र सरकार के द्वारा खाद्य तेलों के उत्पादन के लिए रणनीतिक रूप से आगे बढ़ना होगा। हम उम्मीद करें कि इस समय जब रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण दुनिया में वैश्विक मंदी का परिदृश्य उभर रहा है, तब भारत आयात-निर्यात से संबंधित गुणवत्तापूर्ण घरेलू उत्पाद बढ़ाने की नई रणनीति से देश के आयात कम करने और देश से निर्यात बढ़ाने के अभियान को सफल बनाकर व्यापार घाटे में कमी लाते हुए दिखाई दे सकेगा और इससे महंगाई सहित विभिन्न आर्थिक तथा वित्तीय मुश्किलों में पर्याप्त कमी आ सकेगी।

## अमेरिका में भारतीय प्रतिभाओं की जरूरत

अमेरिका की संरक्षणवादी नीतियों के चलते भारतीय नागरिकों के हितों पर कुठाराघात हुआ है। नतीजतन अमेरिका में बेरोजगार भारतवंषियों की संख्या बढ़ गई और जो युवा पेषेवर अमेरिका में नौकरी की तलाष में थे, उनके मंसूबों पर पानी फिर गया। राश्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एच-1-बी वीजा के नियम कठोर कर दिए थे। ट्रंप की अमेरिका प्रथम जैसी राश्ट्रवादी भावना के चलते अमेरिकी कंपनियों के लिऐ एच-1-बी वीजा पर विदेषी नागरिकों को नौकरी पर रखना मुश्किल हो गया।



प्रमोद भार्गव
प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से जुड़े पत्रकार है



डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति रहते हुए अमेरिका में संरक्षणवादी नीतियों को इसलिए अमल में लाया गया था, जिससे स्थानीय अमेरिकी नागरिकों को अवसर मिलें। किंतु चार साल के भीतर ही इन नीतियों ने जता दिया कि विदेशी प्रतिभाओं के बिना अमेरिका का काम चलने वाला नहीं है। इसमें भी अमेरिका को चीन और पाकिस्तान की बजाय भारतीय उच्च शिक्षितों की आवश्यकता अनुभव हो रही है। क्योंकि एक तो भारतीय अपना काम पूरी तल्लीनता और ईमानदारी से करते हैं, दूसरे वे स्थानीय लोगों के साथ घुल-मिल जाते हैं। जबकि चीनी तकनीशियनों की प्राथमिकता में अपने देशों के उत्पाद रहते हैं। पाकिस्तान के संग संकट यह है कि उसके कई युवा इंजीनियर अमेरिका में आतंकवादी गतिविधियों में लिप्त पाए गए हैं। इसलिए अमेरिका दोनों ही देशों के तकनीकियों पर कम भरोसा करता है। ऐसे में अमेरिका को विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में चीन के उत्पादों को वैश्विक स्तर पर चुनौती देना मुश्किल हो रहा है। अतएव संरक्षणवादी नीतियों के चलते विदेशी पेशेवरों को रोकने की नीति के तहत ग्रीन कार्ड वीजा देने की जिस सुविधा को सीमित कर दिया था, उसके दुष्परिणाम चार साल के भीतर ही दिखने लगे हैं। नतीजतन अमेरिका इस नीति को बदलने जा रहा है। इससे भारतीय युवाओं को अमेरिका में नए अवसर मिलने की उम्मीद बढ़ जाएगी।

पेशेवर विज्ञान व इंजीनियरिंग तकनीकियों की कमी के चलते अमेरिका में रक्षा और सेमीकंडक्टर निर्माण उद्योगों पर तो संकट के बादल मंडरा ही रहे हैं, स्टेम सेल (स्तंभ कोषिका) से जुड़े जैव, संचार और अनुवांषिक प्रोद्यौगिकी भी संकट में पड़ते जा रहे हैं। ऐसा तब भी देखने में आया, जब ये उद्योग लाखों डॉलर का निवेष कर देने के बावजूद उड़ान भरने में विफल रहे। इसके दुष्परिणाम यह देखने में आए कि अमेरिकी राज्य एरिजोना में इंजीनियरों की कमी के चलते ताइवान सेमिकंडक्टर निर्माण कंपनी के उत्पादन का लक्ष्य काफी पीछे चल रहा है। नतीजतन इन कंपनियों को आउटसोर्स से काम चलाने को विवश होना पड़ रहा है। इसलिए पचास से अधिक राष्ट्रीय सुरक्षा अधिकारियों ने अमेरिकी कांग्रेस को पत्र लिखकर वीजा नीतियों में छूट देने की मांग की है।

इस पत्र में कहा है कि चीन सबसे महत्वपूर्ण तकनीकी और जिओ पॉलिटिक्स (दूर-संचार) प्रतियोगी है। जिसका अमेरिका ने सामना भी किया है। किंतु अब स्टेम प्रतिभाओं के बिना अमेरिका के लिए आगे यह लड़ाई लड़ना कठिन होगी। इसलिए स्टेम पीएचडी शिक्षितों को मौजूदा ग्रीन कार्ड नीति में छूट दी जाए। यह छूट स्टेम मास्टर डिग्री स्नातकों को भी मिले। साथ ही इसमें यह शर्त जोड़ दी जाए कि उन्हें यह सुविधा केवल सेमिकंडक्टर कंपनियों में काम करने पर ही मिलेगी। इन प्रतिभाशालियों के बिना अमेरिका राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े लक्ष्यों को प्राप्त नहीं कर सकता है। फिलहाल अमेरिका सेमिकंडक्टर के उत्पादन में चीन से बहुत पीछे चल रहा है। 1990 में अमेरिका ने दुनिया के लगभग 40 प्रतिशत सेमिकंडक्टर बनाए, जबकि आज महज 10 प्रतिशत ही बना पा रहा है। इस बीच चीन ने एक दशक के भीतर ही सेमिकंडक्टर बाजार में अपनी धाक जमा ली है। चीन की इस उत्पादन क्षमता से चिप्स की वैश्विक आपूर्ति को भी खतरा है। वर्तमान में डायनेमिक रैंडम-एक्सेस मेमोरी चिप्स का 93 प्रतिशत उत्पादन ताइवान, दक्षिण कोरिया और चीन में होता है। जिओ पॉलिटिक्स का आधार जिओ तकनीक अर्थात जी-5 दूर-संचार तकनीक का विस्तार करना है। दुनिया के डिजिटल भविष्य का निर्माण इसी से होगा। इस तकनीक का राजनीतिकरण काई नई बात नहीं है। 5-जी की इस ताकत को डोनाल्ड ट्रंप ने अपने कार्यकाल में समझ लिया था, इसलिए वह चीन की इस तकनीकि विस्तार में दखल देने में लगे हुए थे। दरअसल चीन का तकनीकि राष्ट्रवाद टिकटॉक-कूटनीति के युग में तब्दीन होता जा रहा है। चीन लगातार इस क्षेत्र की कंपनियों की प्रतिद्वंद्विता को चुनौती देता हुआ अपनी घरेलू कंपनियों को बढ़ावा देने में लगा है। इसलिए अमेरिका का चिंतित होना जरूरी है। चीन और अमेरिका की इन नीतियों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहले ही समझ लिया था, इसलिए उन्होंने भारतीय दूरसंचार कंपनी और रिलायंस इंस्ट्रीजरीज के माध्यम से पूर्णस्वामित्व वाली सहायक कंपनी जिओ खड़ी की और अब यह कंपनी जिओ-5 से आगे निकलकर जिओ-6 के विस्तार को अमल में ला रही है।

अमेरिका की संरक्षणवादी नीतियों के चलते भारतीय नागरिकों के हितों पर कुठाराघात हुआ है। नतीजतन अमेरिका में बेरोजगार भारतवंषियों की संख्या बढ़ गई और जो युवा पेषेवर अमेरिका में नौकरी की तलाष में थे, उनके मंसूबों पर पानी फिर गया। राश्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एच-1-बी वीजा के नियम कठोर कर दिए थे। ट्रंप की अमेरिका प्रथम जैसी राश्ट्रवादी भावना के चलते अमेरिकी कंपनियों के लिऐ एच-1-बी वीजा पर विदेषी नागरिकों को नौकरी पर रखना मुश्किल हो गया। नए प्रावधानों के तहत कंपनियों को अनिवार्य रूप से यह बताना होगा कि उनके यहां पहले से कुल कितने प्रवासी काम कर रहे हैं। एच-1 बी वीजा भारतीय पेषेवरों में काफी लोकप्रिय है। इस वीजा के आधार पर बड़ी संख्या में भारतीय अमेरिका की आईटी कंपनियों में सेवारत हैं। अमेरिकी सुरक्षा विभाग ने भी अमेरिकी नागरिकता और आव्रजन सेवा (यूएससीआईएस) में एच-1 बी वीजा के तहत आने वाले रोजगारों और विशेष व्यवसायों की परिभाशा को संशोधित कर बदल दिया था। लिहाजा सुरक्षा सेवाओं में भी प्रवासियों को नौकरी मिलना बंद हो गईं। ट्रंप की बाय अमेरिकन, हायर अमेरिकन नीति के तहत यह पहल की गई थी। इन प्रावधानों का सबसे ज्यादा प्रतिकूल असर भारतीयों पर तो पड़ा ही, किंतु अब लग रहा है कि यह नीति गलत थी। इस कारण अमेरिका के उद्योगों में उत्पादन घट गया, नतीजतन वह उत्पादन क्षमता में चीन से पिछड़ता जा रहा है और चीन तकनीक से जुड़े विश्व -बाजार को अपने आधिपत्य में लेता जा रहा है।

अमेरिका में इस समय स्थाई तौर से बसने की वैधता प्राप्त करने के लिए सालों से छह लाख भारतीय श्रेष्ठ कुशल पेशेवर लाइन में लगे हैं। इस वैधता के लिए ग्रीन कार्ड प्राप्त करना होता है। अमेरिका ने आम श्रेणी के लोगों के लिए 65000 एच-1 बी वीजा देने का निर्णय लिया है, इसके अतिरिक्त 20000 एच-1- बी वीजा उन लोगों को दिए जाएंगे, जो विज्ञान, प्रौद्योगिकी और इंजीनियरिंग के क्षेत्र में अमेरिका के ही उच्च शिक्षण संस्थानों से शिक्षा प्राप्त की है। अमेरिका में जो विदेशी प्रवासियों के बच्चे हैं, उनकी उम्र 21 साल पूरी होते ही, उनकी रहने की वैधता खत्म हो जाती है। दरअसल एच-1 बी वीजा वाले नौकरीपेशाओं के पत्नी और बच्चों के लिए एच-4 वीजा जारी किया जाता है, लेकिन बच्चों की 21 साल उम्र पूरी होने के साथ ही इसकी वैधता खत्म हो जाती है। इन्हें जीवन-यापन के लिए दूसरे विकल्प तलाशने होते हैं। ऐसे में ग्रीन-कार्ड प्राप्त कर अमेरिका के स्थायी रूप में मूल-निवासी बनने की संभावनाएं शून्य हो जाती हैं। दरअसल, अमेरिका में प्रावधान है कि यदि प्रवासियों के बच्चे 21 वर्ष की उम्र पूरी कर लेते हैं और उनके माता-पिता को ग्रीन-कार्ड नहीं मिलता है तो वे कानूनी स्थाई रूप से अमेरिका में रहने की पात्रता खो देते हैं। बहरहाल अमेरिकी संसद उपरोक्त सिफारिशों को मान लेती है तो भारतीय पेशेवरों को अमेरिका में नौकरी मिलने का रास्ता खुल जाएगा।

## भ्रष्टाचारियों पर भी बुलडोजर वाली कार्रवाई करे योगी सरकार

अशोक मधुप

उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री / स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने गत सप्ताह राज्य की राजधानी में ट्रांसपोर्ट नगर स्थित उत्तर प्रदेश मेडिकल सप्लाई कॉर्पोरेशन के गोदाम में छापा मारा। निरीक्षण के दौरान गोदाम में जबरदस्त अव्यवस्था मिली। दवाएं इधर, उधर फेंकी पड़ी थीं। अलग-अलग डिब्बों की चेकिंग में उप मुख्यमंत्री ने 16 करोड़ 40 लाख 33 हजार रुपये मूल्य की एक्सपायर्ड दवाएं पकड़ीं। जांच में प्रकाश में आया कि ये दवाएं कॉर्पोरेशन द्वारा अस्पतालों को उपलब्ध कराई जानी चाहिए थीं, लेकिन नहीं भेजी गईं। उन्होंने पूरे प्रकरण की जांच के लिए एक समिति का गठन करने व गोदाम में उपलब्ध दवाइयों का ऑडिट कराने के लिए पत्रावली प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

इससे पहले इसी माह उन्होंने लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान का निरीक्षण किया। यहां भी इन्हें 40 लाख के आसपास की ऐसी दवाइयां मिलीं जो गोदाम में रखी रखी एक्सपायर हो गईं। प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की सरकार को लगभग साढ़े पांच साल हो गए। इसके बावजूद प्रदेश के प्रशासनिक स्तर के भ्रष्टाचार पर रोक नहीं लग सकी। वह पहले की तरह जारी है। इतना जरूर हुआ है कि पहले जो काम सौ रुपये में हो जाता था, ईमानदार सरकार के नाम पर वह अब हजार रुपये में हो रहा। विकास कार्यों में लिया जाने वाला कमीशन कहीं कम नहीं हुआ। ये दवा रखी रखी एक्सपायर नहीं हुईं, बल्कि खरीदी ही तब जाती हैं, जब इनकी एक्सपायर होने की अवधि नजदीक होती है।

कंपनी अपनी खराब होने वाली दवाएं प्रदेश स्तर पर खरीद करने वालों से मिलकर दे देती हैं। एक्सपायरी नजदीक होती है तो जल्दी-जल्दी जिलों को भेजी जाती है। जिले में बैठे स्वास्थ्य अधिकारियों से कहा जाता है कि जल्दी बांटकर ये दवा खत्म करें। इसमें मोटा लेन-देन होता है। ये खेल लंबे समय से चल रहा है। सरकार और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बार-बार आदेश के बावजूद कोई सुधरने को तैयार नहीं। सरकार कहती है कि जेम पोर्टल से खरीदारी करो। अधिकारियों ने इसका भी तोड़ निकाल लिया। इस पोर्टल से खरीदारी करना ज्यादा अच्छा लगा। क्योंकि उन पर सरकार आरोप नहीं लगा सकती। अधिकारी कमीशन तय कर कंपनी के एजेंट को अपना जेम पोर्टल का पासवर्ड दे देते हैं। वह कमीशन शामिल करके रेट निकाल कर दे देता है। करोना काल शुरू होने पर प्रदेश सरकार पंचायतों द्वारा चार हजार में खरीदे थर्मामीटर और ऑक्सोमीटर की जब जांच करा रही थी, तब बिजनौर के स्वास्थय विभाग ने जेम पोर्टल से यह दोनों उपकरण 18 हजार रुपये में खरीदे।

एक्सपायर डेट की दवा मिलने से साफ होता है कि घोटाला बड़ा है। ये तो पकड़ा गया। नहीं तो जाने कब से ये खेल हो रहा है। आम जनता के स्वास्थ्य के नाम पर, उनके उपचार पर जो पैसा खर्च होना चाहिए था, वह अधिकारियों के भ्रटाचार की भेंट चढ़ गया। देशभर में एक्सपायर दवाइयों का बड़ा कारोबार है। मेरठ, बिजनौर समेत कई जगह पर समय-समय पर एक्सपायर डेट की दवाइयां बड़ी-बड़ी तादाद में पकड़ी जाती रही हैं। ये दवाइयां रैपर बदल कर बाजार में भेज दी जाती हैं। या सरकारी सप्लाई में चली जाती हैं।

जरूरतमंद पूरे पैसे देकर दवा खरीदता है। लाभ न होने पर वह डॉक्टर बदलता है। मरीज और उसके तीमारदारों को पता ही नहीं होता कि दवा एक्सपायर डेट की है। योगी जी की जेसीबी अपराधियों पर चल रही है। जब तक वह भ्रष्टाचार में लिपटे अधिकारियों पर नहीं चलेगी, इनकी संपत्ति जब्त नहीं होगी, तब तक इन पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
नई दिल्ली, मंगलवार, 24 मई 2022

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



## संक्षिप्त खबरें

### हाईवे पर कार की टक्कर से बाइक सवार दो लोग घायल

गजरौला। नेशनल हाईवे पर कार की टक्कर से बाइक सवार दो लोग घायल हो गए। निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। एक घायल को गंभीर हालत में चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर किया।मेरठ जिले के किठौर निवासी जुल्फेकार व राशिद रविवार देर रात बाइक से मुरादाबाद से वापस घर लौट रहे थे। नेशनल हाईवे पर जीरो प्वाइंट पर मुरादाबाद की दिशा से आ रही कार ने उनकी बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। बाइक सवार दोनों लोग घायल हो गए। हादसे के बाद आरोपी चालक कार समेत फरार हो गया। राहगीरों ने दोनों घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सक ने राशिद की हालत गंभीर देख हायर सेंटर रेफर किया। जानकारी पर घायलों के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। प्रभारी निरीक्षक राजेश तिवारी ने मामले में तहरीर मिलने पर जांच व कार्रवाई करने की बात कही।

### बारिश के बाद गुल हुई शहर से देहात तक की बिजली

गजरौला। सोमवार सुबह तेज आंधी के साथ हुई बारिश के बाद शहर से लेकर देहात इलाकों तक में बिजली गुल हो गई। वहीं भीषण गर्मी से जूझ रहे जनजीवन को बड़ी राहत मिली। किसानों को फसलों की बेहतरी के लिए अभी और बारिश की आस बंधी है।बीते कई दिनों से भीषण गर्मी के बीच आम लोगों का पसीना छूट रहा था। दो दिन पहले हल्की बूंदाबांदी के बाद लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिली थी हालांकि इसके बाद सूरज की तपिश के चलते एक बार फिर भीषण गर्मी शुरू हो गई थी। इस बीच रविवार देर रात से आसमान में घने बादल उमड़ आए। सोमवार सुबह मौसम के मिजाज ने करवट बदली और घने बादल आसमान में छा गए। तेज आंधी संग बारिश शुरू हो गई, लोगों को गर्मी से राहत मिली।

### बछरायूं पुलिस ने की वाहन चेकिंग

बछरायूं। सोमवार को थाना प्रभारी निरीक्षक अमर सिंह ने पुलिस बल के साथ क्षेत्र की बैंक शाखाओं, एटीएम, पेट्रोल पंप, व्यापारिक प्रतिष्ठान एवं वित्तीय संस्थानों के साथ ही आर्थिक लेनदेन से जुड़े महत्वपूर्ण स्थानों पर चेकिंग की। बैंक परिसर में मौजूद संदिग्धों से पूछताछ की। बैंक ड्यूटी में लगे पुलिसकर्मियों को सतर्कता पूर्वक ड्यूटी करने का दिशा निर्देश दिया। गजरौला-मंडी धनौरा मार्ग पर बैरियर लगाकर वाहन चेकिंग भी की।

### क्षेत्र में धड़ल्ले से चल रहा अवैध खनन

हसनपुर। तहसील क्षेत्र में अवैध खनन धड़ल्ले से चल रहा है। अधिकारी उसी दशा में कार्रवाई करते हैं जब कोई शिकायत की जाती है।बताया जाता है कि खनन के अवैध कारोबार से रसूखदार लोग भी जुड़े हैं, इसीलिए पुलिस-प्रशासन व खनन अधिकारी कार्रवाई से बचते हैं। हालत यह है कि खनन से जुड़े वीडियो अक्सर सोशल मीडिया पर भी वायरल होते रहते हैं। हाल ही में कोतवाली क्षेत्र के गांव मछरई के जंगल में बड़े पैमाने पर अवैध खनन का मामला सामने आया था। खनन करते आरोपियों की वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुई। पुलिस का कहना है कि इस संबंध में कोई जानकारी नहीं मिली है। मौके पर जाकर पता लगाया जाएगा। बिना अनुमति खनन कर रहे लोगों पर कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल क्षेत्र में अवैध रूप से जारी खनन और पुलिस-प्रशासन एवं खनन अफसरों की खामोशी चचाओंं में बनी है।

# 'अनीता व अकबर साबित करेंगे लहू का रंग एक'

अमरोहा, प्रात: किरण संवाददाता





जाति-धर्म के बिगड़ते तालमेल के बीच वर्तमान सामाजिक ढांचा बिखराव के रास्ते पर चल पड़ा है। ऐसे में अपने अजीजों की पीड़ा ने दो परिवारों को करीब ला दिया है। मुसीबत के वक्त जाति-मजहब से उपर उठकर एक-दूसरे के परिवारों की मदद करने की ताकीद पेश की है। दोनों ही परिवारों की सराहना हो रही है।

अपनों की जान बचाने की खातिर अनिता और अकबर एक-दूसरे के अजीजों को किडनी दान कर सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल पेश करेंगे।गौरतलब है कि अनीता के बेटे अंकुर और हाजी अकबर के भाई हाजी अफसर को किडनी की जरूरत है। दोनों की जान बचाने की खातिर एक-दूसरे के लिए किडनी दान करने के लिए कानूनी प्रक्रिया को पूरा करने में जुटे हैं। दोनों के गुर्दा प्रत्यारोपण के लिए जिला स्तरीय समिति जल्द ही इस फैसले पर कानूनी सहमित देने की आवश्यक कार्रवाई कर रही है। गाजियाबाद के मोदी नगर कस्बे से सटे बिशोखर गांव निवासी अनीता नेहरा के 24 साल के बेटे अंकुर नेहरा की दोनों किडनियां बीमारी के कारण खराब हो गई हैं। फिलहाल मेरठ के एक निजी अस्पताल में हर सप्ताह होने वाली डायलिसिस के सहारे अंकुर की सांसें चल रही हैं। उधर, अमरोहा के नौगावां सादात कस्बे के पास गांव अपरौला निवासी 57 वर्षीय हाजी अफसर की लंबी बीमारी और बढ़ती उम्र की वजह से किडनियां समय से पहले दगा दे गईं। मेरठ के जिस अस्पताल में अंकुर का इलाज चल रहा है, उसी अस्पताल में हाजी अफसर की सप्ताह में दो से तीन बार डायलिसिस चल रही है।

परिजनों से जब अपने अजीजों का दुख बर्दाश्त नहीं हुआ तो सालभर पहले अस्पताल में मुलाकात के दौरान अंकुर की मां 43 वर्षीय अनीता नेहरा ने बेटे की जान बचाने के खातिर हाजी अफसर को किडनी दान करने का फैसला कर लिया।इसके बदले में हाजी अफसर के छोटे भाई 55 साल के हाजी अकबर अंकुर को किडनी देने के लिए सहर्ष तैयार हो गए। मगर गुर्दा प्रत्यारोपण की प्रक्रिया के लंबा खिंचने से दोनों परिवारों का दुख बढ़ता गया।

जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के स्तर पर अब आकर किडनी ट्रांसप्लांट की प्रक्रिया तकरीबन पूरी होने पर दोनों परिवारों ने राहत की सांस ली है। अनिता और अकबर जल्द ही एक-दूसरे को किडनी दान कर सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल पेश करेंगे।अमरोहा के सीएमओ डॉ. संजय अग्रवाल ने कहा कि जिलाधिकारी के पास फाइल दोबारा भेज दी गई है। इस संबंध में जिला प्राधिकार समिति बैठक में जिला स्तरीय अधिकारी गुर्दा प्रत्यारोपण पर फैसला लेगी। बैठक की तिथि एक-दो दिन में मिल जाएगी। एनओसी मिलने के बाद आवेदनकर्ता किडनी ट्रांसप्लांट का ऑपरेशन करा सकेंगे।

## बारिश से फसलों को मिली संजीवनी

**अमरोहा।** भीषण गर्मी से परेशान आम जन को सोमवार को हुई बारिश के बाद राहत मिली। सूखे की मार झेल रहे किसानों के चेहरे खिल उठे। फसलों पर रौनक लौट आई। तापमान में गिरावट आने से मौसम सुहावना बना है। अभी अगले कुछ घंटे और बारिश का सिलसिला जारी रहने का पूवार्नुमान जताया गया है।मौसम ने सोमवार की सुबह अचानक करवट बदली। तेज आंधी के साथ बारिश हुई। सुबह से झमाझम बारिश लगातार जारी है। बारिश ने भीषण गर्मी से जनजीवन को राहत दिलाई है। मौसम सुहावना बना है। आसमान में गरज के साथ बादल लगातार उमड़-घुमड़ रहे हैं। लगातार रुक-रुक कर बारिश हो रही है। अभी कुछ घंटे और बारिश होने की संभावना जताई जा रही है। लगातार कई दिनों से भीषण गर्मी से जूझ रहे जनजीवन को बारिश के बाद राहत मिली है।बारिश होने पर कृषि कार्य में भी तेजी आई है। गन्ने की फसल को जहां बारिश से संजीवनी मिली है, तो वहीं धान की रोपाई के लिए नर्सरी डालने वाले किसानों को भी राहत मिली है। सिंचाई का संकट झेल रहे किसानों को बारिश से बड़ी राहत मिलने की बात कही जा रही है। गन्ने की फसल को सबसे अधिक लाभ हुआ है। जिला कृषि अधिकारी राजीव कुमार सिंह के मुताबिक बारिश सभी फसलों के लिए लाभप्रद साबित होगी।

## जमीन के लालच में की भाई की हत्या



बिजनौर, प्रात: किरण संवाददाता

मंडावली पुलिस ने भाई की जमीन हडपने के लालच में सुपारी देकर उसकी हत्या कराने के आरोप में शोभित व उसके दो साथियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने सुपारी के रूप में दिये गये 50 हजार रुपए व घटना में प्रयुक्त अन्य सामान भी बरामद कर लिया। पुलिस लाइन में आयोजित प्रेस कान्फ्रेंस में एसपी डा0 धर्मवीर सिह ने बताय कि 20 मई को मंडावली थाना क्षेत्र के गांव रामनगर के पास एक लाश पडी मिली थी जिसकी शिनाख्त लवी 20 वर्ष पुत्र स्व0 शूरवीर सिंह निवासी रशीदपुर गढी थाना बिजनौर के रूप में हुई थी। पीएम रिपोर्ट में लवी की मौत का कारण गला घुटना बताया गया था। लवी के दादा की तहरीर पर मंडावली थाने में लवी के भाई शोभित आदि के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया गया था। तफतीश के दौरान शोभित के अलावा वासु उर्फ यश कुमार पुत्र राजेन्द्र निवासी ग्राम रामपुर बकली, बिजनौर व गजेन्द्र सिंह पुत्र महेन्द्र निवासी ताहरपुर थाना हल्दौर के नाम प्रकाश में आये। मंडावली पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया है। एसपी डा0 धर्मवीर सिंह के अनुसार पूछताछ में शोभित ने बताया कि उसके पास साढे आठ बीघा जमीन थी जो उसने अपनी शराब पीने की लत के कारण बेच दी थी। इतनी ही जमीन उसके भाई लवी के पास थी। लवी के शादी नहीं हुई थी। शोभित ने बताया कि उसकी नीयत में खोट आ गया। और उसने अपने भाई की जमीन हडपने के लिये उसकी हत्या करने की योजना बनायी। 1

9 मई को शाम क समय योजनाबध तरीके से शोभित ने अपनी स्वीफट कार से हरिद्वार घूमने चलने की बात अपने भाई लवी को बतायी। लवी शोभित व उसके दोनों साथी हरिद्वार के लिये निकल गये। लकडहारान नदी के पास योजना के अनुसार चारों ने शराब पी और उन्होंने लवी को भी अधिक शराब पिलायी। नशा होने पर तीनों ने गमछे से लवी का गला घोंट दिया। जिससे उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने शोभित व उसके दोनों साथियों को जेल भेज दिया है।

## आकाशीय बिजली गिरने से युवक की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

**नगीना।** क्षेत्र की ग्राम तेलीपुरा निवासी जंगल में गन्ना भरने के लिए गए थे देर शाम अचानक आई आंधी आकाशीय बिजली गिरने से एक युवक की मौत हो गई युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। थाना क्षेत्र के ग्राम तेलीपुरा निवासी ललित कुमार 28 वर्ष अपने अन्य साथियों के साथ जंगल से शनिवार की शाम को गन्ना भरने के लिए गए थे। अचानक 7 बजे के लगभग मौसम खराब हो गया और तेज आंधी आ गई। और तेज बिजली गड़गड़ाहट ने लगी जैसे ही ललित कुमार घर के लिए चले उनके ऊपर आकाशीय बिजली गिर गई और मौके पर ही मौत हो गई। साथ में काम कर रहे लोगों ने इसकी सूचना तुरंत गांव में दी गांव से सैकड़ों की संख्या में लोग जंगल पहुंचे और उसे मृतक अवस्था में देखकर कोहराम मच गया। घटना की सूचना तहसील प्रशासन को दे दी गई।

## इल्मे दीन का समंदर थे अल्लामा हाशिम नईमी

अमरोहा, प्रात: किरण संवाददाता

**आयोजन**

- दाऊद सराय रोड स्थित मदरसा जामिया नूरिया अशरफुल उलूम में हजरत की दुआ-ए-मगफिरत के लिए जलसा आयोजित किया गया।

मदरसा जामिया नईमिया मुरादाबाद के उस्ताद अल्लामा मोहम्मद हाशिम नईमी के इंतेकाल पर गहरे रंज-ओ-गम का इजहार किया गया। मगफरित की दुआ के बीच स्थानीय उलेमाओं ने इस वक्त उनके दुनिया से चले जाने को कौम और मिल्लत का बड़ा नुकसान करार दिया।

सोमवार दोपहर दाऊद सराय रोड स्थित मदरसा जामिया नूरिया अशरफुल उलूम में हजरत की दुआ-ए-मगफिरत के लिए जलसा आयोजित किया गया। मुफ्ती मोहम्मद नसीम रजा मंजरी व कारी मोहम्मद रजा ने तालिबेइल्मों के बीच कहा कि इल्मे दीन की दुनिया में दौरे हाजिर में आपका नाम सरे फेहरिस्त था।

बताया कि हजरत की पूरी जिंदगी दीन की खिदमत में गुजरी और आधी जिंदगी मदरसा जामिया नईमिया में दर्स दिया। मौजूदा वक्त में शागिर्दों की तादाद भी हजारों में है जो दुनिया के कोने-कोने में मौजूद हैं। हुजूर सय्यदी सरकार ताजुशरिया भी आपके शागिर्दों में है। सादगी की इंतेहा ये थी कि आपको देखकर लोग आपके इल्म और शख्सियत का अंदाजा नहीं लगा पाते थे। उलूम और फुनून में कमाल हासिल था।

आपका दुनिया से रुख्सत हो जाना अहले सुन्नत वल जमात का बड़ा नुकसान है। जिसकी भरपाई मुमकिन नहीं है।

इस बीच हजरत की मगफरित और बुलंद दरजात के लिए खुसूसी दुआ कराई गई। इस दौरान कारी कमाल रजा, मोहम्मद अतहर अंसारी आदि मौजूद रहे।

## छात्राओं ने निकाली सडक सुरक्षा रैली

**धामपुर।** कन्या इंटर कालेज की छात्राओं ने सडक सुरक्षा के प्रति लोगों में जागरूकता लाने के लिये नगर में रैली निकाली। इस दौरान छात्राओं एवं शिक्षिकाओं ने लोगों को सडक सुरक्षा एवं यातायात नियमों की विस्तार से जानकारी देते हुए उनका पालन करने का आहवान किया। विद्यालय की प्रधानाचार्य रेखा देवी के नेतृत्व में निकाली गयी इस रैली के दौरान जहां शिक्षिकाओं एवं छात्राओं ने बाइक पर सवार होर जा रहे लोगों को हेलमेट लगाकर वाहन चलाने की बात कही। इस दौरान छात्रायें अपने हाथों में सडक सुरक्षा एवं यातायात नियमों से संबंधित लिखे हुए स्लोगन वाली पटिट्कायें लिए हुए थीं। रैली कन्या इंटर कालेज से प्रारंभ होकर नगर के निर्धारित मांर्गों से गुजरती हुई विद्यालय में ही पहुंचकर सम्पन्न हुई। रैली को सफलता दिलाने में सविता गहलौत, मीनाक्षी राजपूत, नीरज सिंह, मिथिलेश रानी, रंजना, प्रतीक्षा, विनोद कुमारी आदि अनेक शिक्षिकाओं का योगदान रहा।

# ट्रांसफार्मर बदलने को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

रहरा, प्रात: किरण संवाददाता



ब्लॉक क्षेत्र के गांव तरौली के ग्रामीणों ने घरेलू बिजली सप्लाई के लिए लगे 25 केवी के ट्रांसफार्मर बदले जाने को लेकर ट्रांसफार्मर के पास विरोध प्रदर्शन किया।ग्रामीणों ने चेतावनी दिया कि अतिशीघ्र यदि इसे बदला नहीं गया तो हम लोग आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। आरोप है कि ब्लॉक क्षेत्र के गांव गरौली मे घरेलू बिजली सप्लाई के लिए 25 केवी का ट्रांसफार्मर लगा है। जिसपर 26 कनेक्शन है।जो 26 उपभोक्ताओं के घरों को बिजली सप्लाई करता है।

जो ओवर लोड होने के कारण हफ्ता भर से फूंका पड़ा है।जिसकी शिकायत प्रमोद नागर,ग्राम प्रधान/प्रदेश उपाध्यक्ष भाकियू भानु ने विधुत विभाग के जेई की की थीं।लेकिन हफ्ते भर बाद भी उस पर कोई संज्ञान नहीं लिया गया। गुस्साए ग्रामीणों ने सोमवार को विरोध प्रर्दशन करते हुए कहा कि विधुत विभाग की लापरवाही के चलते ट्रांसफार्मर फूका होने के कारण ग्रामीण भीषण गर्मी में झूझ रहे है।जिनकों पिन के पानी की किल्त का भी सामना करना पड़ रहा है।और अंधेरे में जीवन यापन कर रहे हैं। यही नहीं रात में महिलाएं अपने छोटे-छोटे बच्चों को खुले मैदान में लेकर पेड़ों के नीचे सो रही हैं। जिसके कारण उन्हें जहरीले कीड़े का खतरा भी बना हुआ है। ग्रामीणों ने कनेक्शन के लोड के अनुसार ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाने की माँग की। और सुनिश्चित किया यदि तत्काल ट्रांसफार्मर नहीं बदला जाता तो हम बुराबली बिजली घर पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करेंगे। जिसकी जिम्मेदारी बिजली विभाग की होगी।इस मौके पर परमा ठाकुर, पुरुषोत्तम महाराज, जितेंद्र शर्मा, आजाद नगर, नजर सिंह, शुभम सिंह, कपिल नागर, चरण सिंह, हरिओम ठाकुर, अमित नागर, राहुल नगर, ओपन नगर, आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।

## प्राचीन सिद्ध स्थल सिद्ध कुटी पर किया विशाल भंडारे का आयोजन



नांगल सोती, प्रात: किरण संवाददाता

प्राचीन सिद्ध स्थल (उत्तराखंड) चिड़ियापुर में स्थित सिद्ध कुटी पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमे हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। रविवार को समाजसेवी और धर्मप्रेमी मुनिदेव सैनी ने गंगा नदी मार्ग के किनारे बने प्राचीन सिद्ध स्थल सिद्ध कुटी चिड़ियापुर में एक विशाल भंडारे का आयोजन किया। जिसमें हवन यज्ञ के बाद यहां लोगो को प्रशाद ग्रहण कराया गया। जिसमें हजारों भक्तों ने पहुंचकर धर्म लाभ कमाया। भंडारे में प्रसाद वितरण कराने में अनिल सैनी, अंकुर सैनी, गोपाल शर्मा, अक्षय सैनी, मोहित सैनी, सुनील सैनी, मुकेश शर्मा, मुकेश सैनी, मुकेश वर्मा, मनोज कुमार, हर्ष जोशी, विनय अहलावत,अंकुर वर्मा,सूर्य प्रताप, पंकज कर्णवाल, मोहित कर्णवाल, आदि का सहयोग रहा। भंडारे कराने और मंदिर निर्माण कराने में मुनिदेव सैनी की अलग पहचान है। वे अपने जीवन मे सैकड़ों भंडारे करा कर धर्म लाभ उठा चुके हैं।

## बाइक भिड़ंत में घायल युवक की हालत नाजुक

**हसनपुर।** अलीगढ़ मार्ग पर बाइकों की आमने सामने भिड़ंत में घायल युवक की हालत नाजुक बनी है। मेरठ के अस्पताल में उपचार चल रहा है।हादसा शनिवार देर शाम अलीगढ़ मार्ग पर गांव रुस्तमपुर के पास हुआ। दो बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत में रहरा थाना क्षेत्र के गांव जेबडा मुस्तकम निवासी अजयपाल व उसकी पत्नी कविता घायल हो गए। अजयपाल, पत्नी कविता व डेढ़ साल के बेटे के साथ मुरादाबाद से लौट रहा था। जैसे ही उसकी बाइक रुस्तमपुर के पास पहुंची तो सामने से आ रहे दूसरे बाइक सवार ने टक्कर मार दी। राहगीरों ने एंबुलेंस से घायल दंपति को नगर सीएचसी में भर्ती कराया, जहां से अजयपाल की हालत गंभीर देखते हुए हायर सेंटर मेरठ रेफर कर दिया गया। अजय पाल को मेरठ के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। परिजनों के मुताबिक उसकी हालत नाजुक बनी है। फिलहाल मामले में किसी भी पक्ष की ओर से कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की गई है। पुलिस अधिकारी तहरीर मिलने पर जांच व कार्रवाई करने की बात कह रहे हैं।

## जिला बिजनौर को कृषि हब के रूप में किया जाएगा विकसित: जिलाधिकारी

### स्थानीय कृषकों के उत्पादों को उचित बाजार मूल्य उपलब्ध कराने के दिए अधिकारियों को निर्देश

बिजनौर, प्रात: किरण संवाददाता



जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने संबंधित जिला स्तरीय अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देश देते हुए कहा कि जिला बिजनौर को कामर्शियल एवं जैविक खेती के हब के रूप में विकसित करना है। उन्होंने कहा कि जिले का वातावरण इसके लिए अनुकूल है तथा यहां के कृषक भी प्रगतिशील और उत्सुक हैं कि उनके उत्पादकों को अच्छा बाजार मिले ताकि उन्हें अपने उत्पादों के अच्छे दाम हासिल हो सकें।

उन्होंने नगीना स्थित कृषि अनुसंधान केन्द्र के प्रभारी अधिकारी को निर्देश दिए कि अनुसंधान के साथ-साथ जिले के कृषक बन्धुओं से सीधे संवाद स्थापित कर उन्हें कृषि से संबंधित आधुनिक तकनीक एवं वैज्ञानिक विधियों की जानकारी उपलब्ध कराएं तथा अपने संस्थान में बासमती चावल की उपज बढ़ाने, क्वालिटी को विकसित करने तथा उसका उचित मूल्य उपलब्ध कराने के लिए मार्किटिंग आदि की व्यवस्था से संबंधित प्रभावी शार्ट फिल्म बना कर उसका प्रस्तुतिकरण करें ताकि स्थानीय कृषक प्रेरित हो कर बासमती का उत्पादन करने में अपनी रूचि ले सकें। उन्होंने कहा कि जिला बिजनौर को कृषि विकास के हब के रूप में विकसित किए जाने की अपार संभावनाएं हैं, क्योंकि स्थानीय कृषक न केवल प्रगतिशील हैं बल्कि स्वयं कृषि विकास के क्षेत्र में नये-नये प्रयोग कर अपनी विद्वता को चरितार्थ करते रहे हैं। उन्होंने कहा कि बिजनौर के गेहुं, सरसों का तेल और जैविक उत्पादों का निर्यात इस बात का प्रमाण है कि स्थानीय कृषकों को यदि उचित मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाए और उनके उत्पादों को क्रय के लिए बाजार उपलब्ध कराया जाए तो बहुत से कृषि उत्पाद स्थानीय एवं विदेशों में विक्रय किए जा सकते हैं।

उन्होंने यूपी डास्प, कृषि, गन्ना, खाण्डसारी, उद्यान, पशुपालन, मत्स्य, एनआरएलएम, नबार्ड, सहकारिता, ग्रामोद्योग, मण्डी, इफको, कृभकों सहित कृषि से संबंधित अन्य विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने-अपने विभागों की प्रगति और उपलब्धियों पर आधारित सूक्ष्म फिल्म बनाएं, जिसमें विभागीय योजनाओं के साथ ही उनसे लाभान्वित होने वाले लाभार्थियों की सक्सेज स्टोरी और उनके सुझावों को भी उसमें शामिल करें ताकि आम कृषक वर्ग भी प्रेरित हो सके और कृषि के विकास में अपना योगदान अदा कर सके। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देश दिए कि आगामी 05 जून को आयोजित होने वाले वृहद् स्तरीय कृषि मेले के सफल आयोजन के लिए सभी अधिकारियों को आवश्यक मार्गदर्शन एवं निर्देश उपलब्ध कराएं और 27 मई,22 को निर्धारित रिर्हसल की तिथि को संबंधित विभागीय से प्रभावी प्रदर्शन के तैयारी कराना सुनिश्चित कराएं। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा विभागीय उपलब्धियों एवं प्रगति पर आधारित स्टॉल लगवाएं।

उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि उक्त अवसर पर जिले के प्रगतिशील किसानों, जैविक कृषक समूहों, कृषक उत्पादक संगठनों, कृषि उद्यमियों, कृषि उत्पाद निर्यातकों, व्यवसायीयों तथा व्यापार मण्डल के सदस्यों को भी आमंत्रित करें और उनके विचारों को भी रखें ताकि जन सामान्य प्रेरित हो सकें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी के0पी0 सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 विजय कुमार गोयल, उप निदेशक कृषि गिरीश चन्द, जिला पंचायतराज अधिकारी सतीश कुमार, जिला कृषि अधिकारी अवधेश कुमार के अलावा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

# ब्लाक प्रमुख के प्रयास से गंगा घाट तक बनेगी पक्की सड़क

नांगल सोती, प्रात: किरण संवाददाता



नजीबाबाद ब्लाक प्रमुख और नांगल भाजपा मंडल अध्यक्ष के प्रयास से स्थानीय गंगा घाट तक पक्की सड़क और शव दाह ग्रह बनाने की रूपरेखा तैयार की जा रही है। जिसके लिए लेखपाल ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया है। नांगल गंगा घाट पर शव दाह संस्कार के लिए नजीबाबाद ब्लॉक के जीतपुर, खानपुर, नांगल, नवादा, मंडावली, जालपुर, सराय, कोट सराय, मानपुर, चमरोला, हरचंदपुर सहित दर्जनों गांव से लोग शव दाह संस्कार के लिए पहुंचते हैं।

जहां शव दाह ग्रह और पक्के मार्ग के न होने के कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। वे बरसात के समय शव का अंतिम संस्कार करने में काफी दिक्कत का सामना उठाना पड़ता है इसी समस्या को देखते हुए नांगल भाजपा मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र शर्मा व ब्लाक प्रमुख तपराज सिंह ने नांगल बस्ती से लेकर गंगा घाट तक पक्के मार्ग के निर्माण और गंगा घाट से पहले शव दाह ग्रह बनाने की ओर कदम बढ़ाया है। जिसके लिए लेखपाल विनीत कुमार ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया है। मुख्य मार्ग से लेकर शवदाह गृह बनाने हेतु खाली पड़ी भूमि को भी जल्द ही चिन्हित कराए जाने हेतु इन्होंने उच्चाधिकारियों के समक्ष इस कार्य योजना को रखने की बात कही है।

## गांव में स्थित मकान में गौवंशो की देखभाल ना होने से पशु मरण अवस्था में पहुंचे

नजीबाबाद, प्रात: किरण संवाददाता



उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार भले ही गौवंश सुरक्षा को लेकर गंभीर हो, लेकिन कुछ लोग गौवंश की देखभाल सफाई व्यवस्था के प्रति लापरवाह बने हुए है। ग्राम जालबपुर गूदड़ में ऐसा ही मामला प्रकाश में आया है। गांव में स्थित एक मकान मे गौवंशो की देखभाल ना होने से पशु मरण अवस्था में पहुंच गए हैं तथा सफाई ना होने से गांव में बीमारी फैलने का खतरा भी बना हुआ है। ग्राम वासियों ने गौवंशो की देखभाल करने या उन्हे गौशाला में पहुंचाने की मांग की है। नजीबाबाद बुन्दकी मार्ग पर ग्राम जालबपुर गूदड़ में एक पशु स्वामी गौवंश के देखभाल को लेकर लापरवाह बना हुआ है। बताया जाता है कि मकान के अन्दर पल रहे गौवंश के आसपास ना तो सफाई की जाती है और ना ही उनकी सही प्रकार से देखभाल हो रही है जिसके कारण पशु मरण अवस्था में है और गंदगी से आसपास बदबू फैलने से बीमारियो का खतरा भी बना हुआ है। ग्रामीणो की माने तो पूर्व मे भी पशुओ की देखभाल सही प्रकार से ना होने से एक पशु ने तड़प तड़प कर जान दे दी थी। ग्रामीणो ने पशु स्वामी द्वारा देखभाल ना करने की शिकायत ग्राम प्रधान से भी की लेकिन कोई समाधान नहीं निकल सका। हांलाकि ग्राम प्रधान ने पशु स्वामी से सफाई व्यवस्था कराने व बीमार पशुओ को चिकित्सक को दिखाने के लिए कहा लेकिन पशु स्वामी ने पैसे ना होने की बात कही। ग्राम प्रधान ने पशुओ को गौशाला छोड़ने को कहा तो इस पर भी वह राजी नही हुए।

## पुलिस आपरेशन चेकिंग के दौरान 04 अवैध शस्त्र मय 14 कारतूस सहित 03 अभियुक्त गिरफ्तार

### दो बाल अपराधी लिये गये पुलिस अभिरक्षा में

बिजनौर, प्रात: किरण संवाददाता

पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद बिजनौर में चलाये जा रहे आपरेशन पाताल के अन्तर्गत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व

क्षेत्राधिकारी चांदपुर के कुशल पर्यवेक्षण में रविवार की रात्रि थाना चांदपुर पुलिस द्वारा पुलिस चौकी पांडवनगर क्षेत्र में हस्तिनापुर रोड पर ग्राम रायपुर खादर के पास से समय करीब 11.30 बजे संदिग्ध वाहन व व्यक्तियों की चैकिग के दौरान 03 अभियुक्तों अंकित पुत्र अमर सिहं निवासी ग्र्राम खानपुर खादर थाना चांदपुर जनपद बिजनौर राहुल पुत्र लाखन निवासी ग्राम नारनौर थाना चांदपुर जनपद बिजनौर अचिन पुत्र देवेन्द्र निवासी ग्राम जलीलपुर थाना चांदपुर जनपद बिजनौर को 02 तमन्चे 315 बोर मय 08 जिन्दा कारतूस, 01 तमन्चा 32 बोर मय 02 जिन्दा कारतूस, 01 बन्दूक देशी 12 बोर मय 04 कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया तथा इनके 02 साथी बाल अपचारी उम्र 17-17 वर्श को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। अवैध शस्त्रों की बरामदगी के सम्बन्ध में थाना चांदपुर पर शस्त्र अधिनियम की धाराओं में मु0अ0सं0 324/2022 से 328/22 बनाम उपरोक्त पंजीकृत किये गये।

## कांग्रेसियों ने पत्रकार स्व०उवैश की मृत्यु पर शोक प्रकट किया

**बिजनौर।** सोमवार को कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष शेरबाज पठान और जिला उपाध्यक्ष मुनीश त्यागी, जिला महासचिव नजाकत अल्वी, अदनान शेख कस्बा मंडावर एक्सीडेंट में मरने वाले युवा पत्रकार स्व०उवैश के घर पर पहुँचे ओर मृतक पत्रकार के परिजनों से बात की ओर युवा पत्रकार की मृत्यु पर शोक प्रकट किया।

जिलाध्यक्ष शेरबाज पठान ने कहा स्व०उवैश ने छोटी आयु में ही पत्रकारिता के क्षेत्र में अपनी अच्छी पहचान बना रक्खी थी उनकी मृत्यु से जिले के तमाम लोग दुखी है। शेरबाज पठान ने उनके परिवार को विश्वास दिलाया कि इस दुःख की घड़ी में जिले का एक एक कांग्रेस कार्यकर्ता आपके साथ है।

## संक्षिप्त खबरें

### ज्ञानवापी मुद्दे पर बोलने वाली महिला नेता को मिली जान से मारने की धमकी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग द्वारा प्रदेश में महिला उत्पीड़न की घटनाओं पर रोकथाम और पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाए जाने के उद्देश्य से आयोग के संज्ञान में आने वाले गंभीर प्रकरणों पर तत्काल समुचित कार्यवाही की जाती है इसी क्रम में सोमवार को जनपद अलीगढ़ से एक आवेदिका द्वारा पिछले दिनों ज्ञानवापी के मुद्दे पर मीडिया पर राष्ट्रहित में देश के भाईचारे की बात करने पर उसे व उसके परिवार को जान से मारने की धमकियां मिलने संबंधी प्रार्थना पत्र राज्य महिला आयोग को प्राप्त हुआ। इस प्रार्थना पत्र का त्वरित संज्ञान लेकर आयोग की अध्यक्ष श्रीमती विमला बाथम ने जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, अलीगढ़ को नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही व पीड़ित को पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराकर कृत कार्यवाही की आख्या यथाशीघ्र आयोग को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

### दुर्घटनाओं और ट्रैफिक जाम की सबसे बड़ी वजह जानकारी का अभाव :जिलाधिकारी

लखनऊ। दुर्घटनाओं और ट्रैफिक जाम की सबसे बड़ी वजह जानकारी का अभाव है। यदि लोग जागरूक हों, नियमों का पालन करें तो बड़े स्तर पर बदलाव साफ दिखाई देगा। जिलाधिकारी अभिषेक प्रकाश सोमवार को सडक सुरक्षा विशेष अभियान के तहत राजधानी के सभी स्कूलों के शिक्षकों, प्रधानाचार्यों और प्रबंधको को जागरूक कर रहे थे। कार्यक्रम का आयोजन इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में किया गया था। डीएम के साथ स्कूलों के शिक्षकों, प्रधानाचार्यों और प्रबंधकों के साथ हुए इस कार्यक्रम के बाद शिक्षण संस्थाओं में छात्रों को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक किया जाएगा। इसके बाद छात्र छात्राएं अपने परिवार जनों और अन्य लोगों को ट्रैफिक नियमों के लिए सजग करेंगे। डीएम ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर लखनऊ समेत प्रदेश भर में सडक सुरक्षा के लिए अभियान चल रहा है जिसमें 18 से 25 मई के बीच लोगों को जागरूक किया जाना है। इसी कड़ी में यह आयोजन किया गया।

### लोकार्पण के ढाई साल में जर्जर हो गया ओवरब्रिज

रायबरेली। जिस ओवरब्रिज का लोकार्पण स्वयं देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया हो और वो महज ढाई साल में जर्जर हो जाए तो काम करने वाली कंपनी पर सवालिया निशान लगना लाजमी है। कुछ जगहों पर तो इतने बड़े-बड़े गड्ढे हैं कि वाहन 40 की स्पीड में हो, तो भी हादसा हो सकता है। बीते शनिवार दोपहर करीब 2 बजे पुल में दरार आ गई। पुल का एक हिस्सा लगभग एक फीट दूर चला गया, जिससे कि पुल की दीवारें बीच से चिटक गईं। कई बार स्थानीय लोगों ने सड़क दुरुस्त कराने के लिए शिकायत की, लेकिन काम नहीं हुआ। रायबरेली से सुल्तानपुर जाने वाले एनएच-128 के पुल में दरार आ गई है। एहतियात के तौर पर प्रशासन ने पुल पर आवागमन बंद कर दिया है। रूट डायवर्जन होने के चलते लोगों को 45 किमी की अधिक दूरी तय करनी पड़ रही है। हालांकि, 36 घंटे बाद भी पुल की मरम्मत का काम शुरू नहीं हो सका है। ओवरब्रिज पर आवागमन बंद होने के बाद दो और चार पहिया वाहनों के लिए आईटीआई मोड़ से सुल्तानपुर हाईवे जाने का रूट बनाया गया है। इस सड़क की दशा बहुत ही खराब है। पुल से गुजर रहे लोगों ने जब दरारें देखी तो पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते डीएम माला श्रीवास्तव, एसपी श्लोक कुमार, सीओ सिटी वंदना सिंह और सिटी मजिस्ट्रेट पल्लवी मिश्रा मौके पर पहुंच गईं। आनन-फानन में उधर से जाने वाले वाहनों और लोगों को रोका गया। ट्रैफिक पुलिस ने पुल पर बैरिकेडिंग लगा दी।

### जगन्नाथ रथ यात्रा को देखते हुये पदाधिकारियों की बैठक

उन्नाव। उन्नाव में आगामी जगन्नाथ रथ यात्रा को देखते हुये सोमवार को राजधानी मार्ग स्थित सब्जी मंडी में पदाधिकारियों की बैठक हुई। जिसमें पदाधिकारियों ने जगन्नाथ रथ यात्रा को भव्य बनाने को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान कोषाध्यक्ष कमल वर्मा ने समिति के आय व्यय का लेखा जोखा प्रस्तुत किया। बैठक का संचालन महमन्त्री अंजनी कुमार अग्निहोत्री ने किया। निकलने वाली जगन्नाथ यात्रा को लेकर मौजूद पदाधिकारियों ने पूरी रणनीति तैयार कर ली है। शुक्लागंज में यह यात्रा भव्य तरीके से निकाली जाती है जिसमें हजारों लोग जुड़ते हैं। सोमवार को राजधानी मार्ग स्थित सब्जी मंडी में जगन्नाथ रथ यात्रा को लेकर पदाधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया।

# सरकार नियम के तहत प्रत्येक प्रश्न व मुद्दे पर चर्चा - परिचर्चा व जवाब देने को तैयार :योगी

लखनऊ, प्रात: किरण संवाददाता



18 वी विधान सभा के गठन के पश्चात सदन का पहला विधानसभा सत्र सोमवार को महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण व विपक्ष द्वारा विभिन्न मुद्दों को लेकर सरकार के विरोध में किए गए जोरदार हंगामे के बीच शुरू हुआ। विधान सभा सत्र प्रारम्भ होने से पूर्व पत्रकारों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा हृदय से नवनिर्वाचित सदस्यों का हृदय से स्वागत व अभिनंदन। सत्र की शुरूआत आज से हो रही है इसकी शुरूआत परम्परा अनुसार महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण से होती है। मै विश्वास के साथ कहता हूं कि जिस तरह से विगत लगभग तीन वर्षो से राज्यपाल महोदय का मार्गदर्शन - प्रदेश के विकास के लिए,लोक कल्याण के लिए प्राप्त हुआ है।सभी सदस्यगण उनके अभिभाषण से मार्गदर्शन प्राप्त करके न केवल पिछली उपलब्धियों को बल्कि भावी कार्ययोजनाओं को भी सदन में चर्चा परिचर्चा का विषय बनाएंगे। उन्होंने कहा कि सदन जनता से जुड़े मुद्दों पर चर्चा और परिचर्चा का माध्यम है। जो भी प्रश्न व मुद्दे सही नियम के तहत विधानसभा सचिवालय को प्राप्त होंगे, सरकार हर एक का जवाब देने और उन पर चर्चा करने की पक्षधर है। उन्होंने कहा कि यह बजट सत्र है। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 26 मई को प्रदेश के 25 करोड़ लोगों के विकास के लिए, गरीबों के कल्याण के लिए व समाज के प्रत्येक वर्ग के हितों के लिए इस वित्तीय वर्ष का पहला बजट प्रस्तुत किया जाएगा।उन्होंने सभी सदस्यों से बजट पारित कराने में सहयोग की अपेक्षा की। माना जा रहा है कि 26 मई को वर्तमान वित्तीय वर्ष का लगभग साढ़े छः लाख करोड़ का बजट 2024 के लोक सभा चुनाव को ध्यान में रखकर प्रस्तुत किया जाएगा।

## नगर निकाय चुनाव में नई रणनीति के साथ मैदान पर उतरेगी कांग्रेस राजनीति

लखनऊ, एजेंसी

उत्तर प्रदेश विधानसभा में मात्र दो सीटों पर सिमटी कांग्रेस आगामी निकाय चुनावों में जनसमर्थन हासिल करने के लिये नई रणनीति के साथ मैदान में उतरने की तैयारी में है। इसके लिये पूरे राज्य में जोन वार बैठकों का सिलसिला शुरू हो चुका है। पार्टी सूत्रों ने सोमवार को बताया कि इन बैठकों में ब्लॉक स्तर तक के सभी विभागों, प्रकोष्ठों, के कार्यकर्ता और पदाधिकारी शामिल हो रहे हैं। निकाय चुनाव सम्बन्धित होने वाली मीटिंगों के लिए पार्टी ने सात जोन चिन्हित किये हैं जिसमें एक जोन लखनऊ में है ये मीटिंग संपन्न हो चुकी है। आगामी 24 मई को बरेली और 25 मई को मेरठ और जालौन में होने वाली है। उन्होने बताया कि निकाय चुनाव लड़ने के लिए कुछ मानक तैयार किये हैं, पार्टी, चुनाव लड़ने के लिए इच्छुक लोगों से आवेदन फॉर्म भरवाने की प्रक्रिया अपना रही है, इस आवेदन के साथ चुनाव लड़ने के लिए इच्छुक व्यक्ति को अपने समर्थन के लिए उचित संख्या में लोगों को जुटाना होगा और उनका पूर्ण विवरण फॉर्म में लिखनी होंगी। यह संख्या अभी तक 300 रखी गयी है। सूत्रों ने बताया कि पार्टी ने चुनाव लड़ने के लिए एक लम्बा चौड़ा प्लान तैयार किया है जिसको मीटिंग में सभी लोगों के सामने रखा जा रहा है। इस प्लान में कांग्रेस के पुराने चुनावों में क्या स्थिति थी और उसका विश्लेषण है। साथ ही साथ इस प्लान में ये भी बताया जा रहा है कि पार्टी पहले किन-किन जगहों पर कमजोर रही और उसको कैसे सुधार सकते हैं।

# ग्राहक ने दुकानदार पर लगाया जैमिनी रिफाइंड आयल की चिट लगाकर नकली रिफाइंड देने का आरोप




बहजोई , प्रात : किरण संवाददाता

लजीव व्यंजन रिफाइंड खाकर यह खबर आप को चिंता में डाल सकती है जिसे आप शुद्ध रिफाइंड समझ रहे हैं उसने पहले ही असली जैमिनी रिफाइंड आयल की चिट चिपका हुआ है और इस वक्त सावधान होने की जरूरत है जो कि बाजार में नकली रिफाइंड के टीन पर असली ब्रांडेड जैमिनी आयल की चिट चिपका कर धड़ल्ले से बेचा जा रहा है नकली रिफाइंड ऑयल यकीन नहीं आ रहा तो यह तस्वीर आप जरूर देख लें। संभल के थाना बहजोई में रिफाइंड ऑयल के नाम पर बेच रहे सेहत का जहर यह नकली रिफाइंड आयल दिमाग और लीवर को करता है बीमार जी हां ऐसा ही मामला एक संभल के थाना

- संभल में असली ब्रांडेड रिफंड ऑयल की चिट लगाकर बेचा जा रहा है नकली रिफाइंड ऑयल
- राकेश ने लगाया दुकानदार पर नकली रिफंड देने का आरोप

धनारी क्षेत्र के गांव दिनोरा में राकेश पुत्र तोताराम अपनी पिता अरिशटी के लिए सुरेश चंद्र प्रोविजन स्टोर पार्क के पास काठ बाजार बहजोई गया था दुकानदार ने राकेश को नकली रिफाइंड के टीन पर असली ब्रांडेड जैमिनी रिफाइंड ऑयल चिपकी हुई महंगे दामों पर बेच दिया जब राकेश घर लेकर आया घर पर काम कर रहे हलवाई में टीन खोलकर कढ़ाई में डाल दिया तब हलवाई को रिफाइंड में कुछ संदेह लगा। टीन पर टीन पर असली ब्रांडेड जैमिनी रिफाइंड आयल की चिट चिपकी देखी तब राकेश बहजोई जाकर उसे वापस करने को कहा तो दुकानदार सुरेश चंद्र नकली रिफाइंड तेल वापस करने को मना कर दिया ।और झगड़ने को उतारू हो गया तब कही कुछ लोगों ने मामले को शांत कराया।

# महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण में विकास की कोई सुनियोजित मंशा नहीं दिखाई देती:अखिलेश

लखनऊ, प्रात : किरण संवाददाता



- अभिभाषण में किसानों और नौजवानों को किया गया गुमराह

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव ने कहा है कि आज राज्य विधानमण्डल के समक्ष महामहिम राज्यपाल ने जो अभिभाषण पढ़ा उसमें न तो कुछ नयापन है और नहीं उसमें प्रदेश के विकास की कोई सुनियोजित मंशा ही दिखाई देती है। सरकार कुछ कहे पर जनता को सब सच्चाई मालूम है कि भाजपा सरकार ने पिछले पांच साल नाम और पत्थर बदलने में लगा दिए जबकि आज भी वह जनहित की ठोस योजनाओं की प्रस्तुति से वंचित है। नामों में कुछ हेरफेर के साथ राज्य सरकार ने जो योजनाएं पेश की है वे सामान्यतया वही है जिनका प्रारम्भ समाजवादी सरकार में हुआ था। चिकित्सा और शिक्षा के क्षेत्र में नया कुछ करने के बजाय समाजवादी सरकार के कामों को ही गिना दिया गया है। एक भी यूनिट बिजली का उत्पादन न करने वाली भाजपा सरकार में लोग बिजली कटौती के चलते अंधेरे और भीषण तपिश में जीने को मजबूर है।

महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण में किसानों, नौजवानों को गुमराह ही किया है। किसान की फसल औने पौने दाम पर बिक रही है। एमएसपी की अनिवार्यता पर एक भी शब्द नहीं है। किसान की आय दुगनी करने का वादा थोथा ही दिख रहा है। गन्ना किसानों के भुगतान की बड़ी राशि बकाया है। गेहूं खरीद का लक्ष्य पूरा नहीं हुआ।

उत्तर प्रदेश में भाजपा राज में निवेश के नाम पर कुछ भी नहीं हुआ। समाजवादी सरकार ने तो आईटी हब बनाकर दिखा दिया, भाजपा कोई नया मॉडल भी नहीं बना सकी। नौजवानों को रोजगार के लिए कोई योजना नहीं है। भाजपा सरकार ने सिर्फ पेपर लीक और भर्ती घोटालों की सौगाते दी है। बेरोजगार नौजवानों की न्याय की मांग पर उन्हें सिर्फ लाठियों से पीटा गया। एक भी सैनिक स्कूल नहीं खोला गया।

अजीब बात है कि मुख्यमंत्री जी और भाजपा सरकार द्वारा प्रदेश में अपराधों में गिरावट के जो दावे किये जा रहे हैं उनकी पोल राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरों के आंकड़ों से खुल गई है। भाजपा सरकार में दुष्कर्म और महिला अपराध की घटनाएं आये दिन घट रही है। रोज ही लोगों की पुलिस हिरासत में मौते हो रही है। भाजपा सरकार और प्रशासन तंत्र केवल अपने हितों के लिए ही निदोर्षों का उत्पीड़न कर रही है। उन्हें जनता की सुरक्षा से कोई वास्ता नहीं है। उत्तर प्रदेश की लापरवाह भाजपा सरकार अव्यवस्था और महिला अपराध में केवल नम्बर वन बन गयी है।

सच तो यह है कि भाजपा सरकार की योजनाओं में भी आरएसएस के एजेण्डा की झलक दिखाई देती है। एक खास समुदाय के प्रति उपेक्षा का भाव इसमें जाहिर है। गरीब, किसान, युवा, शिक्षक और व्यापारी वर्ग को सहूलियत तो मिली नहीं, उनकी तकलीफों को और बढ़ा दिया गया है। राज्यपाल जी ने भाजपा सरकार के थोथे दावों की पुस्तिका को ही पढ़कर अपने कार्यवृत्त की इति कर ली। इस किताब में कुछ भी सत्य नहीं है। जनता को भाजपा सरकार से गहरी निराशा ही हाथ लगी है।

## अवैध अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन सख्त

**जालौन, एजेंसी।** जालौन पूरे प्रदेश में अतिक्रमणकारियों के खिलाफ लगातार बुलडोजर चल रहा है। झांसी मंडल के कमिश्नर अजय शंकर पांडे के निर्देशन पर रामपुरा कस्बे में सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करके उन पर टीन सेट लगाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई। जिससे अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मचा रहा। जालौन में झांसी मंडल के कमिश्नर अजय शंकर पांडे ने बैठक करके निर्देश दिए थे कि नगर पालिका नगर पंचायत और ग्राम पंचायतों की जमीन पर कब्जा करने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जाए। उनके खिलाफ कारवाई की जाए। इसी क्रम में रामपुरा नगर पंचायत के अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह और अधिशासी अधिकारी राजीव कुमार के नेतृत्व में सरकारी जमीन पर अवैध तरीके से कब्जा करने वालों के खिलाफ बुलडोजर चलाया गया। यह बुलडोजर रामपुरा बस स्टैंड, सराफा बाजार से लेकर मुख्य बाजारों में चला। जहां पर अधिशासी अधिकारी द्वारा उन दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई की गई। जिन्होंने अवैध तरीके से टीन सेट तथा सीढ़ियां बना ली थी। बुलडोजर से टीन सेट तथा सीढ़ियों को तुड़वाया गया। साथ ही अतिक्रमणकारियों को चेतावनी दी गई। यदि दोबारा यह काम किया गया, तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## प्रभात फेरी निकालकर छात्रों ने किया सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक

लखनऊ, प्रात : किरण संवाददाता




उत्तर प्रदेश शासन व प्रशासन के आदेश के अनुपालन में चलाए जा रहे सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत खालसा इन्टर कॉलेज के छात्रों एवं शिक्षकों द्वारा विद्यालय के प्रबंधक स.राजेन्द्र सिंह बग्गा के मार्गदर्शन एवं प्रधानाचार्य स.वीरेन्द्र सिंह के नेतृत्व में सोमवार को प्रभात फेरी का आयोजन कर सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। थाना नाका हिंडोला के एसएसआई - अवनीश कुमार सिंह,एचसी - संतोष कुमार,आशीष कुमार, रवि सिंह तथा अरविंद मान ने प्रभात फेरी में शामिल होकर जनता को उक्त अभियान के क्रम में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक कर प्रभात फेरी में सहयोग किया। प्रभात फेरी में कॉलेज के शिक्षक वीके श्रीवास्तव, रामलाल जी, अजय कुमार, शैलेन्द्र कुमार, प्रतीक वर्मा एवम् वरिष्ठ लिपिक -विक्रांत अवस्थी सहित अन्य शिक्षक व कर्मचारी शामिल रहे।

## परिषदीय स्कूल बंद होने के बाद भी नामांकन का रिकार्ड बनाने में जुटे गुरूजी

बस्ती, एजेंसी। 20 मई से परिषदीय स्कूल बंद हो चुके हैं। अब 16 जून से स्कूल दोबारा खुलेंगे लेकिन गौर विकास क्षेत्र के मुसहा प्रथम में स्थित इंग्लिश मीडियम मॉडल प्राइमरी स्कूल के स्टाफ नामांकन में जुटे हैं। इसके लिये अध्यापकों का डोर टु डोर अभिभावकों से संपर्क जारी है। रविवार को विद्यालय में प्रबंध समिति की बैठक हुई। प्रधानाध्यापक रामसजन यादव ने कहा स्टाफ के सहयोग एवं प्रबंध समिति तथा अभिभावकों के बेहतर समन्वय के चलते मुसहा का विद्यालय एक उदाहरण बनकर उभर रहा है। ऐसे में समिति के सदस्यों की जिम्मेदारियां भी बढ़ रही हैं। उन्होने सभी से 5 नामांकन कराकर महत्वपूर्ण योगदान देने को कहा। सभी ने लक्ष्य से अधिक कार्य करने का संकल्प लिया। प्रधानाध्यापक ने कहा भीषण गर्मी में विद्यालय की हरियाली बनाये रखना मुश्किल हो गया है। फिर भी सिंचाई हर दूसरे दिन होनी चाहिये। बैठक में समिति के अध्यक्ष अखिलेश कुमार, रीता देवी, राम सहाय, सरोज, पाटन दीन, गरीबुल्लाह, किशन कुमार, इन्द्र जीत, जय राम, शीला देवी, वीना भारती, मालती देवी, लाल पती, मिथिलेश कुमारी एवं शिक्षक पाकीजा सिद्दीकी, राम जीत, कुन्नू देवी, दर्शन देवी आदि उपस्थित रहीं।

# टेराकोटा गांव औरंगाबाद पहुंच अभिभूत हुए यूके के राजनयिक एलन जेमेल

गोरखपुर, एजेंसी

गोरखपुर में औद्योगिक विकास, निवेश के माहौल और ओडीओपी में शामिल पारंपरिक टेराकोटा शिल्प को उद्योग के रूप में तब्दील होने की प्रक्रिया देखने आए यूनाइटेड किंगडम (यूके) के ट्रेड कमिश्नर फॉर साउथ एशिया, एलन जेमेल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दूरदर्शिता के मुरीद बन बन गए। टेराकोटा गांव औरंगाबाद पहुंचकर एलन ने टेराकोटा उत्पाद बनने की पूरी प्रक्रिया को देखने और खुद चाक पर हाथ आजमाने के बाद कहा कि ओडीओपी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा शुरू की गई अहम योजना है। उन्होंने उम्मीद जताई जल्द ही यूके के साथ टेराकोटा उत्पादों का कारोबार शुरू किया जाएगा। यूके के इस राजनयिक ने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की वजह से गोरखपुर में अभूतपूर्व इनवेस्टमेंट और डेवलपमेंट हुआ है।

ब्रिटिश काउंसिल इन इंडिया के डायरेक्टर रह चुके एलन जेमेल, वर्तमान में ब्रिटिश शासन की तरफ से साउथ एशिया में ट्रेड कमिश्नर और ब्रिटिश डिप्टी हाई कमिश्नर फॉर वेस्टर्न इंडिया की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। यूनाइटेड किंगडम और एशिया के बीच निवेश संबंधों को मजबूत करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने गोरखपुर में औद्योगिक विकास, निवेश का माहौल देखने के साथ एक जिला, एक उत्पाद (ओडीओपी) में शामिल टेराकोटा शिल्प का क्लस्टर देखने की इच्छा जताई थी। इसी सिलसिले में सोमवार को वह टेराकोटा गांव के रूप में मशहूर औरंगाबाद पहुंचे। औरंगाबाद में एलन ने तीन टेराकोटा शिल्पकारों पन्नेलाल प्रजापति, राममिलन प्रजापति और अखिलेश चंद प्रजापति के घर जाकर टेराकोटा के उत्पादों के बनने की पूरी प्रक्रिया समझी। पन्नेलाल के यहां चाक चाक पर हाथ आजमाते हुए उन्होंने खुद दीया बनाया। इस दौरान उनके यह कहने पर कि पन्नेलाल आज से मेरे गुरु हो गए, सभी शिल्पकार प्रफुल्लित नजर आए। राममिलन प्रजापति के घर उन्हें व उनके पिता भोला को गणेश जी की प्रतिमा बनाते देख एलन ने कहा कि यूके में उनके यहां भी गणेश जी की प्रतिमा है लेकिन इतनी खूबसूरत नहीं जितनी ये लोग बना रहे हैं।

### सीएम योगी की तारीफ करते नहीं थके एलन

टेराकोटा शिल्प के उत्पादों के बनने की प्रक्रिया देखने और समझने के दौरान एलन के करीब दो घण्टे का वक्त औरंगाबाद में बिताया। इस अवसर पर मीडिया से बातचीत में उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मुक्तकंठ से तारीफ की। उन्होंने कहा कि ओडीओपी सीएम योगी की अहम योजना और शिल्पकारों को उद्यमी बनाने के लिए उनकी दूरदर्शिता का परिचायक है। ओडीओपी में शामिल होने से टेराकोटा शिल्पकारों की जिंदगी ही बदल गई है। एलन ने कहा कि उन्हें गोरखपुर में काफी डेवलपमेंट और इनवेस्टमेंट हुआ नजर आया। यह सब सीएम योगी की ही वजह से हुआ है।

### यूके संग होगा टेराकोटा कारोबार

शिल्पकारों से बातचीत करते हुए यूके के राजनयिक एलन जेमेल ने कहा कि आप के टेराकोटा प्रोडक्ट इतने नायाब और खूबसूरत हैं कि सबकुछ खरीद लेने का मन करता है। इस खूबसूरत टेराकोटा से यूनाइटेड किंगडम के लोगों को भी रूबरू कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि उन्हें आज यहां आकर पूरी उम्मीद है कि जल्द ही यूके यहां से टेराकोटा का कारोबार करेगा।

### हिंदी बोल शिल्पकारों का दिल जीत लिया एलन ने

पहली बार गोरखपुर आए यूके के ट्रेड कमिश्नर फॉर साउथ एशिया, एलन जेमेल ने औरंगाबाद में टेराकोटा शिल्पकारों से हिंदी में बातचीत कर उनका दिल जीत लिया। वह शिल्पकारों के घर उनसे इत्मीनान से हिंदी में बात कर टेराकोटा की खूबियां समझते रहे। इस दौरान तीनों शिल्पकारों ने उन्हें टेराकोटा उत्पाद उपहार स्वरूप दिए। यहां पहुंचने पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/एसडीएम सदर कुलदीप मीणा और उद्योग उपायुक्त रवि कुमार शर्मा ने उनकी अगवानी की।

## पीपीपी मॉडल पर बनेगे वाहन स्टैंड

जौनपुर, एजेंसी। उत्तर प्रदेश योगी सरकार ने अवैध वाहन स्टैंड को हटाने के लिए आदेश जारी किए हैं। जौनपुर जिला प्रशासन ने आदेश का पालन करते हुए प्रमुख चौराहों और किरणों से अवैध रूप से संचालित हो रहे वाहन स्टैंड हटा दिया है। जिला प्रशासन की कवायद में पीपीपी मॉडल पर भी वाहन स्टैंड बनाने का प्रयास है। इस मामले में हाईकोर्ट का आदेश है कि बस ऑटो स्टैंड संचालकों से नगर निकाय व प्रशासन की तरफ से किराया तभी वसूला जाए जब उन्हें वाहन खड़ा करने के लिए टीनशेड, पेयजल और शौचालय की व्यवस्था उपलब्ध कराई जाए। अगर यह व्यवस्था नहीं है तो किसी भी स्तर पर यह स्टैंड मान्य नहीं होंगे।

# जैविक खेती और वनीकरण से बनाएंगे गंगा को प्रदूषणमुक्त

लखनऊ, एजेंसी

भारतीय परंपरा में पतित पावनी, मोक्षदायिनी मानी जाने वाली गंगा को अविरल, निर्मल और प्रदूषणमुक्त बनाने के लिए योगी सरकार इसके अधिग्रहण क्षेत्र में बड़े पैमाने पर जैविक खेती और वनीकरण को बढ़ावा देगी। सरकार की योजना है कि प्रदेश में गंगा जिन 27 जिलों से गुजरती है उनके दोनों किनारों पर 10 किलोमीटर के दायरे में जैविक खेती को प्रोत्साहन दिया जाए। ऐसी खेती जिसमें रासायनिक खादों और जहरीले कीटनाशकों की जगह उपज बढ़ाने और फसलों के सामयिक संरक्षण के लिए पूरी तरह जैविक उत्पादों का प्रयोग हो ताकि लीचिंग रिसाव के जरिए रासायनिक खादों एवं कीटनाशकों का जहर गंगा में न घुल सके। योगी सरकार-1 से ही यह सिलसिला शुरू हो चुका है। जिन 4784 क्लस्टर्स में 175000 किसान 95680 हेक्टेयर में जैविक खेती कर रहे हैं उनमें नमामि गंगा योजना के तहत 3309 क्लस्टर्स में 63080 हैक्टेयर में जैविक खेती हो रही है। इस खेती से जुड़े किसानों की संख्या 103442 है। इस तरह देखा जाय तो जैविक खेती का सर्वाधिक रकबा गया गंगा के मैदानी इलाके का ही है। इंडो-गंगेटिक मैदान का यह इलाका दुनिया की सबसे उर्वर भूमि में शुमार होता है। इसी नाते ऑर्गेनिक फार्मिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया की ओर से नवम्बर 2017 में इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट ग्रेटर नोएडा में आयोजित जैविक कृषि कुंभ में विशेषज्ञों ने यह संस्तुति की थी गंगा के मैदानी इलाकों को जैविक खेती के लिए आरक्षित किया जाय। चूंकि हर साल आने वाली बाढ़ के कारण इस क्षेत्र की मिट्टी बदलकर उर्वर हो जाती है, इस नाते पूरे क्षेत्र में जैविक खेती की बहुत संभावना है। यही वजह है कि योगी सरकार-2 में गंगा के किनारे के सभी जिलों में जैविक खेती को विस्तार दिया जाएगा। इसी क्रम में योगी सरकार-2 ने अगले छह महीने में गंगा के किनारे 6759 हेक्टेयर में वनीकरण का लक्ष्य रखा है। इसके लिए जिन जिलों से गंगा गुजरती है उनमें से 503 जगहों का चयन किया गया है। गंगा के अधिग्रहण क्षेत्र में हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से सरकार पहले से ही गंगा वन, गंगा तालाब और सिर्फ गंगा ही नहीं, गंगा की सहायक नदियों और अपेक्षाकृत प्रदूषित नदियों के किनारों पर भी सरकार की योजना सघन पौधरोपण की है। इससे न सिर्फ हरियाली बढ़ेगी, बल्कि प्राकृतिक तरीके से संबंधित नदियों का प्रदूषण भी दूर होगा। साथ ही कटान रुकने से उन क्षेत्रों में बाढ़ की समस्या या विकरालता भी कम होगी। मालूम हो कि गंगा के मैदानी इलाके का अधिकांश इलाका उत्तर प्रदेश में ही है। गंगा की कुल लंबाई बांग्लादेश को शामिल करते हुए 2525 किलोमीटर है। कुल मिलाकर गंगा नदी प्रदेश के 28 जिलों बिजनोर, बंदायू, अमरोहा, मेरठ,बुलन्दशहर, अलीगढ़, फरुर्खाबाद, कन्नौज, कानपुर शहर, कानपुर देहात, फतेहपुर, प्रयागराज, मीरजापुर, गाजीपुर आदि से होकर गुजरती है।

## फूड पॉइजनिंग से नौ बच्चे बीमार

बाराबंकी, एजेंसी। बाराबंकी में आज फूड पॉइजनिंग के चलते हड़कंप मच गया। जिसमें एक ही परिवार के आठ बच्चों समेत कुल नौ लोग बीमार हो गए। जानकारी के मुताबिक परिवार के सभी लोगों ने सुबह बकरी के दूध में चावल खाया था। जिसके बाद सभी को उल्टी और दस्त की शिकायत हो गई। जिसके बाद इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। फूड पॉइजनिंग की यह पूरी घटना बाराबंकी में फतेहपुर तहसील के मुस्काबाद गांव की है। जहां एक ही परिवार के 8 बच्चे और एक महिला समेत कुल नौ लोग फूड पॉइजनिंग के शिकार हो गए। सभी को आनन-फानन में इलाज के लिए सीएचसी फतेहपुर में भर्ती कराया। सीएचसी फतेहपुर अधीक्षक अजय वर्मा ने बताया कि सभी बीमारों का इलाज शुरू हो गया है। सभी की स्थिति सामान्य है। खतरे की कोई बात नहीं है। बाराबंकी के तहसील फतेहपुर के बिहुरा के निकट मुस्काबाद गांव में आज सुबह एक घर के 8 बच्चे व एक महिला की अचानक तबीयत बिगड़ने लगी।

# कोर पीसीआई जन कल्याण समिति द्वारा संभल में किया गया सम्मानित

सम्भल, प्रात : किरण संवाददाता



कोर पीसीआई जन कल्याण समिति द्वारा कम्युनिटी एक्शन ग्रुप के सदस्यों को होटल गॉड लवर पॉइंट्स मुरादाबाद रोड संभल स्थिति में सम्मानित किया गया कम्युनिटी एक्शन ग्रुप उन लोगों को मिला कर बनाया गया है जिन्होंने कोरोना काल में लोगों को मदद करने का कार्य किया मदद में कोरेंटिन, करोना की जांच हो या उन्हें राशन वितरित करने का कार्य किया हो या मौजूदा समय में लोगो को करोना के टीके लगवाने में सहयोग करने का कार्य हो इन सभी को ध्यान में रखते हुए ऐसे प्रभावशाली व्यक्ति को कम्युनिटी एक्शन ग्रुप नामक एक ग्रुप का गठन कोर पीसीआई जन कल्याण समिति ने किया था जिसे आज सम्मानित करने का कार्य किया गया कम्युनिटी एक्शन ग्रुप के सदस्य को सम्मानित करने में स्वास्थ्य विभाग से अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर संतोष पटेल, शहर इमाम संभल मोहम्मद आफताब आलम वारसी, ब्लॉक इमाम मौलाना इमामुद्दीन राम कुमार , गयूरहसन द्वारा ब्लॉक मंनोटा से आए कम्युनिटी एक्शन ग्रुप के सदस्य को प्रशंसा पत्र ,दीवार घड़ी और बैग देकर सम्मानित किया बैठक में उपस्थित डीएमसी प्रवीण सक्सेना, डीएमसी मोहम्मद जावेद अख्तर,बीएमसी रफीक अहमद, सतवीर यादव, गोपाल शर्मा, रत्नेश शर्मा, मोहम्मद सलमान एवं तरन्नुम निशा उपस्थित रहे संचालन गोपाल शर्मा ने किया कार्यक्रम का प्रबंधक प्रबंधन सतवीर यादव एवं रफीक अहमद ने किया कार्यक्रम को सुचारू रूप से चलाने का कार्य तरन्नुम निशा एंड सलमान और रत्नेश द्वारा किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### हरियाणा मास्टर वर्ग एसोसिएशन ने किया नव पदोन्नत प्रवक्ताओं का सम्मान

होडल। हरियाणा मास्टर वर्ग एसोसिएशन ने नव पदोन्नत प्रवक्ताओं का सम्मान समारोह आयोजित किया। कार्यक्रम के आयोजक एवं प्रांतीय उप प्रधान भगवान सिंह सौरोत ने बताया अभी हाल ही में पदोन्नत सभी प्रवक्ताओं के लिए सम्मान समारोह का आयोजन राजकीय माध्यमिक विद्यालय पैंगलतू में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रपति अवार्ड विजेता पंडित वेदराम शर्मा ने की। इस अवसर पर हरियाणा मास्टर एसोसिएशन के प्रांतीय प्रेस प्रवक्ता रवि दत्त जोशी, पूर्व जिला प्रधान विजेंद्र सिंह सहरावत, सुभाष पालीवाल, अनिल शर्मा, पंडित तुलसीराम पाराशर, लक्ष्मी, राजकुमार, महेंद्र सिंह रावत, जगत राज रावत, करतार सिंह, गिर्राज सिंह सहरावत, धर्मवीर बघेल, पवन पांचाल, वीर सिंह वीरेंद्र कुमार शर्मा, अनुज चौहान, संजय मित्तल, अमित गर्ग आदि विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। कार्यक्रम में उपस्थित सभी आगंतुकों का एसोसिएशन के प्रांतीय भगवान सिंह सौरोत ने फूल माला पहनाकर और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। पूर्व जिला प्रधान बिजेंद्र सिंह सहरावत, रविदत्त जोशी, गिर्राज सिंह सहरावत, लक्ष्मी देवी, पंडित राम शर्मा आदि वक्ताओं ने विद्यालय की सुंदरता, विद्यार्थियों के अनुशासन और भोजन की शानदार व्यवस्था के लिए विद्यालय स्टाफ की सराहना की। इस अवसर पर अमर चंद शास्त्री, धर्मवीर सिंह, देवेंद्र सिंह, विजेंद्र सिंह, कृष्ण गोपाल, लखनलाल, प्रताप सिंह, केवल प्रसाद, राजवीर सिंह, सरिता आदि ने व्यवस्था को संचालित किया। इस अवसर पर स्कूली विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर समारोह को सुंदरता प्रदान की।

### ईनामी अन्तर्राज्यीय बदमाश अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार

नूंह, मेवात। काफी समय से फरार करीब डेढ दर्जन लूट, अवैध हथियार रखने, डकैती, हत्या का प्रयास, चोरी, डकैती की योजना बनाने, धोखाधडी व अन्य प्रकार की संगीन वारदातों में वांछित तीन हजार रुपये के ईनामी अन्तर्राज्यीय अहमद कोद गैंग के बदमाश सलीम उर्फ गंजा निवासी रिठट जिला नूंह को अपराध जांच शाखा नूंह की टीम ने अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। अपराध जांच शाखा प्रभारी नूंह निरीक्षक नरेश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि सलीम उर्फ गंजा पुत्र सिराजुद्दीन निवासी रिठट जिला नूंह अपराधी किस्म का व्यक्ति है और अहमद कोद गैंग का सक्रिय सदस्य है तथा विभिन्न राज्यों में लूट, अवैध हथियार रखने, डकैती, हत्या का प्रयास, चोरी, डकैती की योजना बनाने, धोखाधडी व अन्य प्रकार की संगीन वारदातों में वांछित है। जिस पर थाना कामा जिला भरतपुर राजस्थान से ईनाम घोषित है। और अपने पास हमेशा अवैध हथियार रखता है। जो इस समय अवैध हथियार सहित जोगीपुर रोड़ पर कहीं जाने कि फिराक में खडा है। जिस सूचना पर सहायक उप-निरीक्षक राजेश कुमार के नेतृत्व में एक टीम गठित करके उक्त स्थान पर दबिश देकर बदमाश को काबू किया। मुकदमा के संबन्ध में बदमाश सलीम उर्फ गंजा उपरोक्त से पूछताछ जारी है। बदमाश सलीम उर्फ गंजा उपरोक्त की गिरफ्तारी की सूचना संबन्धित पुलिस को दी गई है।

# रेवाडी में 26 मई को निकलेगी आजादी गौरव यात्रा : कैप्टन अजय सिंह यादव

रेवाडी, प्रात : किरण संवाददाता




रेवाडी देश में अमन, शांति व एकता का संदेश देने के लिए कांग्रेस सेवादल की ओर से निकाली जा रही आजादी गौरव यात्रा आगामी 25 मई को हरियाणा में प्रवेश करेगी।

गांधी धाम साबरमती से प्रारम्भ हुई यात्रा 25 मई शाम को साढे 6 बजे शाहजहांपुर बार्डर पर पंहूचेगी और वहां से होते हुए शाम साढे 8 बजे रेवाडी के लायंस क्लब में में पंहूचेगी जहां पर रेवाडी विधायक चिरंजीव राव द्वारा एक सभा का आयोजन भी किया गया है।

उक्त जानकारी अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के ओबीस विभाग के राष्ट्रीय चेयरमैन एवं पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव ने माता चौक पर महिला कांग्रेस की रेवाडी जिला अध्यक्ष बनने पर ओमवती सैनी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पंहूचने के दौरान दी। कार्यक्रम में महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष सुधा भारद्वाज, रशमी शर्मा भी, अमृतकला टिकाणिया मौजूद रही।

कैप्टन अजय सिंह ने बताया कि आजादी गौरव यात्रा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की अध्यक्षा सोनिया गांधी और पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के निर्देश पर गुजरात के साबरमती स्थित गांधी आश्रम से 6 अप्रैल को शुरू हुई थी। 26 मई को सुबह रेवाडी के लायंस क्लब से चलकर अंबेडकर चौक, धारूहेडा चुंगी, आजाद चौक, प्रजापत चौक, रामगढ चौक, बुडाना-बुडानी, तुर्कियावास, सुनारिया, ततारपुर, मालाहेडा से गुडगांव जिले में प्रवेश कर जाएगी और गुडगांव के बाद आगामी 1 जून को नई दिल्ली स्थित महात्मा गांधी के समाधि स्थल राजघाट पहुंचकर विसर्जित होगी। यात्रा में प्रदेश अध्यक्ष उदयभान, कार्यकारी अध्यक्ष सुरेश गुप्ता के अलावा सेवा दल के पदाधिकारी भी मौजूद रहेगें। कैप्टन अजय सिंह ने कहा कि आजादी के बाद आज केंद्र की भाजपा सरकार की असफल नीतियों के खिलाफ देश में संविधान की एवं देश की रक्षा के लिए सबसे बड़ी आजादी की गौरव यात्रा है। जिसमें कांग्रेस के प्रत्येक कार्यकर्ता को भागीदारी करनी चाहिए। भाजपा की केंद्र सरकार के पास देश चलाने की ना तो कोई नीति है और ना ही जनहित के लिए नियत है। देश में अंग्रेजी कुशासन के खिलाफ गांधी की दांडी यात्रा ने इतिहास रचा था। आज केंद्र की भाजपा सरकार की तानाशाही के खिलाफ आजादी की गौरव यात्रा नया इतिहास रचने जा रही है

# सोहना में परिषद चुनावों की हलचल शुरू, प्रशासन तैयारियों में जुटा

सोहना, प्रात : किरण संवाददाता

सोहना कस्बे में नगरपरिषद चुनावों की हलचल शुरू हो चुकी है। सम्भावित उम्मीदवारों ने लंगर लंगोट कस लिए हैं तथा मतदाताओं से सम्पर्क साध कर प्रचार में जुट गए हैं। पोस्टर युद्ध सोशल मीडिया पर दिखाई देने लगा। उक्त चुनावों की घोषणा चुकी है। जिसके चलते बैठकों का दौर शुरू हो गया है। वहीं इस भीषण गर्मी में मतदाताओं में चुनावों को लेकर कोई खास उत्साह नजर नहीं आ रहा है। जो पूर्ण रूप से चुप्पी साधे हुए हैं। सोहना नगरपरिषद चुनावों में इस बार चेयरपर्सन पद का चुनाव सीधे तौर पर होगा। मतदाता अपने मतों से चैयरमेन व पार्षद चुनेंगे। जबकि इससे पूर्व चैयरमैन का चयन पार्षद ही करते थे। सोहना नगरपरिषद 21 वार्डों में विभाजित है। सरकार ने महिला व अनुसूचित वार्ड आरक्षित कर दिए हैं। चुनाव ईवीएम मशीन द्वारा होगा। जिसके लिए सरकार ने 100 ईवीएम मशीनें परिषद चुनाव के लिए भेज दी हैं। प्रशासन ने कुल 44 बूथ चुनाव के लिए बनाए हैं। अनुसूचित महिला होगी चेयरपर्सन सोहना नगरपरिषद चेयरपर्सन का ताज अब की बार अनुसूचित महिला के सिर पर होगा। जबकि पूर्व में बैकवर्ड महिला वर्ग से चेयरपर्सन थीं। चुनाव में करीब 40 हजार मतदाता अपने मतों का उपयोग करेंगे। जिसके लिए प्रशासन ने 16 मार्च को अंतिम मतदाता सूची का प्रकासन कर दिया है। चेयरपर्सन पद को हथियाने के लिए उम्मीदवारों की लंबी फौज है। जो अपने स्तर पर प्रचार कर रहे हैं। सोमवार को हुई घोषणा के साथ उम्मीदवारों में हलचल शुरू हो गई है। तथा बाजारों में चुनावों को लेकर बाजार गर्म है।

क्या कहते हैं अधिकारी सोहना नगरपरिषद चुनाव के नोडल अधिकारी राजपाल खटाना बताते हैं कि परिषद चुनाव की समस्त तैयारियाँ पूरी है। चुनाव की तिथि आ चुकी हैं। प्रशासन तैयारी में जुट चुका है। चुनाव 19 जून को 7 से 6 बजे तक होंगे और मतगणना 22 जून को होगी। अबकी बार मतदान का समय एक घंटे के लिए बढ़ा दिया है। पुरुषों के लिए 10 वीं पास होना जरूरी है। जबकि एससी महिला और सामान्य महिला के लिए शेक्षणिक योग्यता आठवीं पास है। 30 मई से नोमिनेशन शुरू होगा 4 जून तक चलेगा। इसके बाद 6 जून को स्क्रूटनिंग होगी। 7 जून को नोमिनेशन वापस लिया जा सकता है। 19 जून को वोटिंग होगी और 22 जून को मतगणना होगी।

# तावडू में अंधड ने मचाई तबाही



तावडू, प्रात : किरण संवाददाता

क्षेत्र में सोमवार प्रातः अंधड के बाद हुई वर्षा से तापमान में गिरावट आई, वहीं मौसम खुशगवार बना रहा। लेकिन अंधड से क्षेत्र में भारी नुकसान हुआ। शहर व क्षेत्र में कई पेड टूट गए और कई घरों से टीन सेड उड जाने से लोगों को भारी असुविधा का सामना करना पडा। वहीं क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मुभावजे की गुहार लगाई। गांव कालपुरी निवासी श्रीमिस्त्री ने बताया कि सोमवार को आए अंधड में उनके घर की छत पर लगी टीन सेड गिर व उड कर टूट गई। जिससे उनका भारी नुकसान हुआ है। वहीं शहर के मुख्य मार्ग रेवाडी रोड पर वेयर हाउस गोदाम के सामने वार्ड 7 में अंधड से 1 पेड टायर पंचर के खोखे पर गिर गया। जिससे खोखा मालिक राजू पंडित का काफी नुकसान हुआ। क्षेत्र में अंधड की चपेट में आए लोगों ने प्रशासन से मुआवजे की गुहार लगाई है। उपमंडल में तेज अंधड के बाद आई वर्षा से के बाद पोल टूटने व बिजली ट्रांसफार्मर गिरने से 32 गावों की बिजली सप्लाई बाधित हो गई। बिजली विभाग ने सोमवार देर सांय तक बिजली सप्लाई चालू कर देने का दावा किया है। सोमवार को अंधड में लगभग 75 पोल टूट गए व 14 ट्रांसफार्मर अंधड से नीचे गिर गए।

# रियल टाइम इंटरएक्टिव वर्चुअल क्लासरूम, परिषद का सराहनीय प्रोजेक्ट: महावीर कौशिक

पंचकूला, प्रात : किरण संवाददाता

उपायुक्त एवं प्रधान जिला बाल कल्याण परिषद महावीर कौशिक ने आज हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद द्वारा संचालित शिशुगृह में रियल टाइम इंटरएक्टिव वर्चुअल क्लासरूम एजुकेशन प्रोजेक्ट का शुभारंभ किया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की महासचिव श्रीमती रंजीता मेहता ने की।

हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद द्वारा प्रदेशभर में 3 स्थानों पर करनाल, गुरुग्राम और पंचकूला में वर्चुअल क्लासरूम के माध्यम से स्लम एरिया, चिल्ड्रन होम एवं राजकीय विद्यालय की छात्राओं को छठी से बारहवीं तक साइंस एवं गणित ब्लैडेट लर्निंग प्रोग्राम नई शिक्षा नीति-2020 के तहत निशुल्क कोचिंग दी जाएगी। उपायुक्त महावीर कौशिक ने परिषद द्वारा संचालित वर्चुअल क्लासरूम प्रोजेक्ट को शिक्षा के क्षेत्र में मील का पत्थर बताया। परिषद अनाश्रित



बच्चों, गरीबों और जरूरतमंदों को निशुल्क कोचिंग देगी जोकि बाल कल्याण के क्षेत्र में बेहद सराहनीय कार्य है और इसके माध्यम से बच्चे निशुल्क कोचिंग लेकर अपने डॉक्टर एवं इंजीनियर बनने के सपने के लक्ष्य को आसानी से प्राप्त कर पाएंगे।

उन्होंने कहा कि वर्चुअल क्लासरूम के माध्यम से विभिन्न विषयों की कोचिंग निशुल्क उपलब्ध करवाई जाएगी, जोकि निश्चित रूप से बच्चों के लिए बेहद लाभकारी सिद्ध होगी।

परिषद की महासचिव रंजीता मेहता ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश भर में होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर्स प्राइवेट लिमिटेड धारूहेड़ा गुरुग्राम की सीएसआर पॉलिसी के अंतर्गत रियल टाइम इंटरएक्टिव वर्चुअल क्लासरूम एजुकेशन प्रोजेक्ट की स्थापना हरियाणा के तीन विभिन्न जिलों में की है।

# मैत्रीपूर्ण भाव रखते हुए सभी जीवों का संरक्षण करना चाहिए: घनश्याम

## भू संरक्षण हम सबकी जिम्मेदारी: प्रो जेपी यादव

भिवानी, प्रात : किरण संवाददाता

भिवानी-चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय में माइक्रोबायोलॉजी एवं स्टेट बायोडिवर्सिटी बोर्ड के संयुक्त तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय बायोडिवर्सिटी डे मनाया गया। कार्यकर्म में बतौर अध्यक्ष कुलपति प्रो राजकुमार मित्तल, मुख्यातिथि एचएसबी राज्य सचिव श्री घनश्याम शुक्ला, इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर के कुलपति प्रो जेपी यादव एवं बतौर विशिष्ट अतिथि वैज्ञानिक श्री गुरमीत सिंह एवं कुलसचिव श्रीमती ऋतु सिंह एवं पूर्व रजिस्ट्रार डॉ जितेंद्र कुमार भारद्वाज, एचएसबी रीजनल कोऑर्डिनेटर श्री उमेद सिंह, डीन लाइफ साइंस प्रो संजीव कुमार ने शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रो संजीव कुमार ने सभी अतिथियों का स्वागत एवं धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि हम जीवंत धरा को जीवंत रखें और उसे हरा भरा रखें, उसे प्रदूषित ना करें और पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दें। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर राजकुमार मित्तल ने संबोधित करते हुए कहा कि हम प्रकृति के साथ मैत्रीपूर्ण भाव रखें प्रकृति के संतुलन को बनाए रखें। कुलपति प्रोफेसर जेपी यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि हमें भू संरक्षण पर भी ध्यान देना चाहिए। आज भूमि प्रदूषित हो रही है जिसके कारण अनाज, सब्जियां और खाद्य पदार्थों में जहर की मात्रा बढ़ रही है जिनसे गंभीर बीमारियां पनप रही हैं। इसलिए हमें कम से कम यूरिया, खाद, केमिकल्स और पेस्टिसाइड का प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने जैविक खेती अपनाने पर बल दिया। राज्य जैव विविधता बोर्ड के सचिव श्री घनश्याम शुक्ला ने संबोधित करते हुए कहा प्रकृति के साथ हमें मैत्रीपूर्ण भाव रखते हुए सभी जीवों का संरक्षण करना चाहिए।

# मांगें न मानीं तो अनिश्चितकालीन तक करेंगे हड़ताल

अम्बाला, प्रात : किरण संवाददाता

**प्रदर्शन**

- नगरपालिका कर्मचारी संघ के सदस्य नगर परिषद अंबाला छावनी के गेट पर इकट्ठे हुए उनका कहना था कि सरकार उनकी मांगें नहीं मान रही

अंबाला मैं आज एक बार फिर कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए जमकर नारेबाजी की सुबह लगभग 9:00 बजे नगरपालिका कर्मचारी संघ के सदस्य नगर परिषद अंबाला छावनी के गेट पर इकट्ठे हुए उनका कहना था कि सरकार उनकी मांगें नहीं मान रही प्रधान सेवाराम ने बताया कि आज तो वह सिर्फ 2 दिन की हड़ताल पर हैं यदि कल शाम तक उनकी मांगों पर विचार न किया गया तो यह हड़ताल अनिश्चितकालीन भी हो सकती है कर्मचारियों ने कहा कि इससे पहले भी प्रदेश कार्यकारिणी के आह्वान पर हड़ताल करते हुए कर्मचारियों ने सभी जिलों में प्रदर्शन किया था लेकिन इसके बाद भी सरकार ने रोजगार कौशल निगम को भांग नहीं किया उनकी मांगे नहीं मानी। आज कर्मचारियों की हड़ताल का असर नगर पालिका में आए विभिन्न कार्यों के लिए लोगों पर भी पड़ा लोगों को बिना काम करवाए वापस लौटना पड़ा अंबाला छावनी निवासी महेश कुमार ने बताया कि वह प्रॉपर्टी टैक्स जमा करवाने के लिए आए थे लेकिन यहां पता चला कि आज काउंटर ही बंद है इसी प्रकार जन्म प्रमाण पत्र लेने आए एक युवक ने बताया कि उसने आज अपनी फाइल जमा करवानी थी लेकिन आज उसे बताया गया कि कर्मचारी हड़ताल पर हैं जबकि अन्य विभागों में भी आज कामकाज बुरी तरह से प्रभावित रहा। इससे पहले आज सुबह यह कर्मचारी विभिन्न काउंटरों पर गए और सभी कर्मचारियों से आग्रह किया कि वह उनकी हड़ताल में शामिल हो क्योंकि यह हड़ताल किस एक कर्मचारी के लिए नहीं बल्कि सभी कर्मचारियों के हितों के लिए की जा रही है हड़ताल कर रहे कर्मचारियों ने कहा कि यदि एकता होगी तभी सरकार उनकी मांगें मानेगी। कर्मचारियों का कहना था कि 25 अप्रैल 2020 व 17 अगस्त 2020 को सरकार के साथ उनके समझौते हुए थे। लेकिन यह समझौते अभी तक लागू नहीं किए गए। इन कर्मचारियों ने यह भी मांग करते हुए कहा कि फायर विभाग को निकाय विभाग में शमिल किया जाए।

उन्होंनें बताया कि 1366 फायर मैन व फायर ड्राइवरों को 2268 फायर ओपरेटरों के स्वीकृत पद पर समायोजित किया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि विभाग में अनेक पद खाली पड़े हुए हैं। जिसके चलते परेशानी का सामना करना पड़ता है।

### नगर पालिका सफाई कर्मियों का सरकार के खिलाफ प्रदर्शन

**सोहना।** सोहना नगर पालिका सफाई कर्मचारियों ने आज फिर काले झंडे उठा कर सरकार के खिलाफ रोष प्रदर्शन किया। वही खट्टर सरकार मुदार्बाद के नारे लगाए। जहां सोहना सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रधान विक्रम का कहना है की नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के आवाहन पर सोहना नगर पालिका के सफाई कर्मियों ने अपनी हड़ताल जारी रखी। जहां सरकार से मांग की गई कच्चे कर्मचारियों को पक्का करें, ठेकेदारी प्रथा समाप्त करे, व कौशल रोजगार निगम को भंग करे और पुरानी पेंशन लागू करें। इससे पूर्व भी उन्होंने लगातार 13 मई से अपना प्रदर्शन जारी रखा। इस मौके पर सफाई कर्मियों ने काले झंडे लेकर मेन बाजार से होते हुए नगर परिषद तक रोष प्रदर्शन भी निकाला। इस मौके पर सुनील कुमार, ललित, कविता, अमन, बबली ,प्रदीप, जयसिंह, लोकेश सहित अन्य सफाई कर्मचारी भी मौजूद थे।

# हरियाणा में निकाय चुनाव की घोषणा मतदान 19 जून को मतगणना 22 को

गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता

हरियाणा राज्य चुनाव आयोग आयुक्त धनपत सिंह सोमवार ने46 नगर निकायों के चुनाव की घोषणा कर दी। चुनाव 19 जून को 7 से 6 बजे तक होंगे और मतगणना 22 जून को होगी। अबकी बार मतदान का समय एक घंटे के लिए बढ़ा दिया है। फरीदाबाद, बाढढा, बादली और सीवन की वोटर लिस्ट का काम शुरू हो रहा है। इसलिए इसमें दूसरे फेज में चुनाव होंगे। इलेक्शन कमिश्नर धनपत सिंह ने बताया कि मेयर पद का चुनाव सीधा होगा। पुरुषों के लिए 10 वीं पास होना जरूरी है। जबकि एससी महिला और सामान्य महिला के लिए शेक्षणिक योग्यता आठवीं पास है। धनपत सिंह ने बताया कि 30 मई से नोमिनेशन शुरू होगा। जो कि 4 जून तक चलेगा। इसके बाद 6 जून ताके स्क्रूटनिंग होगी। 7 जून को नोमिनेशन वापस लिया जा सकता है। 19 जून को वोटिंग होगी और 22 जून को मतगणना होगी। आयोग ने बताया कि 4 हजार ईवीएम भेजी गई और चेकिंग की गई। करीब दस हजार कर्मचारी चुनाव में भाग लेंगे। जबकि पुलिस बल की संख्या अलग से होगी। मेयर पद के लिए पिंक बेल्ट पेपर और मेंबर के लिए वाइट पेपर यूज किया जाएगा। बता दें कि नगर निकाय चुनाव में आरक्षण को पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट में चुनौती दी गई थी। सरकार ने इस बार मेयर का सीधा चुनाव करवाने की नोटिफिकेशन जारी की थी। साथ ही पिछड़ा वर्ग के लिए प्रधान पद आरक्षित किए जाने की घोषणा की थी। सरकार के इस फैसले को ही हाईकोर्ट में चुनौती दी गई थी, लेकिन मामला निपटाते हुए 17 मई को हाईकोर्ट ने प्रदेश में चुनाव करवाने को हरी झंडी दे दी थी। करीब 51 नगर परिषद व नगर पालिकाओं का कार्यकाल खत्म हो चुका है। इनकी वार्ड बंदी भी हो चुकी है।

**इनके निकायों में होंगे चुनाव:** गोहाना, होड़ल, पलवल, सोहाना, मंडी डबवाली, चरखी दादरी, झज्जर, जींद, कैथल, हांसी, बहादुरगढ़, नरवाना, टोहाना, नूंह, कालका, नारनौंद, फतेहबाद, भिवानी, तरावड़ी, निसिंग, चीका, महम, राजौंद, पेहवा, उचाना, महेंदगढ़, शाहबाद, घरौंडा, सफीदों, गन्नौर, भूना, बावल, ऐलनाबाद, नांगल चौधरी, नारायणगढ़, रतिया, बरवाला, समालाखा, फिरोजपुर झिरका, पुन्हाना, असंध, लाडवा, रानियां, इसमाइलाबाद, सढौरा, कुंडली।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया भगवान परशुराम जन्मोत्सव

## विभिन्न सामाजिक संगठनों के सदस्यों को किया गया सम्मानित

होडल, प्रात : किरण संवाददाता

भगवान परशुराम सेवा समिति द्वारा रविवार देर सांय गौडोता चौक के निकट परशुराम जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें शहर के अलावा आसपास के दर्जनों गावों व समाज के सैंकडों लोगों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न धार्मिक झांकियों का आयोजन भी किया गया।



आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता अनिरुद्ध व्यास ने की। इस अवसर पर मुख्यअतिथि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष उदयभान, कार्यकारी अध्यक्ष जितेंद्र भारद्वाज, फरीदाबाद से विधायक नीरज शर्मा, पूर्व विधायक करण ड्क्षसह दलाल, अखिल भारतीय ब्राहम्मा सभा के अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, राधेराधे बाबूजी महाराज, जिला ब्राहम्मण सभा के अध्यक्ष पं.धर्मचंद सिहोल, दीपक भारद्वाज सहित समाज के सैकडों गणमान्य व्यक्तियों द्वारा भगवान परशुराम की तश्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर उदयभान ने कहा कि महापुरुष किसी जाति या धर्म से नहीं बल्कि वह हमेशा धर्म के लिए कार्य करते हैं। भगवान परशुराम ने धर्म की रक्षा के लिए शस्त्र और शास्त्र दोनों का धारण कर सनातन संस्कृति को बढावा देने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्हें न्याय का देवता माना जाता है। हमें उनके बताए मार्ग पर चलना चाहिए। कार्यक्रम में जितेंद्र भारद्वाज, विधायक नीरज शर्मा, करणदलाल, राधेराधे बाबूजी महाराज ने भी भगवान परशुराम के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। इससे पहले समिति द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 72 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस अवसर पर समिति के सदस्यों द्वारा समाज के सैंकडों बुजुर्ग एवं गणमान्य व्यक्तियों व विभिन्न सामाजिक संगठनों के सदस्यों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

# पैसे चोरी के दो आरोपीं गिरफ्तार

फरीदाबाद, प्रात : किरण संवाददाता

डीसीपी क्राइम नरेंद्र कादयान के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच 48 प्रभारी राकेश सिंह की टीम ने करीब 20 दिन पहले पुलिस थाना सूरजकुंड एरिया से आरोपियों द्वारा घर में घुसकर चोरी करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में हरिंद्र तथा बच्चू सिंह का नाम शामिल है आरोपी हरिंद्र फरीदाबाद के खेड़ी कला तथा आरोपी बच्चू सिंह एसजीएम नगर का निवासी है।

पुलिस को दी अपनी शिकायत में पीड़ित सयुष ने बताया कि 26 अप्रैल को वह अपना घर पर ताला लगाकर ग्वालियर किसी काम से गया था जब वह वापस आया तो देखा कि उसका सामान बिखरा पड़ा है और उसके घर से 15000 चोरी हो चुके हैं। पीड़ित ने घर के सीसीटीवी कैमरे चेक किए परंतु उसमें उसे कोई फुटेज नहीं मिली। पीड़ित की शिकायत के आधार पर पुलिस थाना सूरजकुंड में चोरी की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच शुरू की गई। क्राइम ब्रांच की टीम ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए गुप्त सूत्रों की सूचना के



आधार पर आरोपियों को चिमनी बाई चौक से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी नशा करने के आदी हैं और नशे की आपूर्ति के लिए उन्होंने चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। उन्होंने पाया कि घर पर ताला लगा हुआ है तो मौका देखकर घर में घुस गए घर से नकदी चोरी कर ली। आरोपियों के कब्जे से क्राइम ब्रांच द्वारा 5200 बरामद किए गए हैं। आरोपियों ने बताया कि बाकी के पैसे उन्होंने नशे में उड़ा दिए। पुलिस पूछताछ में यह भी सामने आया कि आरोपी हरिंद्र लड़ाई झगड़ा तथा चोली के मुकदमों में दो बार जेल जा चुका है। पुलिस पूछताछ पूरी होने के पश्चात आरोपियों को अदालत में पेश करके जेल भेज दिया गया है।

### नगर पालिका व फायर कर्मचारियों दो दिवसीय हड़ताल पर

**पुन्हाना।** ठेका प्रथा को बंद करने, पुरानी पेंशन बहाल करने, कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने, हरियाणा कौशल रोजगार निगम भंग करने, 24 अप्रैल 2022 व 17 अगस्त 2020 के समझौते को लागू करने, अग्निशमन विभाग को निकाय विभाग में शामिल करने सहित दर्जनों मांगों को लेकर सोमवार को पुन्हाना नगर पालिका व फायर बिग्रेड के कर्मचारी दो दिवसीय हड़ताल पर बैठे। इस दौरान हड़ताली कर्मचारियों ने सरकार विरोधी नारे लगाकर प्रदर्शन भी किया। हड़ताली कर्मचारियों ने साफ कहा कि अगर सरकार ने उनकी मांगें नहीं मानी तो कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाऐगें। पुन्हाना नगर पालिका कर्मचारियों के प्रधान धर्मवीर का कहना है कि सरकार ने पूर्व में लागू किए गए फैसलों को लागू नहीं किया। कर्मचारी सरकार के खफा है। कर्मचारी कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने व ठेका प्रथा बंद करने की मांग पिछले काफी समय से करते आ रहे है लेकिन उनकी मांगों को पूरा नहीं किया जा रहा है। हड़ताली कर्मचारियों ने बताया कि कोरोना से कर्मचारियों की मृत्यु पर आश्रितों को 50 लाख रुपये मुआवजा व पक्की नौकरी सहित 4 हजार रुपये जोखिम भत्ता लागू करने की मांग भी है।

# आठ करोड़ चोरी के लैपटॉप बरामद

नूंह, प्रात : किरण संवाददाता

अपराध जांच शाखा नूंह प्रभारी निरीक्षक नरेश कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर गाडी चालक व गाडी मालिक की शह पर चोरी करके गाडी ट्रक में भरकर लाये गए लगभग तरह सौ लेनोवो कम्पनी के लैपटॉपों को गांव रायपुरी से ट्रक सहित बरामद करने में सफलता हासिल की है।

बरामद लैपटॉपों की कीमत करीब 8 करोड़ रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने इस सम्बध में थाना सदर नूंह में सम्बधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। इतने बड़े स्तर पर पुलिस को मिली कामयाबी की पूरे जिले भर में भारी प्रशंसा है।

अपराध जांच शाखा नूंह प्रभारी निरीक्षक नरेश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि नियामत पुत्र खान मोहम्मद निवासी रायपुरी जिला नूंह व नईम पुत्र हनीफ निवासी हुँचपुरी कलां थाना हथीन ने मिलकर गाड़ी चालक व गाडी मालिक की शह पर कम्पनी की गाडी से काफी मात्रा मे लैपटॉप चोरी करके गाडी ट्रक में भरकर लाये है और इस समय शाहीद पुत्र सुलाउद्दीन उर्फ सुज्जा



निवासी रायपुरी नूंह के खाली प्लाट में चारदीवारी के अन्दर गाडी के अन्दर भरे हुये लैपटॉपों को खाली कर रहे है। जिस सूचना पर सहायक उप-निरीक्षक राजेश कुमार के नेतृत्व में एक टीम गठित करके उक्त स्थान पर दबिश दी। दबिश के दौरान आरोपी मौका से अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में कामयाब हुये। मौका पर गाडी ट्रक नं. आर जे 14 जीके 5134 में गत्ता के डिब्बे भरे हुये मिले व कुछ गत्ता के डिब्बे जमीन पर रखे हुये मिले।

जिनमें से एक गत्ता के डिब्बा को खोलकर चैक किया तो उसमें लेनोवो कम्पनी का एक लैपटॉप बरामद हुआ। लेनोवो कम्पनी के लैपटॉपों की गिनती करने पर कुल 1294 गत्ता पैक लैपटॉप बरामद हुये। जिस सम्बध में थाना सदर नूंह में संबन्धित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज रजिस्टर करके जांच शुरू कर दी है। शीघ्र ही आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होगें।

## संक्षिप्त खबरें



### भारत बड़े सुधार जारी रखने को तैयार : कांत

दावोस। भारत डिजिटल क्षेत्र में बड़े बदलाव के दौर से गुजर रहा है और एक मजबूत राजनीतिक नेतृत्व के साथ बड़े सुधारों को जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध है। नीति आयोग के सीईओ अमिताभ कांत ने सोमवार को यह बात कही। उन्होंने विश्व आर्थिक मंच की वार्षिक बैठक 2023 के मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था को दिशा देने में अहम भूमिका निभाएगा। कांत ने कहा, हाल के वर्षों में भारत ने कई बड़े सुधार किए गए हैं, जिन्होंने भारत की वृद्धि को मजबूती दी है। उद्योग निकाय सीआईआई और इंडियास्पोरा द्वारा आयोजित सत्र में उन्होंने कहा कि भारत में स्टार्टअप की संख्या दो अंकों से बढ़कर अब 10 हजार से अधिक हो गई है। उन्होंने विदेशी निवेशकों से भारत की वृद्धि गाथा में शामिल होने का आह्वान किया।

### भारत ग्रीन हाइड्रोजन में अग्रणी होगा : पुरी

दावोस। केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सोमवार को कहा कि भारत दुनिया के किसी भी देश की तुलना में हरित ऊर्जा के लिए अधिक जागरूक है। उन्होंने विश्व आर्थिक मंच की वार्षिक बैठक 2022 के मौके पर आयोजित एक सत्र में कहा कि ग्रीन हाइड्रोजन, जैव ईंधन सम्मिश्रण और वैकल्पिक स्रोतों से जैव ईंधन की खोज और उत्पादन पर विशेष जोर दिया जा रहा है। पुरी ने जोर देकर कहा कि भारत ग्रीन हाइड्रोजन क्षेत्र में अग्रणी बनने को तैयार है। उन्होंने कहा कि 20 प्रतिशत एथेनॉल मिश्रण के लक्ष्य को 2030 से घटाकर 2025 तक कर दिया गया है और इसे निश्चित रूप से हासिल किया जाएगा। उन्होंने नरेंद्र मोदी सरकार के दौरान 2014 के बाद हुए विभिन्न बड़े बदलावों की चर्चा भी की।

### टाटा पावर, टाटा मोटर्स सात एमडब्ल्यूपी क्षमता वाला सोलर रूफटॉप विकसित करेंगे

नई दिल्ली। टाटा पावर और टाटा मोटर्स ने पुणे के चिखली स्थित यात्री वाहन संयंत्र में सात एमडब्ल्यूपी क्षमता वाली सोलर रूफटॉप परियोजना विकसित करने के लिए समझौता किया है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि यह दोनों कंपनियों द्वारा विकसित की जा रही संयुक्त 17 एमडब्ल्यूपी (मेगावाट पीक) ऑन-साइट सौर परियोजना का तीसरा चरण है। इसमें से 10 मेगावाट क्षमता पहले ही स्थापित की जा चुकी है। दोनों कंपनियों ने हाल ही में इस सौर परियोजना से बिजली खरीद समझौता (पीपीए) किया है। रूफटॉप परियोजना पूरी तरह विकसित होने के बाद 2.3 करोड़ यूनिट बिजली पैदा होने की उम्मीद है। इससे कार्बन उत्सर्जन में 5.23 लाख टन की कमी होगी। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड के उपाध्यक्ष राजेश खत्री ने कहा कि नई स्थापना के साथ टाटा पावर 100 प्रतिशत नवीकरणीय ऊर्जा के अपने लक्ष्य के करीब पहुंच जाएगा। उन्होंने कहा, इस क्षमता के चालू होने के बाद हम भारत में सबसे बड़े ऑन-साइट सोलर इंस्टॉलेशन बन जाएंगे।

# घरेलू बाजार में इस्पात के दाम 15 प्रतिशत तक घटेंगे : ईईपीसी

नई दिल्ली, एजेंसी

इंजीनियरिंग निर्यात संवर्द्धन परिषद (ईईपीसी) ने सोमवार को उम्मीद जताई कि सरकार के शुल्क से संबंधित कदमों से घरेलू बाजार में इस्पात उत्पादों की कीमतों में 10 से 15 प्रतिशत गिरावट आएगी। उल्लेखनीय है इस्पात उत्पादों के दाम लगातार बढ़ रहे हैं, जिसके मद्देनजर सरकार ने शुल्क के मोर्चे पर कुछ कदम उठाए हैं।



कुछ इस्पात वस्तुओं पर निर्यात शुल्क लगाने के सरकार के कदम पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए ईईपीसी इंडिया के चेयरमैन महेश देसाई ने कहा कि इंजीनियरिंग सामान विनिर्माताओं और निर्यातकों को इस कदम से लाभ होगा और वैश्विक बाजारों में वे अधिक प्रतिस्पर्धी बनेंगे।

देसाई ने बयान में कहा, इस्पात निर्यातकों को लगता है कि प्राथमिक इस्पात उत्पादों की कीमतों में 10 प्रतिशत की कमी आएगी। वहीं द्वितीयक इस्पात उत्पादकों के लिए दाम 15 प्रतिशत घटेंगे।

वहीं रियल एस्टेट कंपनियों के निकाय क्रेडाई और नारेडको ने भी इस्पात और सीमेंट की कीमतों में कमी लाने के लिए सरकार के कदमों की सराहना की है। उद्योग निकायों ने उम्मीद जताई है कि विनिर्माता इसका लाभ अपने ग्राहकों को भी देंगे। क्रेडाई के अध्यक्ष हर्षवर्धन पटोदिया ने कहा कि इस्पात उत्पादों पर आयात शुल्क कम करने के सरकार के कदम से सभी हितधारकों को राहत मिलनी चाहिए। क्रेडाई और नारेडको दोनों पिछले एक साल से इस्पात और सीमेंट की कीमतों में आई तेजी का मुद्दा उठाते रहे हैं। उत्पादों की उच्च कीमतों से समग्र निर्माण लागत में वृद्धि हुई है। वहीं कई बिल्डरों ने निर्माण लागत में वृद्धि की भरपाई के लिए घरों की कीमतें बढ़ा दी हैं। सरकार ने बीते शनिवार को इस्पात उद्योग द्वारा उपयोग किए जाने वाले कोकिंग कोल और फेरो-निकेल सहित कुछ कच्चे माल के आयात पर सीमा शुल्क समाप्त करने की घोषणा की थी।

## लंबे समय तक उच्च तापमान से महंगाई वृद्धि पर असर : मूडीज

**नई दिल्ली।** मूडीज इंवेस्टर्स सर्विस ने सोमवार को कहा कि लंबे समय तक उच्च तापमान भारत के लिए नुकसानदेह है, क्योंकि इससे महंगाई बढ़ सकती है और वृद्धि प्रभावित हो सकती है। मूडीज के मुताबिक दीर्घावधि में, भौतिक जलवायु जोखिमों के प्रति भारत के अत्यधिक नकारात्मक ऋण जोखिम का मतलब है कि इसकी आर्थिक बढ़त का अस्थिर होना। भारत को लगातार जलवायु संबंधी घटनाओं का सामना करना पड़ रहा है। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि वैसे तो भारत में गर्मी की लहर काफी आम हैं, लेकिन यह आमतौर पर मई और जून में अधिक होती हैं। हालांकि, इस साल नई दिल्ली में मई में गर्मी की पांचवीं लहर देखी गई, जिससे अधिकतम तापमान 49 डिग्री सेल्सियस तक चढ़ गया। मूडीज ने कहा, लंबे समय तक उच्च तापमान देश के उत्तर-पश्चिम के अधिकांश हिस्से को प्रभावित करेगा, जिससे गेहूं उत्पादन पर असर पड़ सकता है। साथ ही यह बिजली की कटौती का कारण भी बन सकता है। इस कारण उच्च मुद्रास्फीति और वृद्धि के जोखिमों का सामना करना पड़ सकता है। भारत सरकार ने अत्यधिक गर्मी के चलते जून, 2022 को समाप्त होने वाले फसल वर्ष के लिए गेहूं उत्पादन के अपने अनुमान को 5.4 प्रतिशत घटाकर 15 करोड़ टन कर दिया है। कम उत्पादन और वैश्विक स्तर पर गेहूं की अधिक कीमतों को भुनाने के लिए निर्यात बढ़ने से घरेलू स्तर पर मुद्रास्फीति के दबाव बढ़ने लगे, जिसके चलते सरकार को गेहूं निर्यात रोकने का फैसला लेना पड़ा। मूडीज ने कहा, यह प्रतिबंध ऐसे समय में आया है, जब रूस-यूक्रेन सैन्य संघर्ष के बाद भारत गेहूं की मांग के वैश्विक अंतर को पूरा करने में सक्षम हो सकता है।

## महाराष्ट्र सरकार को ईंधन पर कर कम करना चाहिए : रावसाहेब दानवे



औरंगाबाद, एजेंसी

केंद्रीय मंत्री रावसाहेब दानवे ने सोमवार को कहा कि केंद्र ने ईंधन पर कर दो बार कम किया है, और महाराष्ट्र सरकार को भी ऐसा करके आम जनता को राहत देनी चाहिए। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार द्वारा पेट्रोल-डीजल पर उत्पाद शुल्क में कटौती करने के बाद केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने राज्यों से भी कर में कटौती करने की अपील की थी। इसके बाद महाराष्ट्र, राजस्थान और केरल जैसे राज्यों ने वैट घटाया है।

केंद्र सरकार ने शनिवार को पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क में रिकॉर्ड आठ रुपये प्रति लीटर और डीजल पर छह रुपये प्रति लीटर की कटौती की थी। दानवे ने कहा कि, केंद्र सरकार ने दो बार ईंधन की कीमतों में कमी की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्यों से भी ऐसा करने की अपील की। लेकिन, महाराष्ट्र सरकार ने ऐसा नहीं किया। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के मुकाबले पड़ोसी राज्य कर्नाटक, गोवा और गुजरात में पेट्रोल-डीजल की कीमत काफी कम है। महाराष्ट्र सरकार ने रविवार को प्रति लीटर पेट्रोल पर मूल्य वर्धित कर (वैट) में 2.08 रुपये और डीजल पर 1.44 रुपये की कटौती की थी। भाजपा ने इस कटौती को अपर्याप्त बताया।

**जानकारी**

- केंद्र सरकार द्वारा पेट्रोल-डीजल पर उत्पाद शुल्क में कटौती करने के बाद केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने राज्यों से भी कर में कटौती करने की अपील की थी

## स्पाइसजेट के विमानों में जल्द ही ब्रॉडबैंड इंटरनेट सेवा शुरू होगी: सीएमडी

नई दिल्ली, एजेंसी

विमानन कंपनी स्पाइसजेट के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक (सीएमडी) अजय सिंह ने कहा कि एयरलाइन अपने विमानों में जल्द ही ब्रॉडबैंड इंटरनेट सेवा शुरू करेगी। उन्होंने सोमवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि कंपनी अगले कुछ महीनों में अपने विमान बेड़े में बोइंग-737 मैक्स विमान को शामिल करेगी।



स्पाइसजेट की वेबसाइट के अनुसार एयरलाइन के पास 91 विमानों का बेड़ा है, जिसमें 13 मैक्स विमान हैं और 46 बोइंग-737 विमान के पुराने संस्करण मौजूद हैं। एयरलाइन की 17वीं वर्षगांठ पर सिंह ने कर्मचारियों को अपने ईमेल में कहा कि स्पाइसजेट मासिक आधार पर ज्यादा यात्रियों के साथ उड़ान भर रही है और आने वाले महीनों में इसमें बढ़ोतरी होने की उम्मीद है।

सिंह ने कहा, ड्रावोइंग 737 मैक्स विमान सफलतापूर्वक सेवा में लौट आया है और इसे यात्रियों की अच्छी प्रतिक्रिया भी मिली है। एयरलाइन की अगले कुछ महीनों में अपने सभी पुराने विमानों को मैक्स से बदलने और बेड़े में कई मैक्स विमानों को शामिल करने की योजना है।

उन्होंने कहा, हम इस साल अपने नेटवर्क में नए उत्पादों और नए मार्गों को जोड़ेंगे। हमने लॉयल्टी कार्यक्रम स्पाइसक्लब ने हाल ही में अपना सह-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड पेश किया है। हमें उम्मीद है कि जल्द ही हमारे विमान में ब्रॉडबैंड इंटरनेट सेवा शुरू हो जाएगी। सिंह ने कहा कि स्पाइसजेट के नेटवर्क का विस्तार भारत और दुनिया भर में नए गंतव्यों को जोड़ने के लिए किया जाएगा।

## शेयर बाजार में मजबूती का रुख, सेंसेक्स 315 अंक तक उछला

नई दिल्ली, एजेंसी

पिछले कारोबारी सप्ताह की तेजी के बाद नए कारोबारी सप्ताह के भी शेयर बाजार में मजबूती का रुख नजर आ रहा है। आज शेयर बाजार ने मामूली तेजी के साथ कारोबार की शुरुआत की, शुरुआती आधे घंटे में बिकवाली का शिकार होकर लाल निशान में पहुंचा, लेकिन फिर खरीदारी के सपोर्ट से थोड़ी ही देर में वापस हरे निशान में पहुंचकर मजबूती के साथ कारोबार करने लगा।



बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) के सेंसेक्स ने आज 133.56 अंक की मजबूती के साथ कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलते ही तेज बिकवाली शुरू हो गई, जिसके कारण पहले 5 मिनट के कारोबार में ही सेंसेक्स गिरकर 54,305.17 अंक के स्तर पर आ गया। हालांकि इसके बाद थोड़ी खरीदारी होने के कारण सेंसेक्स कुछ देर के लिए हरे निशान में भी आया, लेकिन तुरंत ही बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण ये सूचकांक दोबारा करीब 135 अंक की कमजोरी के साथ गिरकर 54,191.55 अंक के स्तर पर पहुंच गया। बाजार में आई इस गिरावट के बाद घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने मोर्चा संभाला और तेजी के साथ खरीदारी शुरू कर दी। खरीदारी के सपोर्ट से सेंसेक्स ने भी अपनी चाल तेज कर ली और वापस हरे निशान में पहुंच गया। बाजार में लगातार जारी खरीद और बिक्री के बीच शुरुआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 315.19 अंक की मजबूती के साथ 54,641.58 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

सेंसेक्स की तरह ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के निफ्टी ने 24.8 अंक की मामूली मजबूती के साथ 16,290.95 अंक के स्तर से आज के कारोबार की शुरुआत की। शुरुआती कारोबार में हुई बिकवाली के कारण पहले 5 मिनट में ही निफ्टी को भी लाल निशान में गोता लगाना पड़ा। बाजार में बिकवाली का ये दबाव पहले 20 मिनट तक लगातार बना रहा, जिसकी वजह से निफ्टी करीब 60 अंक की गिरावट के साथ 16,207.25 अंक के स्तर पर पहुंच गया। हालांकि इसके बाद घरेलू संस्थागत निवेशकों की खरीदारी के सपोर्ट से निफ्टी दोबारा छलांग लगाकर हरे निशान में पहुंच गया। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच शुरुआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे निफ्टी 50.25 अंक की मजबूती के साथ 16,316.40 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

शुरुआती एक घंटे के कारोबार में अभी तक बैंकिंग, आईटी, ऑटो, एफएमसीजी और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स सेक्टर में तेजी का रुख बना हुआ था, जबकि मेटल और ऑयल एंड गैस सेक्टर में बिकवाली का दबाव बना हुआ था। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में फिलहाल एक्टिव ट्रेडिंग वाले शेयरों में से 1,068 खरीदारी के सपोर्ट से तेजी का रुख दिखाते हुए हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि 810 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे हैं।

अभी तक के कारोबार में कोटक बैंक, इंफोसिस और आईसीआईसीआई बैंक के शेयरों के प्रदर्शन ने बाजार को तेज करने में खास भूमिका निभाई है। बैंकिंग शेयरों में लगातार तेजी बनी हुई है, वहीं स्टील पर एक्सपोर्ट ड्यूटी कम किए जाने की वजह से मेटल सेक्टर में तेज गिरावट का रुख बना हुआ है। आज घरेलू शेयर बाजार ने प्री ओपनिंग सेशन में भी मजबूती के साथ कारोबार की शुरुआत की थी। इस सेशन में बीएसई का सेंसेक्स 219.16 अंक यानी 0.40 प्रतिशत की बढ़त के साथ 54,545.55 अंक के स्तर पर था। वहीं निफ्टी प्री ओपनिंग सेशन में 16.20 अंक की तेजी के साथ 16,285.79 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ था। इसके पहले पिछले कारोबारी सप्ताह के आखिरी दिन यानी शुक्रवार को सेंसेक्स 1,534.16 अंक यानी 2.91 प्रतिशत उछल कर 54,326.39 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी ने 456.15 अंक यानी 2.89 प्रतिशत की तेजी के साथ 16,266.15 अंक के स्तर पर शुक्रवार के कारोबार का अंत किया था।

## जेट एयरवेज ने चार नए वरिष्ठ निदेशकों की नियुक्ति की

**नई दिल्ली।** विमानन कंपनी जेट एयरवेज ने उड़ान परिचालक प्रमाणपत्र (एओसी) मिलने के कुछ दिन बाद चार नए वरिष्ठ निदेशकों की नियुक्ति की है। जेट एयरवेज को नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) से 20 मई को एओसी मिला था। कंपनी ने एक बयान में कहा कि एयरलाइन ने मुख्य डिजिटल अधिकारी के रूप में प्रभ शरण सिंह, इंजीनियरिंग उपाध्यक्ष के तौर पर एच आर जगन्नाथ को नियुक्त किया है। इसके अलावा विमान-यात्रा के दौरान उपलब्ध कराये जाने वाले उत्पाद और सेवाओं के लिए मार्क टर्नर को उपाध्यक्ष तथा वितरण एवं ग्राहक जुड़ाव के उपाध्यक्ष के रूप में विशेष खन्ना को नियुक्त किया गया है। विमानन कंपनी ने कहा कि सिंह एक जून, 2022 से पदभार संभालेंगे जबकि जगन्नाथ ने सोमवार से अपना पदभार लिया है। वहीं टर्नर 15 जून और खन्ना इस वर्ष जुलाई के दौरान अपनी जिम्मेदारी संभालेंगे।

## जून मध्य तक पहला विमान मिलेगा, जुलाई तक वाणिज्यिक परिचालन शुरू होगा : आकाश एयर

नई दिल्ली, एजेंसी

नई एयरलाइन आकाश एयर ने सोमवार को कहा कि वह जून के मध्य तक अपना पहला बोइंग 737 मैक्स विमान प्राप्त करने और जुलाई तक वाणिज्यिक परिचालन शुरू करने की राह पर है। एयरलाइन ने सोमवार को अमेरिका के पोर्टलैंड में बोइंग विनिर्माण कंपनी से अपने पहले मैक्स विमान की तस्वीरें जारी कीं, जो आपूर्ति के लिए तैयार है। बयान में एयरलाइन ने जून के मध्य तक भारत में अपना पहला विमान प्राप्त होने और जुलाई 2022 तक देश में वाणिज्यिक परिचालन शुरू करने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया है।



एयरलाइन की मार्च 2023 के अंत तक देश में घरेलू मार्गों पर 18 विमान उड़ाने की योजना है। आकाश एयर बड़े शहरों से टियर-2 और टियर-3 शहरों के लिए उड़ानों पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। एयरलाइन जाने माने निवेशक राकेश झुनझुनवाला और विमानन दिग्गज विनय दुबे तथा आदित्य घोष द्वारा समर्थित है। उसे वाणिज्यिक उड़ान संचालन शुरू करने के लिए अगस्त 2021 में नागरिक उड्डयन मंत्रालय से अनापत्ति प्रमाण पत्र मिला था। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने पिछले साल अगस्त के अंत में बोइंग 737 मैक्स विमान को हरी झंडी दी थी। इसके बाद, आकाश एयर ने 26 नवंबर, 2021 को बोइंग के साथ 72 मैक्स विमानों की खरीद के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। आकाश एयर ने सोमवार को कहा कि मैक्स विमान अत्यधिक ईंधन कुशल सीएफएम लीप बी इंजन द्वारा संचालित होगा। एयरलाइन ने कहा कि भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था और बढ़ती आबादी से वाणिज्यिक उड़ानों की मांग बढ़ेगी, जिससे अगले 20 वर्षों में भारत में लगभग 1,000 नए विमानों की आवश्यकता होगी।

## बाइडन ने हिंद-प्रशांत व्यापार समझौते की शुरूआत की, मुद्रास्फीति पर दी चेतावनी

टोक्यो, एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने सोमवार को 12 हिंद-प्रशांत देशों के साथ एक नए व्यापार समझौते की शुरूआत की, जिसका मकसद उनकी अर्थव्यवस्थाओं को मजबूत करना है।

उन्होंने बढ़ती मुद्रास्फीति पर अमेरिकी नागरिकों को चेतावनी देते हुए कहा कि कि इस मोर्चे पर राहत मिलने से पहले उन्हें थोड़ा दर्द सहना होगा।

बाइडन ने यह भी जोड़ा कि उन्हें नहीं लगता कि अमेरिका में आर्थिक मंदी अपरिहार्य है। यानी मंदी से बचने की गुंजाइश है।

जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा के साथ बातचीत के बाद एक संवाददाता सम्मेलन में बाइडन ने स्वीकार किया कि अमेरिकी अर्थव्यवस्था में समस्याएं हैं, लेकिन उन्होंने कहा कि ये समस्याएं बाकी दुनिया की तुलना में कम हैं। उन्होंने कहा कि हालात ठीक होने में थोड़ा वक्त लगेगा, लेकिन इस विचार को खारिज कर दिया कि अमेरिका में अब मंदी को टाला नहीं जा सकता है।

हिंद-प्रशांत आर्थिक ढांचे की शुरूआत से ठीक पहले बाइडन की यह टिप्पणी आई है। इस आर्थिक ढांचे को महामारी और यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के कारण पैदा हुए व्यवधानों के बाद वाणिज्यिक क्षेत्र में स्थिरता बनाए रखने के लिए तैयार किया गया है। हिंद-प्रशांत आर्थिक ढांचे में अमेरिका के साथ जुड़ने वाले देशों में ऑस्ट्रेलिया, ब्रुनेई, भारत, इंडोनेशिया, जापान, दक्षिण कोरिया, मलेशिया, न्यूजीलैंड, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड और वियतनाम शामिल हैं।



**बातचीत**

- जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा के साथ बातचीत के बाद एक संवाददाता सम्मेलन में बाइडन ने स्वीकार किया कि अमेरिकी अर्थव्यवस्था में समस्याएं हैं, लेकिन उन्होंने कहा कि ये समस्याएं बाकी दुनिया की तुलना में कम हैं।

अमेरिका के साथ इन देशों की वैश्विक जीडीपी में 40% हिस्सेदारी है। इन देशों ने एक संयुक्त बयान में कहा कि कोरोना वायरस महामारी और यूक्रेन पर रूसी आक्रमण के कारण हुए पैदा हुए व्यवधानों के बाद हुए इस समझौते से उन्हें सामूहिक रूप से अपनी अर्थव्यवस्थाओं को भविष्य के लिए तैयार करने में मदद मिलेगी।

बाइडन ने कहा कि नए ढांचे से क्षेत्र के अन्य देशों के साथ अमेरिकी सहयोग भी बढ़ेगा।

इस समझौते के तहत अमेरिका और एशियाई अर्थव्यवस्थाएं आपूर्ति श्रृंखला, डिजिटल व्यापार, स्वच्छ ऊर्जा और भ्रष्टाचार विरोधी प्रयासों सहित विभिन्न मुद्दों पर अधिक निकटता से काम करेंगी।

दूसरी ओर आलोचकों का कहना है कि इस ढांचे में कमियां हैं। यह टैरिफ कम करके या शामिल देशों को अमेरिकी बाजारों में अधिक पहुंच देने संबंधी प्रोत्साहन नहीं देता है।

# मोदी ने सुजुकी मोटर के सलाहकार ओसामु सुजुकी से भेंट की

टोक्यो, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को सुजुकी मोटर कॉरपोरेशन के सलाहकार ओसामु सुजुकी से भेंट की और भारत में निवेश, नवाचार, इलेक्ट्रिक वाहनों के विनिर्माण और पुनर्चक्रण केंद्रों को लेकर अवसरों पर चर्चा की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने ट्वीट किया, सुजुकी मोटर कॉरपोरेशन के सलाहकार ओसामु सुजुकी के साथ एक बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के मोटर वाहन उद्योग में सुजुकी की परिवर्तनकारी भूमिका की सराहना की। बागची ने कहा, उन्होंने भारत में निवेश, नवाचार, ईवी विनिर्माण, पुनर्चक्रण केंद्रों के अवसरों पर चर्चा की। प्रधानमंत्री मोदी अपने जापानी समकक्ष फुमियो किशिदा के निमंत्रण पर क्वाड नेताओं के एक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए दो दिवसीय यात्रा पर जापान में हैं। सुजुकी मोटर कॉरपोरेशन ने इस साल मार्च में घोषणा की थी कि वह गुजरात में इलेक्ट्रिक वाहनों और बैटरी के स्थानीय विनिर्माण के लिए 2026 तक लगभग 150 अरब येन (लगभग 10,445 करोड़ रुपये) का निवेश करेगी।



### प्रधानमंत्री मोदी ने एनईसी प्रमुख से भेंट की

**टोक्यो।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को जापानी बहुराष्ट्रीय सूचना प्रौद्योगिकी इलेक्ट्रॉनिक कंपनी एनईसी कॉरपोरेशन के प्रमुख नोबुहिरो एंडो से मुलाकात की। इस भेंट के बारे में प्रधानमंत्री कार्यालय ने ट्वीट किया कि मोदी ने भारत में हो रहे सुधारों का जिक्र किया। उन्होंने डिजिटल शिक्षा, फिनटेक, अवसंरचना और लॉजिस्टिक नेटवर्क जैसे क्षेत्रों में अवसरों के बारे में बात की। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि प्रधानमंत्री ने भारत के दूरसंचार क्षेत्र में एनईसी की भूमिका की सराहना की और खासतौर से चेन्नई-अंडमान और निकोबार द्वीप समूह (सीएएनआई) और कोच्चि-लक्षद्वीप (केएलआई) ओएफसी परियोजनाओं में का उल्लेख किया, जिसमें एनईसी ने उल्लेखनीय योगदान किया। उन्होंने उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत निवेश के अवसरों पर भी प्रकाश डाला। बयान में कहा गया, उन्होंने औद्योगिक विकास, कराधान और श्रम सहित भारत में कारोबार सुगमता के लिए किए जा रहे विभिन्न सुधारों पर चर्चा की।

### मोदी ने सॉफ्टबैंक के प्रमुख मासायोशी सोन से मुलाकात की

**टोक्यो।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को सॉफ्टबैंक कॉरपोरेशन के संस्थापक और सीईओ मासायोशी सोन से मुलाकात की और उनके साथ भारतीय प्रौद्योगिकी, ऊर्जा, वित्त और अनुसंधान एवं विकास जैसे क्षेत्रों में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा की।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने ट्वीट किया, भारत में जापानी निवेश को और बढ़ावा दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सॉफ्टबैंक समूह के संस्थापक मासायोशी सोन से मुलाकात की और भारत के स्टार्टअप क्षेत्र में सॉफ्टबैंक की भूमिका की सराहना की।

उन्होंने आगे कहा, इस दौरान भारत में प्रौद्योगिकी, ऊर्जा, वित्त, अनुसंधान एवं विकास आदि क्षेत्रों में सॉफ्टबैंक द्वारा भविष्य में भागीदारी पर चर्चा हुई।

सॉफ्टबैंक भारत के स्टार्टअप परिवेश में निवेश करने वाला प्रमुख संस्थान है और उसने पेटीएम तथा पॉलिसीबाजार जैसे बड़े उपक्रमों में निवेश किया है, जो अब भारतीय शेयर बाजारों में सूचीबद्ध हैं। उसने ओयो होटल्स एंड होम्स, डेल्हीवरी और अनएकेडमी जैसे अन्य स्टार्टअप में भी निवेश किया है।

### मंदी अपरिहार्य नहीं, दर्द कुछ समय तक रहेगा : जो बाइडन

**टोक्यो।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा है कि उन्हें नहीं लगता कि रिकॉर्ड उच्च मुद्रास्फीति और आपूर्ति की कमी के बीच अमेरिका में आर्थिक मंदी अपरिहार्य है। उन्होंने कहा कि मौजूदा हालात आंशिक रूप से यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के कारण पैदा हुए हैं और पक्के तौर पर नहीं कहा जा सकता कि मंदी आने वाली है। उन्होंने टोक्यो में सोमवार को एक संवाददाता सम्मेलन में स्वीकार किया कि अमेरिकी अर्थव्यवस्था में समस्याएं हैं, लेकिन कहा कि वह दूसरे देशों की तुलना में बेहतर स्थिति में है। बाइडन ने कहा, जो समस्याएं हमारे यहां हैं, वो बाकी दुनिया में भी हैं। लेकिन, दुनिया के बाकी हिस्सों की तुलना में हमारे यहां इनका असर कम है। उन्होंने स्वीकार किया कि अमेरिकी परिवारों पर आपूर्ति में कमी और उच्च ऊर्जा कीमतों का असर पड़ रहा है। बाइडन ने कहा कि उनकी सरकार अमेरिकी उपभोक्ताओं की तकलीफ कम करने के लिए काम कर रही है, लेकिन साथ ही उन्होंने कहा कि तत्काल समाधान होने की उम्मीद नहीं है। उन्होंने कहा कि हालात ठीक होने में कुछ वक्त लगेगा।

# पेट्रोल-डीजल के दाम स्थिर

नई दिल्ली, एजेंसी

देश में पेट्रोल-डीजल के दामों में वृद्धि ना होने से सोमवार को दाम स्थिर रहे। केंद्र सरकार के ईंधन पर उत्पाद शुल्क घटाने के बाद बीते दिन ईंधन के दामों में बड़ी गिरावट दर्ज की गयी थी।

इंडियन ऑयल की अधिसूचना के मुताबिक, दिल्ली में आज पेट्रोल का दाम 96.72 रुपये और डीजल का दाम 89.62 रुपये प्रति लीटर है, जबकि मुंबई में पेट्रोल और डीजल की कीमत क्रमशः 111.35 रुपये और 97.28 रुपये प्रति लीटर पर है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को ईंधन पर उत्पाद शुल्क घटाने की घोषणा की थी। जिसके बाद महाराष्ट्र, राजस्थान और केरल ने पेट्रोल-डीजल पर मूल्य वर्धित कर (वैट) को कम करने की घोषणा करते हुए राज्यों के लोगों को राहत प्रदान की। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में लगातार घट-बढ़ जारी है।

लंदन ब्रेंट क्रूड आज 0.56 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 113.18 डॉलर प्रति बैरल और अमेरिकी क्रूड 0.38 प्रतिशत बढ़कर 110.70 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

देश में पेट्रोल-डीजल की कीमतें 137 दिन की स्थिरता के बाद गत 22 मार्च से बढ़नी शुरू हुई थीं। जिससे 14 बार पेट्रोल और डीजल के दामों में वृद्धि की गयी। इस दौरान इनके दामों में करीब 10 रुपये प्रति लीटर की तेजी आयी थी।

पेट्रोल-डीजल की कीमतों में आखिरी बार 80 पैसे प्रति लीटर की बढ़ोतरी 06 अप्रैल को गयी थी। जिसके बाद 45 दिनों तक इसके दाम स्थिर रहे।

उल्लेखनीय है कि इससे पहले, केंद्र सरकार ने 03 नवंबर 2021 को पेट्रोल पर 10 रुपये प्रति लीटर और डीजल पर 5 रुपये प्रति लीटर का उत्पाद शुल्क घटाया था। पेट्रोल-डीजल के मूल्यों की प्रतिदिन समीक्षा की जाती है।

देश के चार बड़े महानगरों में आज पेट्रोल और डीजल के दाम इस प्रकार रहेः-

| महानगर | पेट्रोल | डीजल |
|---|---|---|
| | (रुपए प्रति लीटर) | |
| दिल्ली | 96.72 | 89.62 |
| कोलकाता | 106.03 | 92.76 |
| मुंबई | 111.35 | 97.28 |
| चेन्नई | 102.63 | 94.24 |

## संक्षिप्त खबरें

### अपने हुनर पर पूरा फोकस था : बरार

मुंबई। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ आईपीएल के आखिरी लीग मैच में तीन विकेट लेने वाले पंजाब किंग्स के स्पिनर हरप्रीत बरार ने कहा कि उनका पूरा फोकस अपने कौशल पर था और उन्होंने अपनी रणनीति पर पूरा अमल किया। बरार ने चार ओवर में 26 रन देकर तीन विकेट लिये। सनराइजर्स की टीम आठ विकेट पर 157 रन ही बना सकी और इस लक्ष्य को पंजाब ने 15.1 ओवर में हासिल कर लिया। बरार ने कहा, पिच को देखने के बाद मुझे लगा कि इससे स्पिनरों को मदद मिल सकती है। इस सत्र में स्पिनरों पर काफी रन बने हैं और मुझे लगा कि इस पिच पर मैं अच्छा प्रदर्शन कर सकता हूं। मेरा लक्ष्य अपनी रणनीति पर अमल करके दबाव में अच्छा प्रदर्शन करना था। उन्होंने कहा, मैने अपने हुनर पर फोकस रखा। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला के लिये अपने साथी खिलाड़ी अर्शदीप सिंह के भारतीय टीम में चयन के बारे में बरार ने कहा, मैं उसके लिये खुश हूं।

### जस्टिन थॉमस ने दूसरा पीजीए खिताब जीता

टुल्सा (अमेरिका)। अमेरिका के जस्टिन थॉमस ने सात शॉट से पिछड़ने के बाद जोरदार वापसी करते हुए यहां पीजीए गोल्फ चैंपियनशिप का खिताब जीता। थॉमस ने अंतिम दौर में तीन अंडर 67 के स्कोर के साथ वापसी की। उनका कुल स्कोर पांच अंडर 275 रहा। उन्होंने अपने हमवतन विल जेलाटोरिस को तीन होल के प्ले आफ में पछाड़कर खिताब अपने नाम किया। थॉमस का यह दूसरा पीजीए खिताब है। चिली के 27 साल के मिटो परेरा के लिए अंतिम कुछ लम्हें दिल तोड़ने वाले रहे। वह पूरे दिन के खेल के दौरान कभी नहीं पिछड़े और ऐसा लग रहा था कि वह भी प्ले आफ खेलेंगे लेकिन अंतिम 18वें होल में डबल बोगी के कारण वह एक शॉट से पीछे संयुक्त तीसरे स्थान पर रहे। अमेरिका के ही कैमरन यंग भी चार अंडर के कुल स्कोर के साथ संयुक्त तीसरे स्थान पर रहे।

### सालाह, सोन ईपीएल में शीर्ष गोल स्कोरर

लंदन। मोहम्मद सालाह और सोन ह्युंग मिन दोनों 23 गोल में साथ इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूनार्मेंट में शीर्ष गोल स्कोरर रहे। सालाह लीग में सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी को दिए जाने वाला गोल्डन बूट पुरस्कार अब तीन बार अपने नाम कर चुके हैं। उन्होंने 2017-18 में अकेले यह खिताब जीता था जबकि 2018-19 और हाल में संपन्न सत्र में उन्होंने यह खिताब साझा किया। सोन पहली बार लीग में सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी रहे। दोनों खिलाड़ियों ने सत्र के अंतिम दिन गोल दागे। सालाह ने लीवरपूल की वोल्वरहैम्पटन पर 3-1 की जीत के दौरान दूसरा गोल किया जबकि सोन ने नॉर्विच पर टोटेनहैम की 5-0 की जीत में दो गोल किए।

### अर्जुन मैनी पोडियम पर जगह बनाने से चूके

नई दिल्ली। टीम एचआरटी के साथ मसीर्डीज एएमजी चलाने वाले भारत के रेसर अर्जुन मैनी जर्मनी के लॉसिटझ्रिंग में 2022 डीटीएम चैंपियनशिप में पोडियम पर जगह बनाने से चूक गए। क्वालीफाइंग सत्र में छठा स्थान हासिल करने वाले मैनी ने अच्छी शुरूआत की और वह पहले लैप के दौरान ही चौथे स्थान पर पहुंच गए। मैनी ने इसके बाद लुकास आयर को पछाड़कर कुछ समय के लिए तीसरा स्थान हासिल किया लेकिन फिर चौथे स्थान पर खिसक गए। मैनी अंत तक चौथे स्थान पर ही रहे और उन्हें सत्र में पहली बार पोडियम पर जगह बनाने का मौका गंवा दिया।

पंड्या ऐसे में लॉकी फर्ग्युसन और शमी के साथ अल्जारी जोसेफ को तेज गेंदबाजी की जिम्मेदारी सौंप सकते हैं

# पहले क्वालीफायर में राजस्थान के खिलाफ टाइटंस का पलड़ा भारी

कोलकाता, एजेंसी





**भूमिका**

- पंड्या ने गेंद और बल्ले दोनों से अच्छा प्रदर्शन करते हुए टाइटंस को लीग चरण में शीर्ष पर जगह दिलाने में अहम भूमिका निभाई है

घातक गेंदबाजी आक्रमण और कई फिनिशर की मौजूदगी वाली पदार्पण सत्र में खेल रही गुजरात टाइटंस की टीम आज यहां इंडियन प्रीमियर लीग के पहले क्वालीफायर में पूर्व चैंपियन राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगी। फिट होकर वापसी करने वाले हार्दिक पंड्या पहली बार आईपीएल में किसी टीम की अगुआई कर रहे हैं और उन्होंने गेंद और बल्ले दोनों से अच्छा प्रदर्शन करते हुए टाइटंस को लीग चरण में शीर्ष पर जगह दिलाने में अहम भूमिका निभाई है।

चौथे नंबर पर कुछ उम्दा पारियां खेलने के अलावा पंड्या ने अपने खिलाड़ियों का अच्छा इस्तेमाल किया, फिर यह चाहे डेथ ओवरों में राशिद खान की चतुराई भरी गेंदबाजी हो या इस स्टार की डेविड मिलर और राहुल तेवतिया की आक्रामक जोड़ी के साथ तूफानी बल्लेबाजी। टीम का कमजोर पक्ष उसकी शीर्ष क्रम की बल्लेबाजी रही है। शुभमन गिल से सभी को काफी उम्मीद हैं लेकिन वह अच्छी शुरूआत को बड़ी पारी में बदलने में नाकाम रहे हैं लेकिन अनुभवी रिद्धिमान साहा को शीर्ष क्रम पर उतारने का टीम को काफी फायदा मिला। भारतीय टीम से बाहर चल रहे विकेटकीपर बल्लेबाज साहा ने नौ मैच में तीन अर्धशतक जड़कर शीर्ष क्रम में गिल के लचर प्रदर्शन की भरपाई की। अफगानिस्तान के लेग स्पिनर राशिद ने मध्य और डेथ ओवरों में शानदार गेंदबाजी की जबकि भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने टीम को शानदार शुरूआत दिलाई हैं और मौजूदा सत्र में वह पावर प्ले में 11 विकेट के साथ सबसे सफल गेंदबाज हैं।

भारतीय टीम से बाहर होने के बाद से सुर्खियों में रहे साहा एक बार फिर बंगाल टीम के अपने साथी शमी के साथ अपने घरेलू मैदान पर अच्छा प्रदर्शन करने को बेताब होंगे। प्ले आफ मुकाबले नए विकेट पर खेले जाएंगे जिससे तेज गेंदबाजों पर नजरें रहेंगी। पंड्या ऐसे में लॉकी फर्ग्युसन और शमी के साथ अल्जारी जोसेफ को तेज गेंदबाजी की जिम्मेदारी सौंप सकते हैं।

टाइटंस ने लीग चरण में रॉयल्स को 37 रन से हराया था लेकिन पहले टूनार्मेंट के चैंपियन के पास कुछ शीर्ष स्पिनर मौजूद हैं और अनुभवी खिलाड़ियों की मौजूदगी में वे कड़ी टक्कर देने में सक्षम हैं। टाइटंस की टीम हालांकि पिछले कुछ मैच में उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाई और उसे पिछले पांच मैच में तीन हार का सामना करना पड़ा जिसमें रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ आठ विकेट की हार भी शामिल है। टाइटंस ने चार में से तीन मुकाबले जबकि रॉयल्स ने पांच में से चार मुकाबले पहले बल्लेबाजी करते हुए गंवाए जिसके कारण टॉस की भूमिका महत्वपूर्ण हो सकती है।

संजू सैमसन की टीम में मौजूदा सत्र में आरेंज और पर्पल कैप की दौड़ में सबसे आगे चल रहे जोस बटलर और युजवेंद्र चहल शामिल हैं। आरेंज कैप सबसे सफल बल्लेबाज जबकि पर्पल कैप सबसे सफल गेंदबाज को दी जाती है। इसके अलावा टीम के पास रविचंद्रन अश्विन का अनुभव है जिन्होंने सत्र के दूसरे हाफ में अपनी विविधता से प्रभावित किया है और अपनी बल्लेबाजी से भी बड़ा अंतर पैदा किया। चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ नियमित बल्लेबाजों शिमरोन हेटमायर और रियान पराग से पहले पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए अश्विन ने 23 गेंद में नाबाद 40 रन की पारी खेलकर टीम को पांच विकेट की जीत दिलाई और टीम का शीर्ष दो में रहना सुनिश्चित किया।

## वॉशिंगटन सुंदर भारतीय क्रिकेट के भविष्य हैं : शास्त्री

मुंबई, एजेंसी



टी20 और टेस्ट दल में वॉशिंगटन सुंदर जगह बनाने में कामयाब नहीं हो पाए हैं। इसके बावजूद पूर्व भारतीय कोच रवि शास्त्री का मानना है कि वॉशिंगटन भविष्य में भारत के तीनों प्रारूपों के हरफनमौला खिलाड़ी बनेंगे। वॉशिंगटन का टेस्ट डेब्यू शास्त्री के कोचिंग कार्यकाल के दौरान ही हुआ था। साल 2021 में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर उन्होंने भारतीय टीम की जीत में एक अहम भूमिका निभाई थी।

शास्त्री ने कहा, 'वह भविष्य में भारत के प्रमुख ऑलराउंडरों में से एक होने जा रहे हैं। वह भारतीय क्रिकेट का भविष्य हैं। आपके पास रवींद्र जडेजा आज हैं। तीन साल बाद अगर वह फिट रहे तो खेलेंगे, अक्षर पटेल भी हैं लेकिन यह खिलाड़ी आने वाले समय में तीनों प्रारूपों का प्रमुख ऑलराउंडर होगा।' उन्होंने कहा, 'वॉशिंगटन एक गंभीर क्रिकेटर है। वह अभी भी बहुत कम उम्र के हैं, उसे अपने खेल को समझना होगा। सफेद गेंद की प्रारूप में शॉट चयन में वह जल्द ही सुधार करेंगे। उन्हें अपनी फिटनेस पर काम करना होगा ताकि वह चोट से ग्रस्त न हो। कोई बहाना नहीं। पूर्व मुख्य कोच ने कहा कि वह एक्स, वाई, जेड पर निर्भर नहीं हो सकता। उसे खुद को आईने में देखना होगा और कहना होगा कि मैं कड़ी मेहनत करना चाहता हूं और मैं अगले तीन वर्षों में भारतीय क्रिकेट में अग्रणी ऑलराउंडर बनना चाहता हूं और वह आसानी ऐसा कर सकता है।' शास्त्री ने कहा कि 22 वर्षीय वॉशिंगटन टेस्ट टीम में आसानी से फिट हो सकते हैं, लेकिन उन्हें टी20 में अपनी बल्लेबाजी पर काम करने की जरूरत है। शास्त्री ने कहा, टी20 में शॉट्स के चयन में पर उन्हें काम करना होगा। टेस्ट क्रिकेट में वह भविष्य में नंबर 6 के स्थान पर कब्जा कर सकते हैं। विदेशों में वह आपको एक विशेषज्ञ स्पिनर के तौर पर गेंदबाजी करते हुए टीम को संतुलन देते हैं।

## सीने में दर्द की शिकायत के बाद मेंडिस अस्पताल में भर्ती

ढाका, एजेंसी





सीने में दर्द की शिकायत के बाद कुसल मेंडिस को ढाका में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मेंडिस 23वें ओवर में मैदान कुछ असहज महसूस कर रहे थे। इसके बाद वह मैदान पर लेट गए। पहले मेडिकल स्टाफ ने उनसे बात की और तुरंत वह अपने सीने को दोनों हाथों से जकड़ते हुए मैदान के बाहर चले गए।

बीसीबी डॉक्टर मंजूर हुसैन चौधरी ने कहा कि मेंडिस को उनकी स्थिति के उचित निदान और बेहतर प्रबंधन के लिए अस्पताल ले जाना पड़ा है। चौधरी के अनुसार, मेंडिस मैच के दौरान डिहाइड्रेशन से पीड़ित थे, जो उनकी परेशानी का कारण हो सकता है। उन्होंने मेंडिस की बेचैनी के संभावित कारण के रूप में गैस्ट्रिटिस का संदेह किया। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि वह कितने समय तक अस्पताल में रहेंगे और ढाका टेस्ट में उनकी भागीदारी किस प्रकार की होगी। मेंडिस ने चटोग्राम टेस्ट के पहली पारी में एक बढ़िया अर्धशतक बनाया था। इसके बाद दूसरी पारी में उन्होंने 48 रनों की तेज पारी खेली, जिससे श्रीलंका मैच ड्रा करने में सफल रही। पहले टेस्ट मैच की परिस्थितियां उमस के कारण काफी खराब थीं। तमीम इकबाल को तीसरे काफी क्रैंप आ रहे थे, जबकि मैदानी अंपायर रिचर्ड केटलबोरो को भी चौथे दिन भीषण गर्मी के कारण मैदान छोड़ना पड़ा। टेस्ट के दौरान खिलाड़ियों कई बार पानी पीते हुए देखा गया था। चटोग्राम में दूसरे दिन शोरिफुल इस्लाम के बाउंसर की चपेट में आने के बाद श्रीलंका को तेज गेंदबाज विश्व फर्नांडो के लिए कंकशन के विकल्प का उपयोग करना पड़ा था।

## वेस्ट इंडीज के खिलाफ एकदिवसीय श्रंखला के लिये शादाब की टीम में वापसी

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने अगले महीने की शुरूआत में वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाली घरेलू वनडे सीरीज के लिए अपनी टीम घोषित कर दी है। यह सीरीज बायो-सेक्योर वातावरण में नहीं खेली जाएगी इसी कारण बोर्ड ने केवल 16 खिलाड़ियों को ही चुना है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेली गई घरेलू सीरीज में बोर्ड ने 21 खिलाड़ियों को चुना था क्योंकि वह सीरीज बायो-सेक्योर वातावरण में खेली गई थी। चोट के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज मिस करने वाले शादाब खान की वापसी हुई है और वह उप-कप्तान की जिम्मेदारी संभालेंगे। 01 जून को ही टीम रावलपिंडी में ट्रेनिंग के लिए इकट्ठा हो जाएगी। हारिस रउफ, हसन अली, मोहम्मद रिजवान और शादाब फिलहाल इंग्लिश काउंटी चैंपियनशिप में खेल रहे हैं, लेकिन वे भी समय से टीम के साथ जुड़ जाएंगे। 08 जून से शुरू होनी है सीरीज : वेस्टइंडीज की टीम दिसंबर 2021 में तीन टी20 और तीन वनडे मैचों की सीरीज के लिए पाकिस्तान दौरे पर गई थी, लेकिन वनडे सीरीज नहीं खेली जा सकी थी। कैरेबियन टीम में कोरोना के मामले सामने आने के कारण वनडे सीरीज को स्थगित करना पड़ा था। अब दोनों बोर्ड्स आपसी सहमति से उसी सीरीज को खेलने वाले हैं। वेस्टइंडीज की टीम मई की शुरूआत में ही इस दौरे के लिए अपनी टीम घोषित कर चुकी है। किरोन पोलार्ड के इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले लेने के बाद निकोलस पूरन वेस्टइंडीज के नए कप्तान बने हैं और पाकिस्तान दौरे पर अपनी टीम की अगुवाई करेंगे। वनडे सीरीज के मैच 08, 10 और 12 जून को रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाने हैं। वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए पाकिस्तान की टीम : बाबर आजम (कप्तान), शादाब खान, अब्दुल्लाह शफीक, फखर जमान, हारिस रउफ, हसन अली, इफ्तिखार अहमद, इमाम-उल-हक, खुशदिल शाह, मोहम्मद हारिस, मोहम्मद नवाज, मोहम्मद रिजवान, मोहम्मद वसीम जूनियर, शाहीन शाह अफरीदी, शाहनवाज दहानी और जाहिद महमूद।

## कुछ लोगों को गलत साबित करने में खुशी मिली : लियाम लिविंगस्टोन

मुंबई, एजेंसी

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2022 में बल्ले से बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले पंजाब किंग्स के ऑलराउंडर लियाम लिविंगस्टोन ने कहा कि उन लोगों को गलत साबित करने में खुशी मिली, जिन्होंने पिछले साल के संस्करण के बाद उनकी आलोचना की थी। लियाम लिविंगस्टोन के नाबाद 49 रन और जितेश शर्मा के 19 रनों के बेहतरीन पारियों की बदौलत पंजाब ने यहां वानखेड़े स्टेडियम में आईपीएल 2022 के आखिरी लीग मैच में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ पांच विकेट से जीत दर्ज की। बता दें कि आईपीएल 2021 में लिविंगस्टोन राजस्थान रॉयल्स का हिस्सा थे लेकिन उन्होंने केवल 5 मैच खेले, जहां उन्होंने 23.33 की औसत से 70 रन बनाए। लिविंगस्टोन ने मैच के बाद कहा, निश्चित रूप से कुछ लोगों को गलत साबित करना अच्छा है। पिछले साल के आईपीएल के बाद मेरी काफी आलोचना की गई थी। मैं अभी भी सीख रहा हूं, अभी भी विकसित हो रहा हूं और दुनिया भर के इन सभी विभिन्न टूनार्मेंटों में खेल रहा हूं, यह सब एक बेहतर खिलाड़ी बनने की कोशिश करने के बारे में है। उन्होंने कहा, मैं अब इंग्लैंड वापस जाऊंगा और अगले टूनार्मेंट में जो यहां से सीखा है उसका उपयोग करने की कोशिश करूंगा। मुझे गेंदबाजी करना पसंद है, यह आसान बात नहीं है, मैंने टूनार्मेंट के माध्यम से अधिक गेंदबाजी की है। हैदराबाद के खिलाफ मैच को लेकर ऑलराउंडर ने कहा कि टीम ने आक्रमण करने और स्मार्ट होने के बीच सही संतुलन किया। उन्होंने कहा, यह अच्छा था। मुझे लगा कि मैं पूरे टूनार्मेंट में गेंद को अच्छी तरह से हिट कर रहा हूं, लेकिन कई बार बहुत जल्दी बेवकूफी भरे तरीके से आउट हो गया, लेकिन मैंने जिस तरह से खेला है।

## ज्योति याराजी ने ब्रिटेन में 100 मीटर बाधा दौड़ का अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा

नई दिल्ली, एजेंसी



**रिकॉर्ड**

- आंध्र प्रदेश की 22 साल की ज्योति ने 13.11 सेकेंड के समय के साथ 13.23 सेकेंड के अपने ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तो सुधार किया

भारत की ज्योति याराजी ने ब्रिटेन में लोगबोरो में अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स मीट में खिताब के दौरान दो हफ्ते से कम समय में दूसरी बार महिला 100 मीटर बाधा दौड़ का राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा। आंध्र प्रदेश की 22 साल की ज्योति ने 13.11 सेकेंड के समय के साथ 13.23 सेकेंड के अपने ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तो सुधार किया जो उन्होंने 10 मई को लिमासोल में साइप्रस अंतरराष्ट्रीय मीट के दौरान बनाया था।

भुवनेश्वर में रिलायंस फाउंडेशन ओडिशा एथलेटिक्स हाई परफोर्मेंस केंद्र में जोसेफ हिलियर के मार्गदर्शन में ट्रेनिंग करने वाली ज्योति ने अनुराधा बिस्वाल के 13.38 सेकेंड के रिकॉर्ड को तोड़ा था जो 2002 में बना था। ज्योति ने पिछले महीने कोझिकोड में फेडरेशन कप में भी 13.09 सेकेंड का समय लिया था लेकिन तब हवा समय रिकॉर्ड करने के लिए वैध सीमा से अधिक तेज चल रही थी इसलिए उनका समय रिकॉर्ड नहीं किया गया और इसे राष्ट्रीय रिकॉर्ड नहीं माना गया। उस समय हवा की गति प्लस 2.1 मीटर प्रति सेकेंड थी जो प्लस दो मीटर प्रति सेकेंड की स्वीकृत सीमा से अधिक थी।

ज्योति ने 2020 में भी कर्नाटक के मूदबिदरी में अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय चैंपियनशिप में बिस्वाल के राष्ट्रीय रिकॉर्ड से बेहतर प्रदर्शन करते हुए 13.03 सेकेंड का समय लिया था लेकिन तब भी इसे राष्ट्रीय रिकॉर्ड नहीं माना गया क्योंकि प्रतियोगिता के दौरान राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी ने उनका परीक्षण नहीं किया और साथ ही वहां भारतीय एथलेटिक्स महासंघ का तकनीकी प्रतिनिधि भी मौजूद नहीं था। ज्योति के पिता सूर्यनारायण निजी सुरक्षा गार्ड हैं जबकि उनकी मां कुमारी लोगों के घरेलू कार्य करती हैं।

ओडिशा एथलेटिक्स हाई परफोमेंस केंद्र के एक अन्य प्रशिक्षु अमलान बोरगोहेन 200 मीटर दौड़ में 21.27 सेकेंड के समय के साथ पांचवें स्थान पर रहे। अन्य नतीजों में राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक सिद्धांत थिंगाल्या 110 मीटर बाधा दौड़ में 13.97 सेकेंड के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहे। राष्ट्रीय स्तर के तैराक से बाधा दौड़ के धावक बने ग्रेससन अमलदास ने जूनियर पुरुष 110 मीटर बाधा दौड़ गेस्ट दौड़ में 13.91 सेकेंड के समय के साथ खिताब जीता।

## एशिया कप में जीत से चुका भारत

नई दिल्ली, एजेंसी



गत चैम्पियन भारत ने आखिरी क्षणों में गोल गंवाकर एशिया कप पुरूष हॉकी टूनार्मेंट में पूल ए के पहले मैच में पाकिस्तान से 1 . 1 से ड्रॉ खेला। भारत ने नौवें मिनट में कार्ति सेल्वम के गोल की मदद से बढ़त बना ली थी लेकिन पाकिस्तान के लिये अब्दुल राणा ने 59वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर बराबरी का गोल दागा। अब भारत का सामना आज जापान से होगा।

पाकिस्तान को तीसरे ही मिनट में पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला था लेकिन वह गोल नहीं कर सके। कुछ सेकंड बाद भारत ने भी जवाबी हमले में पेनल्टी कॉर्नर बनाया लेकिन नीलम संजीप सेस के शॉट को पाकिस्तानी गोलकीपर अकमल हुसैन ने बचा लिया।

भारत ने पाकिस्तानी डिफेंस पर लगातार दबाव बनाये रखा और पहले क्वार्टर में दो और पेनल्टी कॉर्नर बनाये। कार्ति ने अपना पहला अंतरराष्ट्रीय गोल नौवें मिनट में किया। इस बीच पाकिस्तान को एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन सफलता नहीं मिली। दूसरे क्वार्टर की शुरूआत में पाकिस्तानी गोलकीपर हुसैन ने शानदार बचाव करके पवन राजभर को गोल नहीं करने दिया। भारत को 21वें मिनट में मिला पेनल्टी कॉर्नर भी बेकार गया।

हाफटाइम से दो मिनट पहले पाकिस्तान को बराबरी का गोल करने का मौका मिला लेकिन एक बार फिर उसका पेनल्टी कॉर्नर बर्बाद हुआ। दूसरे हाफ में पाकिस्तान ने आक्रामक हॉकी खेली और तीसरा पेनल्टी कॉर्नर बनाया लेकिन रिजवान अली का शॉट बाहर निकल गया।

इसके कुछ मिनट बाद भारतीय गोलकीपर सूरज करकेरा ने अब्दुल राणा का करीबी शॉट बचाया और रिबाउंड पर अफराज को भी गोल नहीं करने दिया। भारत के लिये भी राजभर और उत्तम सिंह ने मौके बनाये लेकिन पाकिस्तानी गोलकीपर हुसैन काफी मुस्तैद थे।

आखिरी क्षणों में भारतीय रक्षापंक्ति को एकाग्रता भंग होने का खामियाजा भुगतना पड़ा और पाकिस्तान को पेनल्टी कॉर्नर मिल गया। गोल लाइन पर यशदीप सिवाच ने बचाव किया लेकिन राणा ने रिबाउंड पर गोल करके पाकिस्तान को बराबरी दिला दी। दिन के अन्य मैचों में मलेशिया ने ओमान को 7 . 0 से , कोरिया ने बांग्लादेश को 6 . 1 से और जापान ने इंडोनेशिया को 9 . 0 से हराया।

## आईपीएल 2022 मेरे लिए एक चुनौतीपूर्ण सीजन था : भुवनेश्वर

मुंबई, एजेंसी

पंजाब किंग्स के खिलाफ पांच विकेट से मिली हार के बाद सनराइजर्स हैदराबाद के कार्यवाहक कप्तान भुवनेश्वर कुमार ने कहा कि आईपीएल 2022 उनके लिए एक चुनौतीपूर्ण सीजन था क्योंकि उन्हें लगातार चोटों से जूझना पड़ा।

लियाम लिविंगस्टोन के नाबाद 49 रन और जितेश शर्मा के 19 रनों के बेहतरीन पारियों की बदौलत पंजाब ने रविवार को यहां वानखेड़े स्टेडियम में आईपीएल 2022 के आखिरी लीग मैच में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ पांच विकेट से जीत दर्ज की। मैच के बाद भुवनेश्वर ने कहा, इस आईपीएल सीजन में हमारे लिए कई सकारात्मक चिजें रही हैं, उमरान मलिक और अभिषेक शर्मा स्पष्ट रूप से सकारात्मक थे, लेकिन हमारे पास बल्लेबाजी का एक अच्छा कोर है जिसमें एडेन मार्कराम और निकोलस पूरन ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया। मेरे लिए, यह एक चुनौतीपूर्ण सीजन था जिसमें चोटों ने मुझे परेशान किया, मैं अगले सत्र में बेहतर वापसी करना चाहूंगा। भुवनेश्वर ने केन विलियमसन की अनुपस्थिति में पंजाब के खिलाफ अंतिम लीग चरण के मुकाबले में हैदराबाद का नेतृत्व किया। विलियमसन अपने दूसरे बच्चे के जन्म के लिए न्यूजीलैंड गए थे। उन्होंने कहा, कप्तान होने पर अच्छा लग रहा है, लेकिन यह बेहतर होता अगर हम मैच जीत जाते।

## थीम लगातार 10वीं हार के साथ फ्रेंच ओपन से बाहर

पेरिस, एजेंसी



दुनिया के पूर्व नंबर तीन खिलाड़ी आस्ट्रिया के डोमिनिक थीम लगातार 10वीं हार के साथ फ्रेंच ओपन टेनिस टूनार्मेंट के पुरुष एकल के पहले दौर से ही बाहर हो गए। दुनिया के 194वें नंबर के खिलाड़ी 28 साल के थीम को ह्युगो डेलियन के खिलाफ सीधे सेट में 3-6, 2-6, 4-6 से शिकस्त झेलनी पड़ी।

विश्व रैंकिंग गिरने और लगातार 10वीं हार के बाद संभवतः समय आ गया है कि थीम निचले स्तर के चैलेंजर टूनार्मेंट में खेलकर जीत दर्ज करें और आत्मविश्वास हासिल करें। पेरिस में 2018 में रफेल नडाल के खिलाफ और 2020 में आस्ट्रेलिया ओपन में नोवाक जोकोविच के खिलाफ उप विजेता रहे थीम ने एटीपी टूर पर पिछली जीत मई 2021 में दर्ज की थी। साल के दूसरे ग्रैंडस्लैम टूनार्मेंट के पहले दिन आसमान में बादल छाए रहे और कुछ मौकों पर हल्की बारिश भी हुई। महामारी के बाद स्टेडियम की क्षमता के शत प्रतिशत दर्शकों को स्टेडियम में आने की स्वीकृति दी गई और स्टैंड में दर्शकों का मास्क पहनना भी अनिवार्य नहीं था। स्पेन के 19 साल के छठे वरीय कार्लोस अल्कारेज ने युआन इग्नेसियो लोंडेरो को 6-4, 6-2, 6-0 से हराया। अमेरिका की 18 साल की कोको गॉफ ने भी कनाडा की क्वालीफायर रेबेका मारिनो को 7-5, 6-0 से हराकर दूसरे दौर में जगह बनाई लेकिन पोलैंड की 56वीं रैंकिंग की माग्दा लिनेट ने छठी वरीय ट्यूनीशिया की ओन्स जेबुर को 3-6, 7-6 (4), 7-5 से हराकर बाहर कर दिया। शीर्ष 10 वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों में शामिल और 2016 की चैंपियन गरबाइन मुगुरुजा को एस्टोनिया की दुनिया की 46वें नंबर की खिलाड़ी काइया केनेपी ने 2-6, 6-3, 6-4 से हराया। मुगुरुजा को पेरिस में लगातार दूसरे साल पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा।

पुरुष एकल में नौवें वरीय फेलिक्स आगर एलियासिम ने फ्रेंच ओपन में तीसरे प्रयास में पहले दो सेट गंवाने के बाद पहली जीत दर्ज की। कनाडा के 20 साल के एलियासिम ने पदार्पण कर रहे पेरू के क्वालीफायर युआन पाब्लो वेरिलास को 2-6, 2-6, 6-1, 6-3, 6-3 से हराया। महिला वर्ग में अमेरिकी ओपन 2017 चैंपियन स्लोएन स्टीफंस, दुनिया की 23वें नंबर की खिलाड़ी जिल टिचमैन, 26वें नंबर की खिलाड़ी सोराना क्रिस्टिया जबकि पुरुष वर्ग में तीसरे नंबर के एलेक्सांद्र ज्वेरेव, 18वें नंबर के ग्रिगोर दिमित्रोव, 23वें नंबर के जॉन इसनर और 26वें नंबर के बोटिन वेन डि जेंडशल्प भी जीत दर्ज करने में सफल रहे।

## भारतीय ग्रैंडमास्टर प्रज्ञानानंदा चेसेबल मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में

चेन्नई, एजेंसी

युवा भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने हमवतन ग्रैंडमास्टर विदित गुजराती को हराकर मेल्टवाटर चैंपियन्स शतरंज टूर चेसेबल मास्टर्स 2022 आनलाइन शतरंज टूनार्मेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। शुरूआती चरण के 15वें और अंतिम दौर में जीत के साथ प्रज्ञानानंदा ने विदित को नॉकआउट की दौड़ से बाहर कर दिया। क्वार्टर फाइनल में 16 साल के भारतीय खिलाड़ी का सामना चीन के वेई यी से होगा। छठे दौर में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को हराने वाले प्रज्ञानानंदा 25 अंक जुटाकर नीदरलैंड के अनीष गिरी (29), कार्लसन (28) और चीन के डिंग लिरेन (25) के बाद चौथे स्थान पर रहे। सोलह खिलाड़ियों के टूनार्मेंट में हिस्सा ले रहे दो अन्य भारतीय पी हरिकृष्णा और विदित शीर्ष आठ में जगह बनाने में नाकाम रहे। अनुभवी हरिकृष्णा 18 अंक के साथ नौवें जबकि विदित 17 अंक के साथ 11वें स्थान पर रहे। प्रज्ञानानंदा ने 13वें दौर में दुनिया के सबसे युवा ग्रैंडमास्टर अमेरिका के अभिमन्यु मिश्रा को 41 चाल में हराया था जबकि 14वें दौर में उन्होंने अमेरिका के ही सैम शेंकलैंड को ड्रॉ पर रोका। विदित के खिलाफ प्रज्ञानानंदा ने 35वीं चाल में विरोधी की गलती का फायदा उठाते हुए जीत दर्ज की। प्रज्ञानानंदा ने नीदरलैंड के ग्रैंडमास्टर जोर्डन वान फोरीस्ट और एरिक हेनसन को भी हराया। उन्होंने शुरूआती चरण में आठ जीत दर्ज की जबकि चार बाजी गंवाई। उ

## संक्षिप्त खबरें

### जापानी अखबार में छपा मोदी का लेख

टोक्यो। जापान के लोकप्रिय समाचार पत्र योमिउरी शिम्बुन ने भारत एवं जापान के बीते 70 वर्षों के रिश्तों और साझीदारी पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक लेख सोमवार को प्रकाशित किया है। जापानी भाषा में प्रकाशित इस लेख में प्रधानमंत्री मोदी ने दोनों देशों के बीच विगत सात दशक के जीवंत संबंधों पर अपने विचार व्यक्त किए हैं और दोनों देशों की साझीदारी को शांति, स्थिरता एवं समृद्धि के लिए महत्वपूर्ण बताया है। श्री मोदी ने ट्विटर पर इसकी जानकारी साझा करते हुए कहा कि इस लेख में भारत एवं जापान की विशेष मित्रता की यात्रा को रेखांकित किया है, जिसने गौरवशाली 70 वर्ष पूरे किए हैं।

### ईरान के पूर्व शीर्ष सैन्य अधिकारी कर्नल सैयद खोदाई की हत्या

तेहरान। ईरान के पूर्व शीर्ष सैन्य अधिकारी कर्नल सैयद खोदाई की सशस्त्र हमलावरों ने गोलीमार कर हत्या दी। यह वारदात राजधानी तेहरान में रविवार को हुई। कर्नल सैयद खोदाई घर के बाहर कार में सवार थे। तभी दो मोटरसाइकिलों पर आए सशस्त्र हमलावरों ने गोलीमार कर उनकी हत्या कर दी। अभी तक किसी भी समूह ने इसकी जिम्मेदारी नहीं ली है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले 2020 में प्रमुख परमाणु वैज्ञानिक की हत्या कर दी गई थी।

### यूक्रेन ने शांति समझौते में रूस को अपना क्षेत्र देने से किया इंकार

कीव। यूक्रेनी सरकार ने कहा है कि वह रूस के साथ किसी भी युद्धविराम समझौते पर सहमत नहीं होगी, जिसमें रूस को अपना क्षेत्र देना शामिल है। यूक्रेन के इस सख्त रुख के एक दिन पहले राष्ट्रपति वलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा था कि युद्ध को कूटनीति के माध्यम से ही सुलझाया जा सकता है। राष्ट्रपति के सलाहकार मायखायलो पोदोलीक ने कहा कि रूस को किसी भी तरह की छूट देने से युद्ध और भी बड़ा और खूनी होगा। उन्होंने कहा कि रूसी सेनाएं पूर्व में सेवेरोडनेट्स्क की रक्षा करने वाले यूक्रेनी बलों को घेरने का प्रयास कर रही है।

# बाइडेन ने किया हिंद प्रशांत व्यापार समझौते का ऐलान

## भारत मजबूत हिस्सा, चीन परेशान

टोक्यो, एजेंसी



अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने चीन के बढ़ते दबदबे पर अंकुश के लिए एशिया पर केंद्रित हिंद प्रशांत व्यापार समझौते का ऐलान किया है। भारत जहां इस समझौते में शामिल शुरूआती 13 देशों में एक है, वहीं चीन को इससे दूर रखा गया है। जापान में क्वाड्रिलेटरल सेक्योरिटी डॉयलाग (क्वॉड) की बैठक में भाग लेने गए बाइडेन ने कहा कि भारत सहित 13 देश इसका हिस्सा होंगे। इस समझौते का हिस्सा बने देशों में अमेरिका, भारत, जापान, ऑस्ट्रेलिया, ब्रुनेई, इंडोनेशिया, दक्षिण कोरिया, मलेशिया, न्यूजीलैंड, फिलीपींस, सिंगापुर, थाइलैंड और वियतनाम शामिल हैं। बाइडेन ने कहा कि यह समझौता क्षेत्र में हमारे करीबी दोस्तों और भागीदारों के साथ काम करने और आर्थिक प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित करने के लिए सबसे महत्वपूर्ण चुनौतियों के साथ काम करने की प्रतिबद्धता साबित होगा। व्हाइट हाउस का मानना है कि नया हिंद-प्रशांत व्यापार समझौता आपूर्ति शृंखला, डिजिटल व्यापार, स्वच्छ ऊर्जा, कर्मचारी सुरक्षा और भ्रष्टाचार निरोधी प्रयासों सहित विभिन्न मुद्दों पर अमेरिका और एशियाई अर्थव्यवस्थाओं की अधिक निकटता से काम करने में मदद करेगा। एशिया प्रशांत देशों के बीच मजबूत आर्थिक समझौते की बात पहले भी होती रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने पिछले वर्ष भी कहा था कि अमेरिका हिंद प्रशांत व्यापार समझौते के माध्यम से समग्र विकास की संभावनाओं को मजबूत समझता है। इस पहल के जरिए अमेरिका स्वच्छ ऊर्जा, आधारभूत ढांचागत विकास जैसे साझा हित के मुद्दों पर एशिया के देशों के साथ समझौता करेगा।

# रूस ने यूक्रेन के डोनबास शहर में तेज किये हमले

कीव, एजेंसी

रूस ने रविवार को पूर्वी यूक्रेन में हमले तेज कर दिये। रूसी बलों ने एक तटीय इस्पात संयंत्र पर पूर्ण नियंत्रण हासिल करने की घोषणा के बाद डोनबास क्षेत्र में अपना विस्तार करने के लिए तोप और मिसाइल हमले शुरू किए हैं।

रूस ने हाल के दिनों में डोनबास में धीमी प्रगति की है। उसने लुहान्स्क प्रांत में यूक्रेनी नियंत्रण के तहत आने वाले मुख्य शहर सिविएरोदोनेत्स्क पर कब्जा करने के प्रयासों को तेज कर दिया है, जो डोनबास क्षेत्र में आता है। यूक्रेन की सेना ने रविवार को कहा कि रूसी सेना ने सिविएरोदोनेत्स्क के बाहर एक गांव ओलेक्सांड्रिवका पर हमला किया, जो असफल रहा। सिविएरोदोनेत्स्क में भारी गोलाबारी जारी है जबकि लुहान्स्क के गवर्नर सेरही हैडाई ने कहा कि रूसी सैनिक जानबूझकर शहर को बर्बाद करने की कोशिश कर रहे हैं।

इस बीच पोलैंड के राष्ट्रपति कीव पहुंचे और यूरोपीय यूनियन में शामिल होने की यूक्रेन की इच्छा का समर्थन किया। साथ ही वह युद्ध शुरू होने के बाद यूक्रेन की संसद को संबोधित करने वाले पहले विदेशी नेता भी बन गए। यूक्रेन के सांसदों ने खड़े होकर तालियों के साथ राष्ट्रपति एंड्रजेज डूडा का स्वागत किया। डूडा ने कहा कि युद्ध खत्म करने के लिये यूक्रेन को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन द्वारा रखी गई शर्तों को मानने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा, दुर्भाग्य से, यूरोप में भी हाल में आवाजें उठी हैं कि यूक्रेन को पुतिन की शर्तें मान लेनी चाहिये। मैं स्पष्ट रूप से कहना चाहता हूं कि यूक्रेन को ही उसका भविष्य तय करने देना चाहिये। यूक्रेन के पास ही अपने लिये फैसला करने का अधिकार है।

मिलेगा सभी का साथ..... तो होगा वार्ड का चौमुखी विकास
नगर परिषद सोहना वार्ड न. 10
से पार्षद पद की शिक्षित, ईमानदार
कर्मठ, संघर्षशील,
व योग्य उम्मीदार
नोबत सैनी
9802585903
ललीता सैनी
धर्मपत्नी श्री नोबत सैनी

# विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भारत की 10 लाख आशा कार्यकर्ताओं को किया सम्मानित

जिनेवा, एजेंसी

भारत के ग्रामीण क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने और कोरोना काल में महामारी पर लगाम लगाने के अथक प्रयासों के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने रविवार को भारत की 10 लाख महिला आशा कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया। ये आशा कार्यकर्ता भारत सरकार से मान्यता प्राप्त हैं और ग्रामीण भारत में स्वास्थ्य सेवा पहुंचाने की प्रथम इकाई हैं।

इनमें से अधिकांश ने भारत में महामारी के चरम पर होने के दौरान घर-घर जाकर कोरोना पीड़ितों का पता लगाया। डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक डॉ टेड्रोस अधनोम घेब्रेयेसिस ने वैश्विक स्वास्थ्य सेवाओं में उल्लेखनीय योगदान, क्षेत्रीय स्वास्थ्य मुद्दों के लिए प्रतिबद्धता और शानदार नेतृत्व करने के लिए रविवार को छह पुरस्कारों की घोषणा की। डॉ. टेड्रोस ने ग्लोबल हेल्थ लीडर्स अवाड्र्स के लिए पुरस्कार विजेताओं का फैसला किया। आशा कार्यकर्ताओं के सम्मान समारोह में उन्होंने कहा कि आशा का हिंदी अर्थ उम्मीद है। भारत की इन दस लाख से अधिक महिला स्वयंसेवकों ने समुदाय को स्वास्थ्य प्रणाली से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसलिए ये सम्मान की वाकई हकदार हैं।

कोरोना महामारी के दौरान इनका कार्य सराहनीय रहा है। इन आशा कार्यकर्ताओं ने बच्चों में होने वाली बीमारियों को रोकने के लिए टीकाकरण एवं मातृ देखभाल में भी काम किया है। यही नहीं, सामुदायिक स्वास्थ्य देखभाल, तपेदिक के उपचार, पोषण और स्वच्छता के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

खासकर ऐसे समय में जब दुनिया असमानता, संघर्ष, खाद्य असुरक्षा और कोरोना के संकट का सामना कर रही है।

उन्होंने कहा कि इन पुरस्कार विजेताओं में आजीवन समर्पण और मानवता की निस्वार्थ सेवा शामिल है। अन्य उल्लेखनीय सम्मान पाने वालों में अफगानिस्तान के पोलियो टीकाकरण कर्मियों की टीम थी, जिन्हें इस साल फरवरी में देश के तखर और कुंदुज प्रांतों में सशस्त्र बंदूकधारियों ने मार डाला था। इन कार्यकर्ताओं में मोहम्मद जुबैर खलजई, नजीबुल्लाह कोशा, शादाब योसुफी, शरीफुल्लाह हेमती, हसीबा ओमारी, खदीजा अत्ताई, मुनीरा हकीमी, रोबिना योसुफी और उनके भाई शादाब शामिल हैं। इनमें से चार कार्यकर्ता जो महिलाएं थीं, उत्तर-पूर्वी अफगानिस्तान में घर-घर अभियानों के माध्यम से हजारों बच्चों तक पहुंच रही थीं। अफगानिस्तान और पाकिस्तान दुनिया के दो ऐसे देश हैं, जहां पोलियो के मामले सबसे ज्यादा पाए जाते हैं।

" Nritya Shala "
Honoured and privileged to have featured as the first Classical Dance artiste in an amazing series #nrityashala Odissi Dance Classes by
Ms.Vani Madhav
only on @ddbharati1 @prasarbharati
will be telecasted on
02 May 2022 at 1.30PM , Repeat telecast at 09.30 PM. & 1.30 A.M every day from Monday to Friday.



भगवान विष्णु के छठवें अवतार
भगवान परशुराम जी
के जन्मोत्सव की
हार्दिक शुभकामनाएं
सुरेन्द्र शर्मा बबली
राष्ट्रीय अध्यक्ष
अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा

सारथी हॉस्पिटल
SAARTHI HOSPITAL
हसनपुर चौक NH-19 नजदीक प्रभु डेयरी होडल 121106
एमेरजेन्सी, ओ.टी., आई.सी.यू., जनरल वार्ड, सेमी प्राईवेट वार्ड,
प्राईवेट वार्ड, खून की जाँच, ऐक्स-रे, अल्ट्रासाउंड, जच्चा-बच्चा केन्द्र, मैडिकल स्टोर
टी.वी., दमा, साँस, एलर्जी
इन बिमारियों का विशेष ईलाज किया जाता है।
सुविधाएं
बच्चेदानी का निकलना
बच्चे बन्द का ऑपरेशन
आँचल की गाँठों और कैंसर का ऑपरेशन
पित्त की थैली व गद्दू की गाँठ को दुरबीन द्वारा निकालना
बच्चे के हाने का ऑपरेशन
हर्निया
पेशाब की नली में पथरी का दुरबीन द्वारा ऑपरेशन
पी.सी.एन.एल. द्वारा गुर्दे की पथरी का ऑपरेशन
बांझपन संबंधी जाँच व ईलाज
बच्चों के लिए नर्सरी एण्ड फोटोथैरेपी की उत्तम सुविधा
For Any Query:- 01275-296888, +91-7078707818
HASSANPUR CHOWK NH48 NEAR PRABHU DAIRY HODAL 121106

Prop: Jassi Shokeen Mob.: 9811710008
Deepak Yadav Mob.: 98111200910
JASSI CAR WORLD
SALE & PURCHASE PRE OWNER CAR
Address: Plot No. : 181, Opp. Ardee City, Gate No.3, Sector-52 Gurugram-122003
email: jassicarworld0910@gmail.com

B.R.P. Sr. Sec. School
Fully English Medium Nursery to 12th
Admission Open
Session 2022- 23
Mukesh Tanwar (Chairman)
Pawan Tanwar (Director)
Contact : 9468 00 3362, 9728 70 0919
Bhulwana (Hodal) Near Dabchik Tourist Complex

Saraswati International School
Sec -74, B.P.Khatola Gurugram
Affiliated to C.B.S.E
( Aff. No. 530935)
Admission open for Nursery to XII Session 2022-23
Welcome back to School
Contact: 7065005743/0124-2971377
Web: www.saraswatiinternational.co.in
Email: saraswatiinternational12@gmail.com

LIC health insurance car insurance
LIC
भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA
Sumit Malhotra
Ph. 92158 52222
99966 39991
Shop Number 9 Deep Plaza Near District Court Gurgaon

SAPNA MOTORS
BUY | SALE | EXCHANGE PRE OWNED CARS
PURUSHOTAM SAINI
+91 9810545350
Purushotam5350@gmail.com
SECTOR 31, SHOP NO. 106-P HUDA MARKET, GURUGRAM (HR)

M. 9899415499
MEHRA DIESEL & SERVICES
AUTHORISED DEALER
Lucas TVS DRIVEN
HOLSET TURBOCHARGERS
Honeywell Garrett
H.Off. 36 Mile Stone, NH-8, Near Subway,Near IOL Petrol Pump, Opp. Naharpur, Delhi Jaipur Road, Gurgaon (Haryana) India
Mobile: 9399415499 | Email.: mehra.diesel99@gmail.com

M2M DIESEL SERVICE
Authorised Service Dealer DTVS-FIE
Delphi-TVS
LIS
KULDEEP MEHRA
PROPRIETOR
+91- 9899755499
m2m.dieselservice@gmail.com
Ground Floor, Near Sisothya Automobiles Tata Motors, NH-8, V-Khaliawas, Rewari, Haryana-123106

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।)
RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129